सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 15 सितम्बर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 67, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**पश्चिम एशिया तनाव से तय होगी सर्राफा बाजार की चाल**

सोने और चांदी की कीमतों में अगले सप्ताह उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। बाजार विशेषज्ञों ने यह राय जतायी है। } 10

**पीएम मोदी के जन्मदिन पर जलाएं आशीर्वाद का दीया**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने लोगों से अपील की है कि वे 17 सितंबर को पीएम मोदी के जन्मदिन पर अपने घरों में आशीर्वाद का दीया जलाएं और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करें। } 12



## संक्षेप

### राहुल सिंह बने विशेष सचिव पीडब्ल्यूडी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। शासन ने 14 आईएएस और 34 पीसीएस अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव किया है। सुमित राजेश महाजन को सहारनपुर के मुख्य विकास अधिकारी पद से हटाकर उत्तर प्रदेश स्टार्ट-अप मिशन का मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है। सुनील कुमार वर्मा, जो राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त थे, उन्हें सहारनपुर का मुख्य विकास अधिकारी नियुक्त किया गया है। राहुल सिंह, विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, को अब विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग बनाया गया है। लखीमपुर खीरी के मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार को विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स की जिम्मेदारी दी गई है। अयोध्या के अपर जिलाधिकारी योगानन्द पाण्डेय अब लखीमपुर खीरी के मुख्य विकास अधिकारी होंगे। राजस्व परिषद प्रयागराज के न्यायिक सदस्य साहब सिंह को सचिवालय प्रशासन विभाग का सचिव बनाया गया है। विन्ध्याचल मंडल के अपर आयुक्त विश्राम अब सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद प्रयागराज होंगे। रेशम विभाग के ...शेष पृष्ठ 10 पर

### ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से तीन महिलाओं की मौत

संभल। जिले में सोमवार को ग्रामीणों को लेकर जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पिछले पहिये का एक्सल टूटने से अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई, जिसके तीन महिलाओं की मौत हो गई और आठ अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर-ट्राली में करीब 19 लोग सवार थे और अंतिम संस्कार में शामिल होने मुरादाबाद के एक गांव जा रहे थे, तभी जिले के थाना हजरतनगर गढ़ी क्षेत्र के रहटोल में यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान असमोली थाना के पैंतिया माफी की ओमवती (60), ममता (50) एवं चंद्रवती (55) के तौर पर की गई है। हादसे में घायल हुए लोगों को जिला संयुक्त चिकित्सालय एवं निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# अधिवक्ताओं को हर साल पांच लाख तक कैशलेस उपचार

## करीब 700 करोड़ की लागत से 10 हजार से अधिक अधिवक्ताओं के लिए चैंबर समेत कई सुविधाओं का निर्माण

विशेष संवाददाता

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के अधिवक्ताओं के लिए पांच लाख रुपये सालाना कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा की है। इसका लाभ हाईकोर्ट और जिला अदालतों में सक्रिय रूप से

- अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि डेढ़ लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये की गई
- दिवंगत अधिवक्ता के परिजनों को आर्थिक सहायता की आयु सीमा 60 से बढ़ाकर 70 वर्ष की
- 400 राज्य विधि अधिकारियों को मिलेंगे टैबलेट, फीस में भी 50 फीसदी से अधिक की वृद्धि

प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं को मिलेगा। उन्होंने हाईकोर्ट में 10 हजार से अधिक अधिवक्ताओं के लिए बने चैंबर में फर्नीचर और उपकरण उपलब्ध कराने के लिए मुख्य न्यायमूर्ति के माध्यम से आने वाले प्रस्ताव पर सरकार की ओर से पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया। साथ ही 400 राज्य विधि अधिकारियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए टैबलेट देने की घोषणा की।



हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से 10 हजार से अधिक अधिवक्ताओं के लिए चैंबर, मल्टीलेवल पार्किंग, डाइनिंग हॉल, कॉमन रूम और लाइब्रेरी का निर्माण कराया गया है। अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि डेढ़ लाख से बढ़ाकर पांच लाख रुपये की गई है। अधिवक्ता के निधन पर परिजनों को मिलने वाली आर्थिक सहायता की आयु सीमा भी 60 से बढ़ाकर 70 वर्ष की गई है। इसके अलावा कौशांबी, लखनऊ, कासगंज और श्रावस्ती समेत करीब एक दर्जन जिलों में अधिवक्ता चैंबर के निर्माण के लिए अलग से धनराशि उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अधिवक्ता समाज देश के प्रबुद्ध वर्ग का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर संविधान निर्माण, लोकतंत्र के स्तंभों को मजबूत करने और राष्ट्र निर्माण तक अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। बार और बेंच न्याय रूपी रथ के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। दोनों के बीच आपसी सम्मान, शिष्टाचार, संवाद, समन्वय और सहयोग निरंतर बना रहना चाहिए। मुख्यमंत्री और मुख्य न्यायमूर्ति की बैठक में केवल न्यायपालिका से जुड़े विषयों पर ही चर्चा नहीं होती, बल्कि अधिवक्ताओं की समस्याएं भी रखी जाती हैं और उनके समाधान का रास्ता निकाला जाता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में न्यायिक आधारभूत ढांचे को बेहतर किया जा रहा है। जिन 10 जिलों में जिला अदालतें किराये के भवनों में संचालित हो रही थीं, वहां इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स के निर्माण का काम तेजी से आगे बढ़ा है। इनमें न्यायिक अधिकारियों के आवास के साथ अधिवक्ताओं के चैंबर, खेल सुविधाएं, इंडोर स्टेडियम और अधिवक्ताओं ...शेष पृष्ठ 10 पर

### अधिवक्ताओं ने लोकतंत्र को मजबूत करने में निभायी अहम भूमिका : मुख्य न्यायाधीश



इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली ने कहा कि बार एसोसिएशन हाईकोर्ट का अभिन्न अंग है। बार के अनेक अधिवक्ताओं ने लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अधिवक्ताओं को पार्किंग, भवन और अन्य सुविधाएं मिलना खुशी की बात है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष रूप से आभार जताया। उन्होंने कहा कि युवा अधिवक्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे बार और हाईकोर्ट को और आगे ले जाएं तथा लोगों की सेवा करें। न्यायपालिका और सरकार के बीच बेहतर समन्वय के लिए भी उन्होंने धन्यवाद दिया।

### संवैधानिक संस्था में सामान्य नागरिक का विश्वास ही लोकतंत्र की बड़ी ताकत : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संवैधानिक संस्था में सामान्य नागरिक का विश्वास ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। जो संस्था आमजन के विश्वास पर खरा उतरेगी, लोकतंत्र में उसे आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता और न ही कोई उसके महत्व को कम करके आंक सकता है। गुड गवर्नेंस पब्लिक ट्रस्ट पर निर्भर करता है। यदि जनता का विश्वास नहीं है तो हम सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते। इसे प्राप्त करने के लिए आवश्यक है कि अंतिम पायदान पर बैठा व्यक्ति भी संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास के साथ गौरव की अनुभूति कर सके। मुख्यमंत्री सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि लोक आयुक्त संगठन के 50वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लोक आयुक्त प्रशासन की स्मारिका व सूचना पुस्तिका का विमोचन किया। साथ ही 50 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी व लघु फिल्म भी देखी। सीएम ने कहा कि संस्था के गठन मात्र से ...शेष पृष्ठ 10 पर

## वाराणसी में जलभराव पर अधिशासी अभियंता सस्पेंड

विशेष संवाददाता

लखनऊ। योगी सरकार ने जनसमस्याओं के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त रुख अपनाया है। वाराणसी में जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के निर्माण खंड (वि./यां.) में तैनात अधिशासी अभियंता पवन कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 के नियम-7 के अंतर्गत अनुशासनिक जांच भी बैठाई गई है। नगर निकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुख्य अभियंता (क्रय), उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय), लखनऊ को इस प्रकरण में पदेन जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। सरकार ने इस कार्रवाई के जरिये स्पष्ट किया है कि जनसुविधाओं से जुड़े मामलों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी और जिम्मेदार अधिकारियों को जवाब देना होगा। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया कि चौकाघाट सीवेज पम्पिंग स्टेशन पर नदी के बैकफ्लो को रोकने के लिए आवश्यक गेट/बैरियर लगाने संबंधी आकलन और कार्ययोजना तैयार नहीं की गई। इसके अलावा ...शेष पृष्ठ 10 पर

- बारिश के दौरान जलभराव को लेकर मुख्यमंत्री सख्त


## हिन्दी सिर्फ भाषा नहीं देश की पहचान

### छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में अमित शाह ने किया संबोधित

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र में देश की सबसे समृद्ध बहुभाषी संस्कृति है, जहां लोग कई भाषाएं बोलते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी को प्रतिस्पर्धा के बजाय भारतीय भाषाओं के बीच संचार और जुड़ाव के माध्यम के रूप में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा हिन्दी सिर्फ भाषा नहीं बल्कि देश की पहचान है।

अमित शाह ने कहा कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का मतलब भारत की संस्कृति व इतिहास के बारे में जागरूकता पैदा करना है और देश की अलग-अलग भाषाओं का स्वर भले ही अलग हो लेकिन राष्ट्रीय भावना एक ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए सभी राजनीतिक मतभेदों को भुला देना चाहिए। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कोई बच्चा देश को अपनी मातृभाषा के जरिए ही बेहतर ढंग से समझ सकता है। शाह ने भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने के काम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस संकल्प से जोड़ा, जिसमें उन्होंने देश को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करने की बात कही थी। नवी मुंबई में हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित छठे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि बाल गंगाधर तिलक ने समझ लिया था कि सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के माध्यम से देश की संस्कृति और इतिहास के बारे में जागरूकता पैदा की जा सकती है। शाह ने कहा कि तिलक ने सार्वजनिक गणेश उत्सव और छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाने की शुरुआत की थी, और ये दोनों ही उत्सव धीरे-धीरे महाराष्ट्र से बाहर भी फैले तथा आजादी की लड़ाई के ...शेष पृष्ठ 10 पर



## खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 4.82 प्रतिशत

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्याज और अन्य खाद्य वस्तुओं के महंगा होने से अगस्त महीने में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 4.82 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह भारतीय रिजर्व बैंक के मध्यम अवधि के लक्ष्य (चार प्रतिशत) से ऊपर बनी हुई है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

इस बीच, थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति भी अगस्त में बढ़कर 9.92 प्रतिशत हो गई, जो जुलाई में 9.78 प्रतिशत थी। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई में 4.45 प्रतिशत थी। जनवरी से लागू 2024 आधार वर्ष वाली नई शृंखला के बाद से अगस्त की खुदरा मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा अबतक सबसे अधिक है।

अगले महीने की शुरुआत में जब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक होगी, तब नीतिगत ब्याज दरों पर फैसला करने में सीपीआई का यह बढ़ा हुआ स्तर एक प्रमुख कारक साबित होगा। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी अगस्त के सीपीआई आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति की दर क्रमशः 5.23 प्रतिशत और 4.31 प्रतिशत दर्ज की गई। अगस्त में खुदरा खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 5.95 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 5.52 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर जुलाई के 22.54 प्रतिशत की तुलना में अगस्त में उछलकर 48.27 प्रतिशत पर पहुंच गई। इस दौरान लहसुन और अदरक की कीमतों में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई। दूसरी ओर टमाटर, आलू, भिंडी और परवल की कीमतों में गिरावट देखी गई। राज्यों में सबसे अधिक खुदरा मुद्रास्फीति तेलंगाना में 6.27 प्रतिशत दर्ज की गई, जबकि सबसे कम मिजोरम में 2.35 प्रतिशत रही। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति के पांच प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया है, जिसके दूसरी तिमाही में 4.7 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.9 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.5 प्रतिशत रहने का अनुमान ...शेष पृष्ठ 10 पर


विशेष खबर

**विराज सागर दास ने आरएसएस के अवध प्रांत प्रचारक मुख्य अतिथि कौशल जी व विहिप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेन्द्र जी को किया सम्मानित**

# बीबीडी परिसर में गणेश महोत्सव की शानदार शुरुआत

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे चार दिवसीय श्री गणेश महोत्सव 2026 के प्रथम दिन सोमवार को गणेश महोत्सव का शुभारम्भ प्रातः श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापना से हुआ। इसअवसर पर बनारस के प्रख्यात पंडित राजीव नयन उपाध्याय ने विधि-विधान से पूजा-पाठ कराया। शाम के कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध एवं ख्याति प्राप्त साधो बैंड के गुरु धनंजय शाही और उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी। भजनों की शृंखला में नगरी अयोध्या सी.., राम आएंगे...मीठे रस से भरे..,बगड़ बम...आदि भजन शामिल रहे, जिन्हें सुनकर पंडाल में उपस्थित दर्शक झूम उठे। साधो बैंड के ओरिजिनल सांग सुमिरन राधे... की जोरदार प्रस्तुति से कार्यक्रम भक्तिमय हो गया। दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से पूजा पांडाल गूंज उठा। पांडाल की शोभा देखते ही बन रही थी। जैसे ही साधो बैंड की टीम ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत की, दर्शकों ने तालियों से उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत प्रचारक कौशल जी, उपस्थित रहे। बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन एवं बीबीडीयू की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता, प्रो चांसलर विराज सागर दास ने पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर उन्हें सम्मानित किया। इसके साथ ही विश्व हिन्दू ...शेष पृष्ठ 10 पर













फोटो: अमित वर्मा

## सीएम योगी को विराज सागर दास ने अपने नाना के जीवन पर आधारित पुस्तक की भेंट



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता और बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने सोमवार को शिष्टाचार भेंट की। विराज सागर दास ने कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्नेह और मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट के दौरान विराज सागर दास ने अपने नाना जी, राजस्थान के पूर्व राज्यपाल एवं राजस्थान उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति द्वारका प्रसाद गुप्ता के जीवन एवं योगदान पर प्रकाशित पुस्तक 'जस्टिस द्वारका प्रसाद गुप्ताः ए सेनटेनरी कमेमोरेटिव वाल्यूम' भेंट की। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए बढ़ते अवसरों, रोजगार सृजन ...शेष पृष्ठ 10 पर

- अलका दास गुप्ता के पिता के जीवन व योगदान को दर्शाती है 'जस्टिस द्वारका प्रसाद गुप्ताः ए सेनटेनरी कमेमोरेटिव वाल्यूम'

# वोकल फॉर लोकल को बनायें व्यवहार का हिस्सा : योगी

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी गणेश चतुर्थी व विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं


- सामाजिक एकता एवं राष्ट्र के प्रति संकल्प को सुदृढ़ करने वाला महापर्व है गणेश चतुर्थी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को योगी की पाती लिखकर प्रदेशवासियों को गणेश चतुर्थी और 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने गणेश चतुर्थी को सामाजिक एकता एवं राष्ट्र के प्रति संकल्प को सुदृढ़ करने वाला महापर्व बताया। मुख्यमंत्री ने वोकल फॉर लोकल पर जोर देते हुए प्रदेशवासियों से अपील की कि इसे सिर्फ विचार नहीं, बल्कि व्यवहार का हिस्सा बनाएं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को संबोधित पाती में लिखा कि प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश शुभत्व एवं मंगल के आराध्य हैं। प्रदेश में युवाओं द्वारा घरों में भगवान गणपति की स्थापना कर श्रद्धा के साथ उनका पूजन किया जाना देख हृदय प्रफुल्लित हो उठता है।

सामाजिक एकता एवं राष्ट्र के प्रति अपने संकल्प को सुदृढ़ करने वाले महापर्व गणेश चतुर्थी की सभी को कोटि-कोटि मंगलकामनाएं। सीएम ने लिखा कि भगवान गणेश का पर्यावरण और जीवों के साथ गहरा जुड़ाव, उनकी रूप-रचना तथा जीवन-दर्शन, प्रकृति के संरक्षण और संतुलन का संदेश देता है।





गज मुख जंगलों और वन्यजीवों का प्रतीक हैं, तो मूषक वाहन भूमि की उर्वरता और कृषि से जुड़ा है। विशाल उदर संपूर्ण ब्रह्मांड को समाहित करने का भाव व्यक्त करता है, जबकि उनके बड़े कान हमें प्रकृति की हर पुकार को सुनने का संदेश देते हैं। सीएम ने लिखा कि गणेश चतुर्थी पर पूजा जाने वाला 'एकविंशति पत्र' (21 प्रकार की विशेष पत्तियां) औषधीय पौधों के संरक्षण से जुड़ा है। इस प्रकार गणपति भगवान का चरित्र हमें मानव जीवन और प्रकृति के एक-दूसरे का पूरक होने का संदेश देता है।

इसी विराटता को लोकमान्य तिलक ने आस्था से एकता, एकता से जनशक्ति और जनशक्ति से राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा देने वाला महापर्व बना दिया। गणेशोत्सव के ज्ञान, विवेक और कर्म की भावना सृजन तथा निर्माण के स्वरूप भगवान विश्वकर्मा के पूजन में दिखाई देती है। 17 सितंबर को जब सृष्टि के प्रथम अभियंता भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया जाएगा, तब कौशल एवं तकनीक के संगम से नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहे विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण का संकल्प और पुष्ट होगा। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, औद्योगिक क्षेत्र और आधुनिक आधारभूत संरचनाएं नए उत्तर प्रदेश के बढ़ते सामर्थ्य का प्रमाण हैं।

किसी प्रदेश का वास्तविक निर्माण केवल बड़े ढांचों से नहीं, वहां के लोगों के हुनर, विचारों की शक्ति और उद्यमिता के साहस से होता है। इसी सोच के साथ हमारी सरकार विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद-एक उत्पाद, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान जैसी पहलों के माध्यम से पारंपरिक कारीगरों, शिल्पकारों, युवाओं और उद्यमियों को कौशल, उपकरण, वित्त और बाजार से जोड़ने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में प्रदेशवासियों से विशेष आग्रह किया कि 'वोकल फॉर लोकल' को केवल विचार नहीं, बल्कि व्यवहार का अंग बनाएं। स्थानीय उत्पादों का सम्मान बढ़ेगा तो कारीगरों के हाथों को काम, युवाओं को रोजगार के अवसर और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और हुनर तथा स्थानीय सामर्थ्य पर विश्वास से ही आत्मनिर्भर एवं विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।

# हर पीड़ित की समस्या का समाधान करा रही सरकार : सीएम

- हीलाहवाली बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर हो नियमसंगत कार्रवाई
- सीएम की बच्चों को सीख - मन लगाकर पढ़ो, अन्य रुचिकर गतिविधियों में भी हिस्सा लो



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि सरकार हर पीड़ित की उचित समस्या का समाधान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता और शीघ्रता से किया जाए। उन्होंने हर पात्र व्यक्ति को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने और जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठे हर पीड़ित के पास खुद चलकर गए। उनकी समस्याओं व शिकायतों को ध्यान से सुना। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि हर पीड़ित की समस्या का समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा।

सीएम योगी आदित्यनाथ के समक्ष कुछ पीड़ितों ने पुलिस से जुड़ी अलग-अलग शिकायतें बताईं। इस पर सीएम सख्त हो गए। उन्होंने कहा कि पुलिस आयुक्त, एडीजी, आईजी, डीआईजी, एसएसपी स्तर के अधिकारी ध्यान दें, किसी भी मामले में थाना, चौकी, बीट स्तर पर हीलाहवाली की शिकायत बर्दाश्त नहीं होगी। हर मामले में दोषियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। सीएम ने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में अभिभावकों के साथ आए नन्हे-मुन्नों का हालचाल जाना। उनकी पढ़ाई और उनकी रुचि के बारे में भी पूछा। सीएम ने बच्चों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ो और अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लो। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट देते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

# योगी सरकार में बच्चों को मिलेगा मेरे सपनों के भारत का मंच

- 17 से 26 सितंबर तक कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए होगी प्रतियोगिता
- 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिला स्तर पर प्रदर्शनी, श्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रमाणपत्र, ट्रॉफी/मेडल और पुरस्कार से किया जायेगा सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को देश की विकास यात्रा से जोड़ते हुए उन्हें अपने सपनों के भारत को चित्र, पोस्टर और भाषण के माध्यम से अभिव्यक्त करने का मंच देने जा रही है। 11 सितंबर को बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्रियों की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी ने संबंधित अधिकारियों को मेरे सपनों का भारत कार्यक्रम के प्रभावी आयोजन के निर्देश दिए हैं।



कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय स्तर से जिला स्तर तक प्रतियोगिताएं और प्रदर्शनी आयोजित होंगी।

इस पहल के माध्यम से बच्चों को रचनात्मक अभिव्यक्ति का अवसर देने के साथ उन्हें देश की विकास यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य की अपनी कल्पनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। योगी सरकार की यह पहल विद्यालयों को प्रतिभा, कल्पना और राष्ट्र के भविष्य पर संवाद के जीवंत मंच के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 17 से 26 सितंबर 2026 तक मेरे सपनों का भारत चित्र सेवा प्रतियोगिता आयोजित होगी।

विद्यार्थी पिछले 10 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में हुई उपलब्धियों को अपनी कल्पना और रचनात्मकता के रंगों के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। विद्यालय स्तर पर अभिभावकों को भी आयोजन में आमंत्रित किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय से श्रेष्ठ पांच विद्यार्थियों के चित्र एवं पोस्टर चयनित कर जिला स्तर की प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समन्वय करते हुए नोडल अधिकारी नामित करेंगे।

**जिला स्तर पर दिखेगी प्रतिभा :** जिला स्तर पर 26 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसमें विद्यार्थियों के साथ अभिभावकों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र, ट्रॉफी/मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए भी 17 से 26 सितंबर तक मेरे सपनों का भारत विषय पर भाषण प्रतियोगिता होगी। जिन विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 भी संचालित हैं, वहां चित्रकला एवं पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई जाएगी। सरकारी एवं निजी विद्यालयों में अधिकाधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

**विद्यालय से जिला स्तर तक आयोजन :** जिला स्तरीय कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 के श्रेष्ठ पांच चित्रकार विद्यार्थियों तथा कक्षा 9 से 12 के चयनित विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां शामिल होंगी। माध्यमिक स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक नोडल अधिकारी की भूमिका निभाएंगे और आयोजन के लिए समन्वय बैठकें कराई जाएंगी। प्रतियोगिताओं के लिए ड्राइंग शीट, रंग एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था अनुमन्य समग्र शिक्षा मदों से की जाएगी।

# प्रदेश में केयर इकोनॉमी से सृजित होंगे रोजगार के अवसर

- 12 विभाग मिलकर तैयार करेंगे रोड मैप
- समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण की अध्यक्षता में भागीदारी भवन में आयोजित हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में बच्चों, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और जरूरतमंदों की देखभाल को संगठित सेवाओं से जोड़कर रोजगार सृजन और महिला सशक्तीकरण का नया माध्यम बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की गई है। समाज कल्याण विभाग की नोडल भूमिका में सतत केयर इकोनॉमी का निर्माण - देखभाल कार्य को पहचान, महिलाओं को सशक्तीकरण और समावेशी आजीविका के अवसर विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय परामर्श कार्यशाला का आयोजन सोमवार को गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में हुआ।




कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से केयर इकोनॉमी उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन, बुजुर्गों व वंचितों की सुरक्षा के लिए एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम साबित होगी। कुशल देखभालकर्ताओं में निवेश करके और डिजिटल तकनीकों का लाभ उठाकर राज्य एक लचीला और समावेशी देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र बना सकता है। यह कार्यशाला व्यापक राज्य केयर अर्थव्यवस्था रोडमैप विकसित करने के लिए उत्प्रेरक का कार्य करेगी।

इस कार्यशाला में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, श्रम, कौशल विकास तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण सहित कुल 12 प्रमुख सरकारी विभागों ने हिस्सा लिया। इन चार मुख्य स्तंभों पर विचार-मंथन के तहत अनौपचारिक और घरेलू देखभाल कार्य को पहचान व आर्थिक मूल्य प्रदान करना, महिलाओं के लिए नए रोजगार और स्वरोजगार (उद्यमिता) के रास्ते खोलना, केयर वर्कफोर्स के लिए मानक प्रशिक्षण, प्रमाणन और टिकाऊ रोजगार सुनिश्चित करना और दीर्घकालिक सेवाओं के लिए पीपीपी मॉडल, बीमा योजनाओं और सीएसआर फंड का उपयोग किया जाना है।

कार्यक्रम में यूपी सिडको के चेयरमैन वाईपी सिंह, महिला एवं बाल विकास सचिव मनीषा त्रिघाटिया, अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम के उपाध्यक्ष विश्वनाथ, प्रमुख सचिव (समाज कल्याण) अनुराग यादव, समाज कल्याण निदेशक संजीव सिंह सहित वित्त, कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं दिव्यांग कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# असम में तकनीक व नवाचार से बदल रही मत्स्य पालन की तस्वीर

## असम में बायोफ्लॉक, एक्वापोनिक्स और सौर ऊर्जा आधारित तकनीकों का प्रदर्शन

- यूपी से पहुंचे पत्रकारों ने जाना आधुनिक मत्स्य पालन का मॉडल

सोनापुर से आशीष मौर्य (vol)

**गुवाहाटी/सोनापुर।** मछली पालन को पारंपरिक तरीके से आगे बढ़ाकर तकनीक, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ने की दिशा में असम में एक नई पहल आकार ले रही है। इस क्रम में सोनापुर के बागीबाड़ी स्थित भारत के पहले एक्वा टेक पार्क में कम पानी और सीमित संसाधनों में अधिक उत्पादन की संभावनाओं को तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है। पीआईबी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश से असम पहुंचे पत्रकारों ने एक्वा टेक पार्क का भ्रमण कर आधुनिक मत्स्य पालन की तकनीकों, प्रशिक्षण व्यवस्था और रोजगार की संभावनाओं की जानकारी ली।

एक्वा टेक पार्क को कालोंग-कोपिली ने नाबार्ड, आईसीएआर-



सीआईएफए, असम सरकार के मत्स्य विभाग और अन्य सहयोगी संस्थाओं के सहयोग से विकसित किया गया है। पार्क में बायोफ्लॉक, एक्वापोनिक्स, आधुनिक मत्स्य उत्पादन और सजावटी मछली पालन जैसी तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके साथ ही मत्स्य पालन को भारत सरकार की सौर ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा तकनीकों से जोड़ने पर भी जोर दिया जा रहा है।

**कम पानी में अधिक उत्पादन की तकनीक :** एक्वा टेक पार्क में बायोफ्लॉक तकनीक के जरिए सीमित पानी में अपेक्षाकृत अधिक मछली उत्पादन की संभावनाओं को प्रदर्शित किया गया है। इस तकनीक में पानी का बेहतर प्रबंधन और पुनः उपयोग कर मछली पालन की क्षमता बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। वहीं एक्वापोनिक्स में मछली पालन को पौधों की खेती के साथ भी जोड़ा गया है। इससे एक ही प्रणाली में मछली और पौधों के उत्पादन की संभावनाएं विकसित होती हैं। पार्क में किसानों को इन तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण और प्रदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

**प्रशिक्षण से उद्यमिता तक बढ़ रहा दायरा :** कालोंग-कोपिली के प्रोजेक्ट डायरेक्टर ज्योतिष तालुकदार ने प्रेजेंटेशन के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि संस्था वर्ष 2007 से असम और पूर्वोत्तर क्षेत्र में आधुनिक एवं जलवायु-अनुकूल मत्स्य पालन, प्राकृतिक खेती, सामुदायिक विकास और जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रही है। उन्होंने बताया कि संस्था के प्रयासों से अभी तक लगभग 60 हजार से अधिक किसानों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि एक लाख से अधिक युवाओं और महिलाओं को सशक्तीकरण एवं आजीविका के अवसरों से जोड़ा गया है। संस्था का कार्य असम के अलावा अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, त्रिपुरा, मेघालय, बिहार और ओडिशा तक पहुंच चुका है। तालुकदार ने बताया कि एक्वा टेक पार्क को प्रशिक्षण, तकनीक, प्रदर्शन, अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता का एकीकृत केंद्र बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसका उद्देश्य किसानों और युवाओं को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उन्हें मत्स्य पालन को व्यवसाय और स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए तैयार करना है।

**स्थानीय जरूरत के हिसाब से तकनीक अपनाने पर जोर :** फिशरी विशेषज्ञ अश्लेषा श्रबोर्नि ने बताया कि किसानों को उनके क्षेत्र की परिस्थितियों, उपलब्ध पानी और संसाधनों के आधार पर उपयुक्त तकनीक अपनाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। किसानों को उसे वास्तविक परिस्थितियों में लागू करने के लिए सक्षम बनाया जाता है।

**एक्वाकल्चर फील्ड स्कूल से बना एक्वा टेक पार्क :** कालोंग-कोपिली का एक्वाकल्चर फील्ड स्कूल (एएफएस) 10 जुलाई 2021 को आईसीएआर-सीआईएफए और भारत सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त पहल के रूप में सामने आया था। इसे बाद में एक्वा टेक पार्क (एटीपी) के रूप में विकसित किया गया। पार्क का उद्घाटन 12 जुलाई 2025 को असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने किया था।

**18 साल के अनुभव से तैयार हो रहा मॉडल :** एक्वा टेक पार्क की उपलब्धियों में 18 वर्ष से अधिक का अनुभव, 60,000 से अधिक किसानों का प्रशिक्षण, एक लाख से अधिक युवाओं और महिलाओं का सशक्तीकरण, 3,050 से अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों को कवर करना, 420 से अधिक सीआरपी विकसित करना और 350 से अधिक एक्वा उद्यमियों को तैयार करना शामिल है। इसके अलावा चार एफपीओ के गठन की जानकारी भी दी गई।

# यूपी में बिजली संकट गहराया कई बिजती इकाइयां बंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली की बढ़ती मांग के बीच कई बड़ी उत्पादन इकाइयों के बंद होने से बिजली संकट गहराता जा रहा है। यूपीएसएलडीसी की 14 सितंबर की रिपोर्ट के अनुसार शॉर्ट और लॉन्ग पीरियड आउटेज को मिलाकर प्रदेश में करीब 5,340 मेगावाट उत्पादन क्षमता इस समय उपलब्ध नहीं है। वहीं प्रदेश में बिजली की कमी करीब 2,000 से 3,000 मेगावाट तक बनी हुई है।

लंबे समय से बंद प्रमुख इकाइयों में ओबरा-सी की यूनिट-1 और यूनिट-2 (660-660 मेगावाट), मेजा यूनिट-1 (660 मेगावाट) तथा हार्दुआगंज यूनिट-9 (250 मेगावाट) शामिल हैं। इसके अलावा सितंबर में रोजा यूनिट-2 (300 मेगावाट), अनपरा यूनिट-7 (500 मेगावाट), घाटमपुर यूनिट-1 (660 मेगावाट), हार्दुआगंज एक्सटेंशन-यूनिट-1 (660 मेगावाट) और जवाहरपुर यूनिट-2 (660 मेगावाट) भी आउटेज में दर्ज की गई हैं।

घाटमपुर यूनिट-2 (660 मेगावाट) 13 सितंबर की रात बंद हुई थी, लेकिन रिकॉर्ड के मुताबिक इसका वास्तविक पुनरुद्धार 14 सितंबर को सुबह 04:02 बजे हो गया। यूनिट के दोबारा उपलब्ध होने से प्रदेश को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मौजूदा स्थिति में कोयले के संकट से ज्यादा मिसमैनेजमेंट दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि सितंबर 2025 में प्रदेश ने 30,255 मेगावाट की अधिकतम मांग पूरी की थी, जबकि इस सितंबर में उपलब्ध आपूर्ति करीब 25,000-26,000 मेगावाट है और मांग 27,000-29,000 मेगावाट के बीच बनी हुई है।

वर्मा ने कहा कि मानसून के दौरान गीला कोयला होना सामान्य है। इसके बावजूद पर्याप्त कोयला स्टॉक और उत्पादन की अग्रिम व्यवस्था नहीं होना प्रबंधन की कमी दशार्ता है।

# हिंदी को जन-जन की भाषा बनाने के साथ लोकभाषाओं की विरासत बचाना भी जरूरी : सीएम धामी

- साहित्यिक व रचनात्मक लेखन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 126 छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान

प्रमुख संवाददाता (vol)

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भाषा किसी प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का सबसे जीवंत दस्तावेज होती है। उत्तराखण्ड की लोकभाषाओं और बोलियों में यहां की लोककथाएं, परंपराएं, रीति-रिवाज और जीवन पद्धति पीढ़ियों से संरक्षित हैं इसलिए इन भाषाओं का संरक्षण केवल भाषाई दायित्व नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों को सुरक्षित रखने का प्रयास है। राज्य सरकार हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ प्रदेश की लोकभाषाओं और साहित्य के संरक्षण को भी प्राथमिकता दे रही है।

हिंदी दिवस समारोह में साहित्यकारों, लेखकों, भाषाविदों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की भाषाई विविधता उसकी सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है। हिंदी ने विभिन्न भाषाई समुदायों के बीच संवाद स्थापित कर राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा हिंदी को देवनागरी लिपि में संघ की राजभाषा स्वीकार किए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन देश की भाषाई यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड का साहित्यिक योगदान देशभर में विशिष्ट स्थान रखता है। सुमित्रानंदन पंत ने अपनी रचनाओं में हिमालय और प्रकृति के सौंदर्य को व्यापक साहित्यिक अभिव्यक्ति दी। शिवानी ने पहाड़ के सामाजिक जीवन और स्त्री संवेदनाओं को प्रभावी ढंग से सामने रखा, जबकि चंद्रकुंवर बर्त्वाल की रचनाओं में हिमालयी प्रकृति और मानवीय संवेदनाओं की गहरी छाप दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि समकालीन रचनाकार भी इस परंपरा को नई पीढ़ी और आधुनिक माध्यमों से जोड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए साहित्यकारों के सम्मान के साथ उन्हें आर्थिक सहयोग देने की व्यवस्था की गई है। दीर्घकालीन साहित्य सेवी सम्मान के तहत लंबे समय तक साहित्य साधना करने वाले रचनाकारों को पांच लाख रुपये की सम्मान राशि दी जा रही है। उत्तराखण्ड साहित्य गौरव सम्मान में हिंदी के साथ गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी, पंजाबी और उर्दू सहित विभिन्न भाषाओं के साहित्यकारों को सम्मानित किया जा रहा है। वहीं साहित्य भूषण पुरस्कार के अंतर्गत उत्कृष्ट साहित्यकारों को 5.51 लाख रुपये की सम्मान राशि प्रदान की जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक के विस्तार के इस दौर में भाषाओं और साहित्य को डिजिटल मंचों तक ले जाना आवश्यक है। स्थानीय भाषाओं की साहित्यिक सामग्री को डिजिटल माध्यमों से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुस्तकों और पठन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए बुके नहीं, बुक देंगे जैसी पहल को आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि साहित्य और भाषा के प्रति विद्यार्थियों में रुचि पैदा करना भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण निवेश है। इसी उद्देश्य से आयोजित साहित्यिक एवं रचनात्मक लेखन प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 126 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक सविता कपूर, उमेश शर्मा काऊ, प्रो. जगत सिंह बिष्ट, सचिव भाषा विभाग उमेश नारायण पांडे, निदेशक भाषा मायावती ढकरियाल सहित साहित्य, भाषा और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# यूपी में हाईटेक हुआ जमीन का सीमांकन, 504 रोवर से बढ़ी पैमाइश की रफ्तार

- जंजीर-फीते से डिजिटल रोवर तक, बदली जमीन की पैमाइश
- 504 रोवर से जमीन की पैमाइश से आयेगी सटीकता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में जमीन की पैमाइश और सीमांकन की प्रक्रिया अब तकनीक की नई रफ्तार पकड़ रही है। योगी सरकार राजस्व विभाग के कामकाज को आधुनिक बनाने के लिए जीएनएसएस रोवर तकनीक को बड़े स्तर पर जमीन पर उतार रही है। प्रदेश में उपलब्ध 504 जीएनएसएस रोवर में से 350 रोवर तहसीलों तक पहुंचाए जा चुके हैं और इनसे काम भी शुरू हो गया है। वहीं 143 रोवर 10 यूएलबी की नक्शा परियोजनाओं में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। हरदोई के केटीएस (चकबंदी प्रशिक्षण केंद्र) में दो रोवर लगाए गए हैं, जबकि लेखपाल प्रशिक्षण संस्थानों के लिए खरीदे गए 9 रोवर से सभी प्रशिक्षण पूरे हो चुके हैं। यह बदलाव जमीन की पैमाइश को पारंपरिक तरीकों से निकालकर अधिक तेज, सटीक और डिजिटल व्यवस्था की ओर ले जा रहा है।

राजस्व परिषद आयुक्त एवं सचिव कंचन वर्मा ने बताया कि जीएनएसएस रोवर की तैनाती केवल तहसीलों तक सीमित नहीं है। 350 रोवर सीधे तहसीलों में पहुंचने के बाद फील्ड सर्वेक्षण में इस्तेमाल हो रहे हैं। इसके साथ 143 रोवर 10 यूएलबी (शहरी स्थानीय निकाय) की नक्शा परियोजनाओं के लिए लगाए गए हैं। हरदोई के केटीएस को भी दो रोवर उपलब्ध कराए गए हैं। दूसरी ओर, लेखपाल प्रशिक्षण संस्थानों के लिए खरीदे गए 9 रोवर का इस्तेमाल प्रशिक्षण में किया गया और सभी प्रशिक्षण पूरे हो चुके हैं। यानी राजस्व विभाग में तकनीक के इस्तेमाल के साथ कर्मचारियों को इसके संचालन के लिए तैयार करने पर भी जोर दिया गया है।

कंचन वर्मा ने कहा कि भूमि की सीमाओं और पैमाइश से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए धारा-24 का विशेष महाअभियान 1 जुलाई से 15 अगस्त तक चलाया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1 जुलाई को सहारनपुर से इस अभियान की शुरूआत की थी। अभियान को प्रभावी और एक समान तरीके से संचालित करने के लिए राजस्व विभाग ने एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) भी जारी की। अब इसी व्यवस्था को आधुनिक सर्वे तकनीक का सहारा मिलने से जमीन से जुड़े कामों में तकनीकी क्षमता बढ़ी है।

जीएनएसएस रोवर आधुनिक सर्वेक्षण उपकरण है, जो विभिन्न उपग्रह प्रणालियों से मिलने वाले सिग्नल के आधार पर जमीन पर किसी बिंदु की सटीक स्थिति निर्धारित करता है। उत्तर प्रदेश के नेटवर्क से जुड़ने पर यह लगभग 1 से 5 सेंटीमीटर तक सटीक जानकारी दे सकता है। सर्वेक्षक खेत या भूमि की सीमा के प्रमुख बिंदुओं के डिजिटल निर्देशांक (कोऑर्डिनेट्स) दर्ज करते हैं। इसके बाद सॉफ्टवेयर की मदद से दूरी और क्षेत्रफल की गणना की जाती है व डिजिटल नक्शा तैयार किया जाता है। जमीन की पैमाइश के पारंपरिक तरीकों में जंजीर और फीते के इस्तेमाल की तुलना में रोवर तकनीक सर्वेक्षण को अधिक वैज्ञानिक और डिजिटल बना रही है। फील्ड में जुटाए गए डिजिटल निर्देशांकों को जीआईएस और भूमि रिकॉर्ड प्रणालियों से जोड़ा जा सकता है। इससे तैयार डेटा को सुरक्षित रखना, उसकी गुणवत्ता जांचना और जरूरत के समय उसका इस्तेमाल करना आसान बन रहा है। रोवर के जरिए भूमि की सीमा के प्रमुख बिंदु डिजिटल रूप में दर्ज किए जाते हैं। इससे दूरी और क्षेत्रफल की गणना में मानवीय हस्तक्षेप कम हो रहा है और गलतियों की संभावना घट रही है।

बड़े क्षेत्र में सर्वेक्षण कम समय में पूरा किया जा रहा है और अपेक्षाकृत कम जनशक्ति की जरूरत पड़ रही है। बड़े भूमि सर्वेक्षण और नक्शा परियोजनाओं में इससे समय और लागत बचाने में भी मदद मिलने लगी है। कृषि भूमि की पैमाइश में फसल को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। जीएनएसएस रोवर के इस्तेमाल से पारंपरिक तरीके से खेत में बार-बार आवाजाही और लंबी प्रक्रिया की जरूरत कम की जा रही है। सीमा के जरूरी बिंदुओं के डिजिटल निर्देशांक लेकर सर्वेक्षण किया जा रहा है। इससे फसलों को नुकसान पहुंचाए बिना पैमाइश करने की सुविधा मिल रही है।

संक्षेप

## आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगी विधायक मोना

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज मंगलवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगी। विधायक आराधना मिश्रा मोना पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे नगौती में कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगी। इसके बाद वह दिन में एक बजे रांकी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल होंगी। दिन में साढ़े तीन बजे विधायक आराधना मिश्रा मोना बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शनपूजन करेंगी। इसके बाद वह लालगंज के उमापुर वार्ड तथा सोहगपुर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

## मारपीट व धमकी को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने पीड़िता के साथ मारपीट को लेकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे पाण्डेय राजापुर निवासी पवन कुमार गौड़ की पत्नी रीता देवी ने दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती ग्यारह सितम्बर को सुबह साढ़े ग्यारह बजे रंजिशन पड़ोसी जय प्रकाश सुत छन्नू द्वारा उसके साथ गाली गलौज की गयी। मना करने पर आरोपी ने पीड़िता को लाठी डंडों से हमलाकर चोटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी ने जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर आरोपी जय प्रकाश के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है।

## लाखों की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। नौकरी के नाम पर झांसा देकर आरोपियों द्वारा पीड़ित के साथ आनलाइन ठगी को लेकर लालगंज पुलिस ने केस दर्ज किया है। कोतवाली के शीतलमऊ निवासी अनुराग सिंह पुत्र अशोक सिंह ने दी गयी तहरीर में कहा है कि उसके द्वारा एक आनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से नौकरी के लिए किया गया था। इसे लेकर अज्ञात आरोपियों द्वारा पिछले ग्यारह अगस्त से उसे झांसा देकर कई बार आनलाइन ठगी की गयी। पीड़ित ने बैंक खाते से साइबर ठगों को दो लाख सतहत्तर हजार चार सौ रुपए आनलाइन भुगतान कर दिया। शिकायत के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ साइबर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

## चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज का मुकदमा

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने पीड़िता की पुत्री के साथ मारपीट को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट तथा गाली गलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के मिश्रौल पिचुरा निवासी त्रिभुवननाथ वर्मा की पत्नी शकुन्तला ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती तेरह सितम्बर को सुबह सात बजे विपक्षियों ने रंजिशन उसकी पुत्री प्रतिभा को रास्ते में रोककर मारना पीटना शुरू कर दिया। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी गांव के ही सुमित्रा पत्नी महेश, माधुरी पत्नी गंगा प्रसाद वर्मा व मुकेश वर्मा पुत्र गंगाप्रसाद तथा खुशी पुत्री गंगाप्रसाद उसकी मां भी बीच बचाव को पहुंची तब आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उसे भी मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी माधुरी समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## पांच देशी बम के साथ आरोपी धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को पांच देशी बम के साथ हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा रामनरेश यादव तथा दरोगा ज्ञानचन्द्र तिवारी रविवार की रात गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के उधरनपुर पुलिया के समीप एक संदिग्ध पुलिस के हत्थे चढ़ गया। तलाशी लेने पर उसके पास से पुलिस ने पांच देशी बम बरामद होने का दावा किया है। पुलिस द्वारा हिरासत में लिये गये आरोपी मटियारी डगरारा निवासी जितेन्द्र यादव उर्फ जीतू पुत्र रामचन्द्र यादव के खिलाफ लालगंज समेत रायबरेली जिले के कई थानों में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में दर्जन भर से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे सोमवार को जेल भेज दिया।

# विभूतिनाथ धाम में उमड़े श्रद्धालु

### दद्दन मिश्रा वा आला अधिकारियों ने किया प्रथम जलाभिषेक



जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** कजरी तीज के पावन अवसर पर सोमवार को गुप्त काशी के नाम से प्रसिद्ध पांडवकालीन विभूतिनाथ शिव धाम में श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर में दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे शिवभक्तों की भारी भीड़ जुटने लगी। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख, शांति और मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की।

पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विभूतिनाथ धाम पहुंचकर भगवान शिव का विधिवत पूजन-अर्चन किया। उन्होंने प्रथम जलाभिषेक कर जल, पुष्प, बेलपत्र तथा अन्य पूजन सामग्री अर्पित की और जनकल्याण के साथ क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। उनके मंदिर पहुंचते ही श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने आत्मीय स्वागत किया।

प्रथम जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंज उठा। चारों ओर भक्ति और श्रद्धा का वातावरण दिखाई दिया। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा श्रद्धालु कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। मंदिर परिसर में दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का लगातार आना जारी रहा।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी, मुख्य विकास अधिकारी, निवर्तमान जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी तथा उपजिलाधिकारी भिनगा सहित अन्य अधिकारी और दद्दन मिश्रा के प्रियजन मौजूद रहे। सभी ने भगवान शिव का दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

विभूतिनाथ शिव मंदिर को पांडवकालीन मान्यता से जुड़ा महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल माना जाता है। गुप्त काशी के नाम से प्रसिद्ध यह धाम क्षेत्र ही नहीं, आसपास के जिलों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। कजरी तीज के अवसर पर यहां जलाभिषेक का विशेष महत्व माना जाता है। पर्व को लेकर प्रशासन और पुलिस की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा तथा भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रवेश और निकास मार्गों पर निगरानी रखी गई। पुलिसकर्मी स्थानों पर तैनात रहे तथा मंदिर के आसपास यातायात व्यवस्था संभाली गई। धाम में उल्लास बना रहा। शिवभक्तों ने भगवान आशुतोष का पूजन कर समाज के मंगल की सामूहिक कामना की।

# प्रतिबंधित वन क्षेत्र में पकड़ा गया शिकारी

### गन व 33 मेटल पैलेट बरामद



भिनगा श्रावस्ती। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा और वन विभाग की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित वन क्षेत्र में अवैध शिकार करने पहुंचे एक व्यक्ति को गन और 33 मेटल पेलेट के साथ पकड़ लिया। 13 सितंबर को आसूचना शाखा से मिली सूचना के आधार पर समवाय गुज्जरगौरी और वन विभाग, पश्चिमी रेंज सोहेलवा की टीम ने कार्रवाई की। गजरी नाला वन क्षेत्र में शाम करीब 5:10 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। उसके पास से एक गन और 33 मेटल पेलेट बरामद हुए। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान जलील खान के रूप में हुई। पूछताछ में उसने वन क्षेत्र से पक्षियों का शिकार कर मदारगढ़ ले जाने की बात बताई। कार्रवाई में सशस्त्र सीमा बल की ओर से निरीक्षक रहेश सिंह राणा, उपनिरीक्षक हरेन्द्र सिंह, आरक्षी रमेश यादव, अतुल प्रताप सिंह और संदीप कुमार तथा वन विभाग की ओर से उपनिरीक्षक अभिनाश कुमार और मुन्ना लाल शर्मा शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति को बरामद गन और मेटल पेलेट सहित आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिए वन विभाग, पश्चिमी रेंज सोहेलवा के सुपुर्द कर दिया गया। सशस्त्र सीमा बल द्वारा वन और वन्यजीवों की सुरक्षा तथा अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए वन विभाग के साथ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## श्रीरामकथा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, हुआ जयघोष



प्रतापगढ़। कैथौला बाजार में नौ दिवसीय सामूहिक श्रीरामकथा को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में भगवान श्रीराम के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने सिर पर कलश धारण कर रखा था। गणेश पूजा पाण्डाल से निकाली कलश यात्रा कथा व्यास डा. अम्बिकेश त्रिपाठी के संयोजन में निकली कलश यात्रा बाजार से हरिशंकरिन धाम होते हुए विभिन्न मार्गों से वापस कथा स्थली पहुंची। कलश यात्रा में यज्ञाचार्य सदानंद महाराज, पवन तिवारी महराज, संगीताचार्य गुड्डू शुक्ला, शिवपूजन जायसवाल, शैलेन्द्र सिंह, पिंटू सिंह, सतीश त्रिपाठी, निक्के सिंह, दल बहादुर सिंह, संदीप नापित, वासुदेव जायसवाल आदि रहे। आयोजन को लेकर आज मंगलवार से मानस रत्न डा. अम्बिकेश त्रिपाठी गणेश पाण्डाल में सायं सात बजे से श्रद्धालुओं को कथा सुनायेंगे।

## मिशन शक्ति के तहत 11 दंपतियों में सुलह



सिद्धार्थनगर, ।मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिला थाना सिद्धार्थनगर के मिशन शक्ति केंद्र ने पारिवारिक विवादों के निस्तारण की दिशा में प्रभावी पहल करते हुए 11 दंपतियों के बीच मनमुटाव दूर कर उन्हें साथ विदा कराया। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय के नेतृत्व में काउंसलिंग टीम ने दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आपसी बातचीत व समझाइश के माध्यम से विवादों का समाधान कराया। काउंसलिंग के बाद सभी 11 दंपतियों ने अपने मतभेद समाप्त कर साथ रहने की सहमति जताई, जिसके बाद उन्हें खुशी-खुशी एक साथ घर भेजा गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मिशन शक्ति केंद्र की यह पहल परिवारों को टूटने से बचाने और महिलाओं को सुरक्षित एवं सम्मानजनक पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस कार्य में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय के साथ महिला हेड कांस्टेबल रीना, आरक्षी प्रियंबदा सिंह, महिला आरक्षी संगीता, प्रगति, शिखा खरवार एवं शिवानी सिंह का विशेष योगदान रहा।

# गणेश पूजा व प्रतिमा विसर्जन को लेकर बांसी पुलिस अलर्ट



बांसी, सिद्धार्थनगर। कोतवाल बांसी महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी के नेतृत्व में गणेश प्रतिमाओं एवं पंडालों की सुरक्षा तथा शांतिपूर्ण विसर्जन को लेकर बांसी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बांसी महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस बल, महिला आरक्षियों के साथ पीएसी की तैनाती की गई है। पुलिसकर्मी लगातार पंडालों की सुरक्षा के साथ क्षेत्र में रात्रि गशत कर कानून-व्यवस्था पर नजर बनाए हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी स्वयं रात में सरकारी वाहन से विभिन्न गणेश पंडालों का निरीक्षण करने के साथ कस्बा क्षेत्र एवं हल्का क्षेत्रों में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। उनका कहना है कि त्योहार के दौरान कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस हर स्तर पर सक्रिय है। उन्होंने असामाजिक तत्वों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत करने अथवा त्योहार में खलल डालने का प्रयास करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को जेल भेजा जाएगा। कानून से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। कोतवाल की सक्रिय कार्यशैली से क्षेत्र के सभ्य नागरिकों में संतोष है, वहीं असामाजिक तत्वों के हौसले पस्त नजर आ रहे हैं। नवागत प्रभारी निरीक्षक महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी के व्यवहार, सक्रियता और कार्यक्षमता की क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी सराहना की है।

# पदोन्नत जवानों को नयी रैंक से किया गया सम्मानित

### 62वीं वाहिनी में सैनिक सम्मेलन संपन्न

भिनगा,श्रावस्ती। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के मुख्यालय में सोमवार को सितंबर माह का सैनिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण ने की। कमांडेंट ने अधिकारियों और जवानों से बातचीत कर उनकी व्यक्तिगत व सेवा संबंधी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही जवानों को अनुशासन, सतर्कता, निष्ठा और समर्पण के साथ ड्यूटी करने के लिए प्रेरित किया। कमांडेंट ने कजरी तीज, गणेश चतुर्दशी और हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं। हिंदी दिवस पर महानिदेशक का संदेश जवानों को पढ़कर सुनाया गया। उन्होंने आपसी समन्वय, टीम भावना, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने पर जोर दिया। सम्मेलन के दौरान पदोन्नत जवानों को कमांडेंट ने नई रैंक प्रदान कर सम्मानित किया। हिंदी में अधिकाधिक कार्यालयीन कार्य करने वाले कार्मिकों को भी उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र दिए गए।

सम्मेलन के बाद वाहिनी परिसर में सामूहिक भोज का आयोजन हुआ। इसमें अधिकारियों और जवानों ने साथ भोजन किया। इसका उद्देश्य आपसी भाईचारे और टीम भावना को मजबूत करना रहा। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी ललेंद्र रत्नाकर, उप कमांडेंट पीयूष सिन्हा, गोवर्धन पुजारी सहित अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी और जवान मौजूद रहे।




## एसएसपी ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। गत सोमवार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के जनता दर्शन में सुनवाई के दौरान कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें एक भूमि विवाद, एक मारपीट, छह पैसे के लेन-देन, तीन पारिवारिक विवाद तथा आठ अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# 10 घंटे में गुमशुदा बालक बरामद



सिद्धार्थनगर। जिले के त्रिलोकपुर थानाध्यक्ष अनूप मिश्रा के अगुवाई में पुलिस थाना क्षेत्र से 13 सितंबर की रात लापता हुए 12 वर्षीय अंकुश गौतम को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 घंटे के भीतर बस्ती जनपद के सोनहा थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बालक के मिलने पर परिजनों ने त्रिलोकपुर पुलिस की सराहना की। कार्रवाई थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की गई।

# पहलगाम आतंकी हमले को लेकर ब्रिक्स में पाकिस्तान के नाम का उल्लेख न होना दुर्भाग्यपूर्ण: प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने नई दिल्ली में हुये ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पहलगाम में हुये आतंकवादी हमले की निंदा को लेकर पाकिस्तान के नाम का जिक्र न होने को विदेश नीति की बड़ी कूटनीतिक विफलता कहा है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स आयोजन शानदार रहा। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि शान-शौकत से हुये ब्रिक्स के संयुक्त घोषणापत्र में पहलगाम में पाक परस्त आतंकवादियों द्वारा निहत्थे निर्दोष भारतीयों की शहादत को लेकर पाक का स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले को पहले ही कई देश निंदा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की नर्सरी है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि ऐसे में संयुक्त घोषणापत्र में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान का निंदा प्रस्ताव में जिक्र न होना सीधे तौर पर आधी अधूरी आलोचना है। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार ब्रिक्स के नाम पर आतंकवाद की निंदा का झूठा प्रचार प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीन के द्वारा भारतीय भूभाग के अभिन्न अंग अरूणाचल के नक्शे के साथ छेड़छाड़ तथा यूएनओ द्वारा लद्दाख के अक्साई चिन में त्रुटिपूर्ण नक्शा जारी करने के साथ चीन की अनेक अवांछित गतिविधियों पर भी ब्रिक्स के जरिये मोदी सरकार चीनी समकक्ष से जवाबदेही सुनिश्चित नहीं करा पायी। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा पाकिस्तानी गृहमंत्री के हाथों एशिया कप ट्राफी लेने से इंकार करने को टीम का सराहनीय निर्णय कहा है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादी हमले को पाकिस्तानी गृहमंत्री मोहसिन नकवी के द्वारा ही संचालित किया गया था।

## हरतालिका तीज पर सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत



बांसी, सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील क्षेत्र के नरही बुजुर्ग, चरथरी, पेंडारी बुजुर्ग समेत विभिन्न गांवों और बांसी कस्बे में सोमवार को हरतालिका तीज श्रद्धा और उत्साह से मनाई गई। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीघार्यु व अखंड सौभाग्य की कामना के लिए निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की। रिउना स्थित महादेव नाथ मंदिर सहित क्षेत्र के शिव मंदिरों में महिलाओं ने जलाभिषेक कर माता पार्वती को सुहाग सामग्री अर्पित की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजते रहे। घोसियारी बाजार, छितही और बदुरगहना सहित आसपास के गांवों में भी पूजा-पाठ और तीज कथा के आयोजन से माहौल भक्तिमय बना रहा।

# आकाशीय बिजली गिरने से भैंस की मौत



सिद्धार्थनगर। जिले के विकासखंड उसका बाजार क्षेत्र के देवलहा ग्रांट गांव में सोमवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पशुपालक नईम की भैंस चरने के लिए सिवान में गई थी। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई।

भैंस पशुपालक नईम के जीविकोपार्जन का प्रमुख सहारा थी। घटना की जानकारी मिलने पर पशुपालक ने राजस्व विभाग और पशु विभाग को सूचना देकर नियमानुसार सहायता की मांग की है।

## नि:शुल्क मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

श्रावस्ती। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि उद्यान विभाग की ओर से मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए तीन माह का निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। मधुमक्खी पालन कम भूमि और कम पूंजी में शुरू किया जा सकता है। इसे खेती के साथ अतिरिक्त व्यवसाय के रूप में अपनाकर कम समय में अच्छी आय प्राप्त की जा सकती है। वैज्ञानिक तरीके से मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण 16 सितंबर से 15 दिसंबर 2026 तक 90 दिनों का होगा।

# हिन्दी भारतीय भाषाओं की सिरमौर : अपर जिला जज



प्रतापगढ़। स्थानीय दीवानी अदालत स्थित सभागार में सोमवार को राष्ट्रभाषा हिन्दी उन्नयन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर तथा सिविल जज अशोक कुमार व असिस्टेंट प्रोफेसर डा. मोहिनी राठौर ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में साहित्यकारों द्वारा राष्ट्रभाषा हिन्दी की गौरव गारिमा को लेकर काव्य पाठ भी हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिला जज रघुवीर सिंह राठौर ने कहा कि हिन्दी भारतीय भाषाओं की सिरमौर भाषा है। उन्होंने कहा कि मातृ भाषा के प्रति अभिरूचि समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि सिविल जज अशोक कुमार ने राष्ट्रभाषा हिन्दी को व्यवहारिक क्षेत्र में सुदृढ़ बनाये जाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुख्यवक्ता आगरा के दयाल बाग विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर मोहिनी अग्रवाल ने वर्तमान समय में राष्ट्रभाषा की दिशा और दशा को लेकर सार्थक विचार रखे। उन्होंने कहा कि हिन्दी को गर्व के साथ अंगीकृत करने की चेतना जागृति होना आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद खान ने संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कवि डा. अंजनी अमोध, आचार्य अनीश देहाती, रामलगन यादव आशीष व अनूप पाण्डेय ने हिन्दी की महानता पर कविता के जरिये उन्नयन का घोष किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचन्द्र तिवारी व संचालन हिन्दी मित्र संघ के जिला संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। संगोष्ठी में शिखा तिवारी, संघ के उपाध्यक्ष नामवर सिंह, आय व्यय निरीक्षक संतोष तिवारी, रामसजीवन पटेल ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर विभूति शुक्ला, सचिन पाण्डेय, शिवप्रसाद यादव, अखिलेश श्रीवास्तव, रोशन शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे।


## लखनऊ विकास प्राधिकरण

(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) पीबीएक्स : 1800 1800 5000, वेबसाइट–www.ldalucknow.in

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है प्राधिकरण की आवासीय/व्यावसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है :–

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भूखण्ड/भवन संख्या | योजना का नाम | मृत्यु का दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम | मूल आवंटी (मृतक) से सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्व0 रामानुज श्रीवास्तव व स्व0 सरोजनी श्रीवास्तव | भवन संख्या-1/330 | विराम खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ | 20.03.2008 28.06.2013 | डा0 अनूप कुमार -पुत्र | उत्तराधिकार के आधार पर | |
| 2 | स्व0 शैल श्रीवास्तव | Plot No. SS-141 Sector N, Aliganj | | 07.09.2025 | 1. श्री विकास दीपक श्रीवास्तव-पुत्र | 1. श्री स्वदेश दीपक 2. श्रीमती ममता सिन्हा (विवाहित पुत्री) | पुत्र |
| 3 | श्रीमती गंगा देवी | भवन सं0-8/294, रजनी खण्ड | शारदा नगर योजना | 02.05.2021 | श्री मनोज कुमार दूबे | -- | मृतक का पुत्र |
| 4 | श्रीमती कलावती | भवन सं0-एल -88, सेक्टर-डी | कानपुर रोड योजना | 17.04.2026 | श्रीमती गुलशन राय अरोरा | 1. श्री प्रमोद कुमार अरोरा 2. श्रीमती सुमन मखीजा, 3. श्रीमती शशि अरोरा, 4. श्री मयूर कुमार अरोरा, 5. सुश्री परी, 6. श्रीमती भावना मेहरोत्रा, 7. श्रीमती तनु चड्डा | मृतक का पुत्र |
| 5 | स्व0 राज किशोर सिंह | भूखण्ड संख्या-B-1/162 | विराम खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ | 30.10.2024 | श्री विजय रघुवंशी श्री प्रेम नारायण सिंह श्री रामेश्वर नाथ सिंह | वसीयत के आधार पर | पुत्र पुत्र पुत्र |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम–6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

संक्षेप

## आबकारी टीम ने अवैध कच्ची शराब बरामद की



मौरावां (वीओएल)। सोमवार को आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन, उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार द्वारा अवैध शराब की बिक्री व तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान में दिये गए निदेर्शों के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी, अनुराग मिश्र के नेतृत्व में निशांत सिंह, आबकारी निरीक्षक पुरवा, उन्नाव मय हमराह व स्थानीय पुलिस स्टाफ द्वारा थाना मौरावां अंतर्गत ग्राम असरेंदा, गौरी, चित्ताखेड़ा, हिलौली में छापेमारी के दौरान 38 लीटर कच्ची शराब बरामद कर 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई व लगभग 200 किग्रा लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया।

## दंगल प्रतियोगिता का आयोजन



पाटन, उन्नाव। भगवंतनगर विधानसभा परिवार के ग्राम चिलौली में आयोजित ऐतिहासिक दंगल प्रतियोगिता में अनुराग त्रिवेदी के पिता रानू त्रिवेदी ने सहभागिता कर आयोजकों, पहलवानों एवं क्षेत्रवासियों से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि दंगल हमारी ग्रामीण संस्कृति, परंपरा और खेल भावना की पहचान है। ऐसे आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, साहस और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना मजबूत होती है।

## स्कूली बस की टक्कर से कारपेंटर की मौत

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा अहिरौली के समीप सोमवार की शाम को स्कूली बस की टक्कर से बाइक सवार कारपेंटर की दर्दनाक मौत हो गई हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान मोहली लोहरपुरवा थाना कैंपियरगंज जनपद गोरखपुर निवासी सुनील साहनी (36) पुत्र रामबरन साहनी के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि सुनील अपनी बहन केवटलिया निवासी रामदवन साहनी के यहां रहकर कारपेंटर का काम करता था सोमवार को वह केवटलिया से अपने घर काम करने का सामान लेने गया था सामान लेकर वापस लौटते समय वह अहिरौली गांव के समीप पहुंचा था इसी दौरान सिहोरवा की तरफ से जा रही एक स्कूली बस ने उसे टक्कर मार दी दुर्घटना में सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौत हो गई।हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सुनील अपने पीछे पत्नी संजू, सात वर्षीय पुत्री सलोनी और पांच वर्षीय पुत्र हिमांशु को छोड़ गया है कम उम्र में पिता की मौत हो जाने से दोनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया स्कूली बस को पुलिस अपने कब्जे में ले लिया है।

## मनबढ़ों ने महिला से की मारपीट

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महेसरा निवासी महिला ने तीन लोगों पर एक राय होकर गाली-गलौज करने और मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुये चिलुआताल थाने में लिखित तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार महेसरा निवासी रीना देवी पत्नी अच्छेलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 सितंबर 2026 को दोपहर करीब तीन बजे गांव के बिक्की पुत्र परशुराम, रजत पुत्र परशुराम और परशुराम पुत्र स्व. दुलारे ने एकराय होकर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की मारपीट में उसे चोटें आईं।

# रील में दिखेगी रियल बदलाव की कहानी

- सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत लाभार्थियों के रील से आगे बढ़ेगी सेवा की कहानी
- मोदी-योगी सरकार की जनोपयोगी योजनाओं पर बनायी जायेगी 60 सेकेंड की रील
- गोरखपुर में विभिन्न योजनाओं के 37 हजार से अधिक लोगों के जीवन में आए वास्तविक बदलाव पर बनवायी जायेगी रील

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। डिजिटल युग के सबसे लोकप्रिय माध्यम यानी सोशल मीडिया 'रील्स' के जरिये सरकारी योजनाओं-परियोजनाओं की वास्तविकता सबके सामने लाई जाएगी। केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार की तरफ से चलाई जा रही जनोपयोगी योजनाओं के जमीनी असर को दिखाने के लिए प्रभावशाली पहल की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य ह्यरीलह्न के माध्यम से लोगों के जीवन में आए रियल सकारात्मक बदलाव की कहानी को प्रेरक तरीके से आगे बढ़ाना है। सेवा की कहानी के नाम से रील बनाने का यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन प्रमुख के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से एक माह तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान का हिस्सा है। सेवा संकल्प अभियान के सेवा की कहानी कार्यक्रम के गोरखपुर जिले में सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए लाखों लोगों में से 37500 नागरिकों के जीवन में आए वास्तविक बदलाव की दास्तान 60-60 सेकेंड की वीडियो रील के रूप में दुनिया को दिखाई जाएगी। सरकारी योजनाओं की सफलता को प्रायः फाइलों और आंकड़ों में दर्ज किया जाता है, लेकिन रील बनाने के इस अभियान में सीधे आम आदमी के अनुभव और भावनाओं को केंद्र में रखा जाएगा। जिलाधिकारी दीपक मीणा का कहना है कि इन रील को देखकर बाकी लोग भी प्रेरणा लेंगे कि कैसे सरकार की कल्याणकारी योजना किसी गरीब, किसान, महिला, विद्यार्थी, खिलाड़ी या युवा की जिंदगी की दिशा बदल सकती है। ?60 सेकेंड की रील में लाभार्थी का पूर्व जीवन, उसकी चुनौतियां, योजना का सहयोग और आज की स्थिति को संक्षिप्त और स्पष्ट ढंग से पेश किया जाएगा। इसमें कोई बनावटीपन नहीं, बल्कि लाभार्थियों की जुबानी उनकी अपनी असली कहानी होगी। गोरखपुर जिले के ग्रामीण और नगरीय, दोनों क्षेत्रों से चयनित लाभार्थियों की सफलता की कहानी को रील्स में ढाला जाएगा। फोकस उन योजनाओं पर रहेगा जिन्होंने गरीबों और जरूरतमंदों के जीवन को सुगम बनाया है। मसलन, गरीबों के सिर पर सम्मान की छत देने वाली प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना, लकड़ी और उपलों के धुएं से मुक्ति दिलाने वाली उज्ज्वला योजना, आर्थिक तंगी के बावजूद गंभीर बीमारियों के मुफ्त इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान योजना। इसके अलावा किसानों, विद्यार्थियों और खिलाड़ियों से जुड़ी अन्य योजनाओं की सेवपूर्ण कहानी रील में दिखाई और सुनाई जाएगी।

जिलाधिकारी के अनुसार इन रील से वे लोग भी जागरूक होंगे जो पात्रता के बावजूद जानकारी के अभाव में इन योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को केंद्र में रखकर बनने वाली रील एक तरह से डिजिटल दस्तावेज भी होंगी। यह इस तथ्य को भी प्रमाणित करेंगी कि कैसे सरकार की योजनाएं सीधे अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। ये रील लाभार्थियों के जीवन के संघर्ष और सरकार की योजना से आई सफलता और खुशहाली का पूर्ण आख्यान होंगी।

### सेवा की कहानी : गोरखपुर में रील का लक्ष्य

-5000 : ग्राम विकास की योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव पर।

-4000 : पंचायती राज विभाग से जुड़े लाभार्थियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव पर।

-5000 : कृषि विभाग से जुड़े लाभार्थियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव पर।

-6000 : बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से जुड़े लाभार्थियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव पर।

## दशलक्षण महापर्व की तैयारियां अंतिम चरण में



इटावा। शहर के पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर लालपुरा में पट्टाचार्य आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि विशल्य सागर महाराज ससंघ विराजमान हैं। मुनि श्री के सानिध्य में दशलक्षण महापर्व को लेकर जैन समाज में उत्साह का माहौल है। महापर्व की तैयारियां मंदिर परिसर में अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। 26 अगस्त, बुधवार से प्रारंभ होकर 26 अगस्त, शनिवार तक चलने वाले महापर्व के दौरान विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। दशलक्षण महापर्व के प्रथम दिन प्रातःकाल श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा विधि-विधान के साथ संपन्न होगी। शांतिधारा मुनि श्री के मुखारविंद से कराई जाएगी। इसके उपरांत संगीत के साथ सामूहिक पूजन का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर भगवान की आराधना करेंगे। पूजन के बाद मुनि विशल्य सागर महाराज श्रद्धालुओं को प्रवचन के माध्यम से धर्म का मर्म समझाते हुए आत्मशुद्धि, संयम, त्याग, अहिंसा और सदाचार का संदेश देंगे। महापर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातःकाल धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सामूहिक पूजन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। मुनि श्री के प्रवचनों को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने की संभावना है। दशलक्षण महापर्व जैन धर्म में आत्मचिंतन, आत्मसंयम और आत्मशुद्धि का विशेष पर्व माना जाता है। इन दिनों श्रद्धालु धार्मिक साधना के माध्यम से अपने जीवन में संयम एवं सदाचार को अपनाने का संकल्प लेते हैं। स्वर्णिम वषायोग समिति के अध्यक्ष संजू जैन, विवेक जैन, महावीर प्रसाद जैन बंटी बनारस, रितेश जैन एवं दिलीप जैन ने बताया कि मुनि श्री विशल्य सागर महाराज के सान्निध्य में दशलक्षण महापर्व के सभी कार्यक्रम श्रद्धा एवं भक्ति के साथ आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने जैन समाज के श्रद्धालुओं से महापर्व के दौरान होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सहभागिता करने तथा धर्मलाभ लेने का आह्वान किया।

## बैगांव में विशाल दंगल, दांव-पेंच के आगे फीकी पड़ी ताकत



पुरवा (वीओएल)। असोहा विकासखंड के ग्राम बैगांव में सोमवार को विशाल दंगल का आयोजन किया गया। यह दंगल हर वर्ष हरतालिका तीज के मौके पर आयोजित किया जाता है, दंगल में दूर-दराज से आए नामी पहलवानों ने अपनी ताकत और दांव-पेंच का लोहा मनवाया। ढोल-नगाड़ों की थाप और दर्शकों के शोर के बीच अखाड़ा पूरी तरह से कुश्तीमय हो गया। दंगल का प्रधान अनिल चैधरी के द्वारा पहलवानों को हाथ मिलवा कर शुरूआत करवाई गई, पहली कुश्ती से ही पहलवानो ने अपने-अपने दांव पेच दिखाने शुरू कर दिए, पहलवानों ने अपने दांव पेचो और पैंतरों से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कई मुकाबले तो ऐसे रहे जहाँ कम वजन के पहलवानों ने तकनीकी दांव से भारी-भरकम पहलवानों को चित्त कर दिया। अखाड़े में कई कुश्तीया हुई, मुख्य कुश्ती उन्नाव के सुरेंद्र लखापुर और राजस्थान के जल्लाद सिंह के बीच हुई, जिसमें सुरेंद्र लखापुर ने रोमांचक मुकाबले में राजस्थान के जल्लाद सिंह को पटखनी देकर दंगल केसरी का खिताब जीता, उन्हें ग्राम प्रधान और कमेटी की तरफ से उचित इनाम भी दिया गया, करीब 20 मिनट तक चली इस रोमांचक कुश्ती में अंत में अंदर-बाहर के दांव-पेंच से स्थानीय पहलवान सुरेंद्र लखापुर ने जीत दर्ज की, और वह फिर एक बार दंगल केसरी बने, जिसके बाद दंगल में मौजूद भीड़ की तालियों और जयकारों से अखाड़ा गूंज उठा। ग्रामीणों ने बताया कि बैगांव का यह दंगल वर्षों पुरानी परंपरा है। ऐसे आयोजनों से पारंपरिक खेल कुश्ती को बढ़ावा मिलता है। आयोजक समिति द्वारा सभी विजेता और उपविजेता पहलवानों को नगद राशि, पगड़ी और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता नीलकंठ, ग्राम प्रधान अनिल चैधरी, एडवोकेट सरोज भारती, शिक्षक रामबाबू चैधरी, शिवकुमार गुप्ता, अरुण सविता, उमेश गुप्ता, राजेश मास्टर, वारिस, आदि लोगों के अलावा भारी भीड़ दंगल में मौजूद रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस की भी मौजूदगी रही।

## गणेश महोत्सव पर क्षेत्र में हर्षोल्लास का माहौल



फतेहपुर चौरासी। सोमवार को भाद्र पद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू हुए गणेश महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उल्लास का वातावरण बना रहा। नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी और ऊगू से लेकर गाँवों तक लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर गणेश प्रतिमा को स्थापित कर भव्य पांडाल सजाये गए हैं। विधि विधान से मंत्रोच्चार के बीच विघ्न विनाशी भगवान गणेश को ऊंचे आसन पर पंडालों में बिठाया गया है। जहाँ चार से पांच दिन चलने वाले कार्यक्रमों में पूजन अर्चन आरती के साथ कीर्तन भजन का आयोजन किया जाएगा। ऊगू के काली मंदिर पर नगर वासियों द्वारा लगातार पांचवें वर्ष गणेश जी को विराजमान किया गया है। मुख्य आयोजक आचार्य ऋषि कान्त मिश्रा ने बताया कि जब पांच साल पहले पहली बार कार्यक्रम शुरू किया गया था तब लगता था कि कैसे सब सम्पन्न होगा लेकिन सबके सहयोग से बढ़िया कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिससे हिम्मत बढ़ गई और यह सिलसिला चल रहा है। उन्होंने बताया कि अब मूर्तियों की कीमतें बढ़ गई हैं। बिजली का कोई भरोसा न होने के कारण जनरेटर आदि की व्यवस्था करनी पड़ती है जिसमें डीजल के रेट बढ़ने के कारण काफी अधिक खर्चा आ जाता है जिसे नगर के लोग मिलबांटकर वहन कर लेते हैं। कार्यक्रम में हर्ष उर्फ मनू शुक्ला, संदीप, पप्पू, दीपांशु, अरविन्द, रिंकू, छबीले आदि लोग नियमित व्यवस्था संभालते हैं। फतेहपुर चैरासी में, नगर पंचायत कार्यालय के निकट, गढ़ी मोहल्ले तथा काली मिट्टी शिवराज पुर रोड पर कस्बे में ही रामदास कश्यप आदि के द्वारा भी गणेश महोत्सव मनाया जा रहा है।

## यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कार्य में मनमानी का ग्रामीणो ने आरोप लगाया



सफीपुर, उन्नाव (वीओएल)। पट्टी उस्मान गांव स्थित बाबा वृन्दावनेश्वर धाम में पर्यटन विभाग की ओर से कराए जा रहे यात्री प्रतीक्षालय के निर्माण में ग्रामीणों ने ठेकेदार पर मनमानी और अनियमितता का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी फाल्गुनी सिंह को शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य की तकनीकी एवं गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की है। तहसील क्षेत्र के पट्टी उस्मान गांव निवासी सौरभ कुशवाहा, धर्मेश कुमार, सतेंद्र, आलोक सहित करीब दो दर्जन ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि पर्यटन विभाग द्वारा बनाए जा रहे यात्री प्रतीक्षालय में मानक की अनदेखी की जा रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर निर्धारित सूचना पट्ट (प्रोजेक्ट बोर्ड) नहीं लगाया गया है, जिससे योजना का नाम, स्वीकृत बजट और कार्यदायी संस्था की जानकारी सार्वजनिक नहीं हो पा रही है।इसके अलावा ग्रामीणों और मंदिर समिति द्वारा मांग किए जाने के बावजूद ठेकेदार द्वारा स्वीकृत नक्शा और एस्टीमेट नहीं दिखाया जा रहा है।शिकायत में निर्माण कार्य बिना उचित लेआउट और तकनीकी निगरानी के किए जाने का आरोप लगाते हुए निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मौके पर पर्यटन विभाग के संबंधित जेई या एई के नियमित निरीक्षण के अभाव में निर्माण कार्य कराया जा रहा है।ग्रामीणों ने मांग की है कि संबंधित विभाग के अभियंता को मौके पर भेजकर अब तक हुए निर्माण की तकनीकी एवं गुणवत्ता जांच कराई जाए। साथ ही जांच पूरी होने तक निर्माण कार्य और ठेकेदार के भुगतान पर रोक लगाने की मांग की गई है। एसडीएम फाल्गुनी सिंह ने मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## धूमधाम से मना हिंदी दिवस व गणेश जन्मोत्सव




बनवारपार, गोरखपुर। गोला उपनगर स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस एवं श्री गणेश जन्मोत्सव के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और विद्यालय परिवार की मौजूदगी में भगवान श्री गणेश के विधि-विधान से पूजन एवं वंदन के साथ हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं के बीच सुलेख, वाद-विवाद, भाषण और संभाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में सृष्टि विश्वकर्मा, सुर्यांश, राज पांडेय, सृष्टिशर्मा, अनुश्री यादव, हंसिका, काजल मौर्या, नैना वर्मा, अंकिता सिंह, रितेश राज व पीयूष यादव सहित अन्य विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई मानव श्रृंखला रही। बच्चों ने अपने शरीरों के तालमेल से भगवान श्री गणेश की सजीव आकृति बनाई, जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। विद्यालय परिसर में बच्चों की इस प्रस्तुति की खूब सराहना हुई। वहीं कार्यक्रम के समापन पर हिंदी को समृद्ध और सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया। इस दौरान जय हिंद, जय हिंदी, जय भारत के नारों से विद्यालय परिसर गूंज उठा। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक रत्ना सिंह, प्रधानाचार्य एसके मिश्रा, वाइस प्रिंसिपल राहुल, वीरेंद्र, पूनम दुबे, अजय कृष्ण कांत, वीरेंद्र पाल, सुनील, खुशबू मद्धेशिया, नलिनी वर्मा, ज्योति, हिंदी विभाग के आनंद और संदीप समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहें।

## समाजसेवी एसके शर्मा ने सुनीं स्थानीय लोगों की समस्याएं



चौरीचौरा, गोरखपुर। नगर पंचायत चौरीचौरा के मुंडेरा बाजार में सोमवार को वरिष्ठ समाजसेवी नेता एसके शर्मा ने स्थानीय लोगों के साथ चौपाल लगाकर संवाद किया। इस दौरान उन्होंने वार्ड के लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निस्तारण का भरोसा दिलाया।चौपाल में लोगों द्वारा तमाम समस्याएं बताई गई। जिसके समाधान का उन्होंने भरोसा दिलाया।एसके शर्मा ने कहा कि जनता का विश्वास ही जनसेवा की सबसे बड़ी ताकत है।उन्होंने कहा, कि₹जनता की हर समस्या मेरी समस्या है।चौपाल लगाने का उद्देश्य यही है कि सीधे जनता से जुड़कर उनकी परेशानियों को समझा जाए।और संबंधित अधिकारियों से समन्वय बनाकर उनका जल्द समाधान कराया जाए।₹उक्त अवसर पर सुधा, स्नेहलता, अर्चना,इन्दु, हीरा, शुभंकर, प्रवीण, सोनिया पुष्पा ,इन्द्रावती सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## गोरखपुर में आज धूमधाम से मनाया जायेगा महर्षि कश्यप का जन्मोत्सव : रामदयाल



गोरखपुर। गोरखपुर महानगर में 15 सिंतबर यानि मंगलवार को कसौधन सेवा समिति-रूस्तमपुर के तत्वाधान में कसौधन समाज के लोग महर्षि कश्यप का जन्म उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाएंगे। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महानगर में महर्षि कश्यप की भव्य झांकी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उक्त जानकारी कसौधन सेवा समिति-रूस्तमपुर गोरखपुर के अध्यक्ष रामदयाल गुप्ता ने दी। उन्होने बताया कि गत की वर्षो की भांति इस साल भी कसौधन सेवा समिति के तत्वाधान में कसौधन समाज के लोग गोत्र प्रवर्तक के रूप में महर्षि कश्यप का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाएंगे। कार्यक्रम के तहत मंगलवार की सुबह नौ बजे से बगहा बाबा मंदिर से भव्य झांकी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो महानगर में भ्रमण कर समाज के लोगों को जागरूक करेगी। तदुपरांत मंदिर के पास स्थित अरिहंत लॉन पर सहभोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में बतौर अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद गुप्ता व भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता शोभा यात्रा की झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। उन्होने कसौधन समाज के साथ समाज के सभी वर्गो के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया।

## रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर, भाई-बहन की मौत



इटावा। बसरेहर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह करीब नौ बजे तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार भाई-बहन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 45 वर्षीय अशोक कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल उनकी बड़ी बहन माया देवी को सैफई पीजीआई भेजा गया इलाज के दौरान करीब छह घंटे के भीतर माया देवी की भी मौत हो गई। उमरसेंडा गांव थाना भरथना निवासी किसान अशोक कुमार पुत्र तुलाराम अपनी बहन माया देवी को बाइक से उनकी ससुराल अड्डा बिहारी, बसरेहर छोड़ने जा रहे थे। माया देवी चार दिन पहले अपने बड़े भाई ओमप्रकाश को देखने मायके आई थी। सोमवार को वह छोटे भाई अशोक के साथ बाइक से वापस ससुराल जा रही थी। बसरेहर थाना प्रभारी बलराज भाटी ने बताया कि सड़क हादसे में अशोक कुमार के साथ के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। हादसे में शामिल रोडवेज बस को कब्जे में लिया गया है। माया देवी की इलाज के दौरान मौत की जानकारी भी सामने आई है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## युवक 14 दिन से लापता, पुलिस तलाश में जुटी

इटावा। थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नौरंगाबाद निवासी एक युवक पिछ्ले 14 दिन से लापता है। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। आमिर मंसूरी पुत्र वसीम मंसूरी निवासी चिश्ती बैतूल माल के पास नौरंगाबाद विगत 31अगसत से लापता है। युवक के पिता द्वारा सदर कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मौबाइल लोकेशन से कलियर शरीफ से एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है लेकिन अभी कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला है। आमिर के लापता होने से परिजन बहुत परेशान हैं और उसके घर में मातम छाया हुआ है। युवक के परिजनों का कहना है कि उन्हें कोतवाली पुलिस पर पूरा भरोसा है कि वह उनके बेटे को सकुशल बरामद कर लेगी।

## कोल्डड्रिंक से देवर-भाभी की तबियत बिगड़ी, देवर की मौत

इटावा। मुझे और गुलाब को कोल्डड्रिंक पिलाई गई थी उसके बाद से हम दोनों की तबीयत बिगड़ गई. पति और जेठ ने ही पीने को दी थी इटावा के सौथना गांव में 38 साल की ममता अब भी जिंदगी की जंग अस्पताल में लड़ रही है. उसके चचेरे देवर 34 वर्षीय गुलाब सिंह की जहरीली कोल्डड्रिंक पीने से मौत हो गई। हालत में सुधार के बाद ममता ने अपने पति महावीर सिंह और जेठ नरेश पर कोल्डड्रिंक में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिलाने का आरोप लगाया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। मामला ऊसराहार थाना क्षेत्र के सौथना गांव का है. ममता की शादी करीब 14 साल पहले महावीर सिंह से हुई थी. ममता के अनुसार, उसका पति शराब पीने का आदी है और कोई काम नहीं करता था. घर का खर्च चलाने और चार बच्चों के भरण-पोषण के लिए पैसे नहीं मिलने को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। इसी दौरान ममता के अपने पति के चचेरे भाई गुलाब सिंह से प्रेम संबंध बन गए. ममता का कहना है कि गुलाब सिंह ही उसके और उसके चार बच्चों के खर्च में मदद करता था. दोनों के बीच संबंध की जानकारी महावीर को भी थी और वह इससे नाराज रहता था। ममता के मुताबिक, गुलाब सिंह के साथ संबंध बनने के बाद वह उसके साथ अपने पति के घर में ही रहने लगी थी. दोनों के एक साथ रहने को लेकर घर में कई बार विवाद भी हुआ. गुलाब की मां का भी दावा है कि उसका बेटा पिछले करीब एक साल से ममता और उसके बच्चों की देखभाल कर रहा था. इसी बात को लेकर महावीर उससे नाराज रहता था. रविवार शाम करीब पांच बजे ममता और गुलाब सिंह ने कोल्डड्रिंक पी. इसके कुछ देर बाद ही दोनों की तबीयत अचानक बिगड़ गई. ममता को उल्टियां होने लगीं, जबकि गुलाब सिंह की हालत ज्यादा गंभीर हो गई। ऊसराहार थाना प्रभारी नरेंद्र मिश्रा के अनुसार, पुलिस को दोनों के जहरीला पदार्थ पीने की सूचना मिली थी. घटना के कारणों की जांच की जा रही है. पुलिस के मुताबिक, दोनों के अलग-अलग तरीके से जहरीला पदार्थ खाने की बात भी सामने आई है. अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के दौरान सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक ट्रैक्टर की भिड़ंत में छात्र की मौत



जसवंतनगर, इटावा। इटावा-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को मलाजनी के समीप एक ढाबा के सामने ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार आईटीआई छात्र की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि मृतक की पहचान 22 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र मुकेश शाक्य निवासी खुशहालपुर भिडोरा थाना करहल जिला मैनपुरी के रूप में हुई। प्रदीप इटावा स्थित आईटीआई कॉलेज में फीस जमा कर एडमिशन लेने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। वह अपनी बहनों और परिजनों के लिए मिठाई का डिब्बा भी लेकर जा रहा था। ढाबा के सामने पहुंचते ही उसकी बाइक में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने जोरदार टक्कर मार दी। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों को सूचना देकर पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के बड़े भाई संदीप कुमार ने बताया कि प्रदीप पढ़ाई में काफी होनहार था। वह तीन भाइयों और दो बहनों में एक था। उसकी मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।

## मशीन की शाफ्ट में फंसकर मिस्त्री की मौत

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के गाँव नगला इन्छा स्थित संतोष एग्रो राइस मिल में सोमवार सुबह एक हादसा हो गया। मशीन पर काम कर रहे मिस्त्री की बनियान चलती मशीन की शाफ्ट में फंस गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया मिस्त्री को साथी कर्मचारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान 26 वर्षीय दीपक उर्फ विक्रम पुत्र प्रेमचंद्र कश्यप निवासी लालपुर, थाना दन्नाहार, जनपद मैनपुरी के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार दीपक छह सितंबर से राइस मिल में मशीन मिस्त्री के रूप में काम कर रहा था। सोमवार सुबह करीब 10 बजे मशीन पर काम करते समय उसकी बनियान अचानक शाफ्ट में फंस गई। हादसे के बाद मिल में अफरातफरी मच गई। कर्मचारियों ने मशीन बंद कर साफ्ट से हटाकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर थानाध्यक्ष कमल भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनों को सूचना दी। मृतक के भाई सत्यम और सुंदरम ने बताया कि दीपक तीन भाइयों में बीच का था। उसके परिवार में पत्नी स्वाती, करीब एक माह की बेटी और मां कृष्णा देवी हैं। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होगा।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत भण्डार मण्डल-लखनऊ**

**ई-निविदा सूचना वि.आ.सं.टी-2417, दिनांक: 08.09.2026**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. ESCL/08/2026-27:-सामग्री के सैम्पल परीक्षण हेतु टेस्ट लैब (सी.पीआर. आई/इरेडा) तक भेजने एवं वापस लाने हेतु ढुलाई कार्य। प्रपत्र शुल्क-रु. 3540.00, धरोहर राशि-रु. 40000.00
2. ESCL/09/2026-27:-विद्युत भंडार खण्ड लेसा के अधीनस्थ भंडार केन्द्रों में स्टील सेक्शन्स की कटाई/फैब्रिकेशन का कार्य। प्रपत्र शुल्क-रु. 1180.00, धरोहर राशि-रु. 4390.00

**ई-निविदा की अंतिम तिथि: 05 अक्टूबर, 2026, 14:00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

संक्षेप

## साइकिल सवार को बाइक चालक ने मारी टक्कर, मौत

मोहम्मदी खीरी। शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर शंकरपुर चौराहे के पास युवक बाजार से सामान खरीद कर साइकिल से घर वापस जाते समय बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीरपुर से घायल हो गया इलाज के लिए पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। पुलिस के अनुसार गांव हरना नरायनपुर निवासी ब्रजकिशोर (45) रविवार शाम मोहम्मदी से बाजार कर साइकिल से घर वापस जा रहे थे शंकरपुर चौराहे के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस ने इलाज के लिए एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था उसके बाद शाहजहांपुर भेजा वापसी करते समय डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया था। सोमवार को पुलिस ने शव की शिनाख्त कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पत्नी वीरावती की शिकायत पर बाइक नंबर चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## बिजली कटौती और लो-वोल्टेज पर उपखण्ड पर दिया धरना

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद विद्युत उपखंड क्षेत्र में लो-वोल्टेज और लगातार बिजली कटौती की समस्या को लेकर ग्रामीण जनहित सेवा समिति ने विद्युत विभाग के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। समिति ने एसडीएम को सूचना देकर समस्याओं का तत्काल समाधान कराने की मांग की है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट महेश चन्द्र वर्मा और प्रदेश महासचिव विकास शुक्ला ने बताया कि 29 अगस्त को विद्युत वितरण खंड द्वितीय के हैदराबाद उपखंड क्षेत्र की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया था। इसमें लो-वोल्टेज की समस्या दूर करने, शाम छह से रात दस बजे तक बिजली कटौती बंद करने तथा शासन की नीति के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की मांग की गई थी। समिति ने आरोप लगाया कि ज्ञापन देने के बावजूद विभाग ने समस्या का समाधान नहीं किया और न ही संगठन को कोई जानकारी दी। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है। समिति ने प्रशासन से विद्युत व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि प्रभावी कार्रवाई न होने पर विद्युत विभाग के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

## मां के नाम लगाया पौधा

सीतापुर। भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिसवां की ओर से चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत कृष्णा देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया गया। बैंक प्रबंधक आलोक कुमार सिंह और विद्यालय की उपप्रधानाचार्या उषा अवस्थी ने पौधे लगाकर अभियान की शुरूआत की। इस दौरान बैंक प्रबंधक ने कहा कि पेड़ पर्यावरण को संतुलित रखने के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और बेहतर वातावरण सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने लोगों से पौधों की देखभाल करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मातेश्वरी सिंह, प्रगति, उमाशंकर वर्मा, रवि शुक्ला, अर्शित जय श्रीवास्तव, राजकुमार सहित विद्यालय का स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# भावनाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है हिंदी




- थाना प्रभारी बृजेश कुमार राय व प्रबंधक हाजी अजीज अहमद गौरी ने कवियों और पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

सीतापुर। हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार को तम्बौर स्थित रेडियंस इंटर कॉलेज में कवि सम्मेलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, पत्रकारों, शिक्षकों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। कवियों की रचनाओं ने श्रोताओं को देर तक बांधे रखा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी बृजेश कुमार राय और कॉलेज प्रबंधक हाजी अजीज अहमद गौरी ने हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले कवियों एवं पत्रकारों को अंगवस्त्र (शॉल) भेंटकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी बृजेश कुमार राय ने कहा कि हिंदी हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भावनाओं की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। हिंदी को जन-जन तक पहुंचाने में साहित्यकारों और पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण है। पत्रकार समाज की समस्याओं को सामने लाकर जनजागरण का कार्य करते हैं। इसके बाद आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने देशभक्ति, सामाजिक सरोकार और समसामयिक विषयों पर अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। श्रोताओं ने कवियों की प्रस्तुतियों का उत्साहपूर्वक आनंद लिया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक हाजी अजीज अहमद गौरी, रिजवान अतीक, सैय्यद मो0 रेहान सभासद, महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सलिल श्रीवास्तव, खालिद मंसूरी, नफीस अहमद, टीपू सुल्तान सहित विद्यालय का प्रबंधकीय अमला, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## शब्दों से आगे संस्कारों की भाषा है हिंदीः आशीष मिश्रा

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। हिंदी केवल बोलने-बतियाने का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, संवेदना और सामाजिक मयार्दा को पीढ़ियों तक पहुंचाने वाली भाषा है। हिंदी दिवस पर हिंदी सभा के नरोत्तम सभागार में आयोजित विशेष परिचर्चा में वक्ताओं ने हिंदी के इसी स्वरूप को रेखांकित किया। कार्यक्रम का विषय हिंदी केवल भाषा नहीं, संस्कार और मयार्दा की भाषा रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी सभा अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने की, जबकि संचालन महामंत्री रजनीश मिश्र ने किया। इस दौरान हिंदी सेवी अधिवक्ता गिरीश चंद्र मिश्र, देवेंद्र कुमार मिश्र और नवल किशोर तिवारी को अंगवस्त्र व हिंदी साहित्य की पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। कवि सम्मेलन में रचनाकारों ने हिंदी की संवेदना, राष्ट्रभाव और सामाजिक सरोकारों को अपनी कविताओं के जरिए स्वर दिया। अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहा कि हिंदी का सम्मान तभी सार्थक होगा, जब देश की सभी भाषाओं और बोलियों का समान सम्मान हो। उन्होंने सीतापुर की साहित्यिक परंपरा का उल्लेख करते हुए नरोत्तम दास के योगदान को याद किया। पत्रकार विभु पुरी, अधिवक्ता गिरीश चंद्र मिश्र, बुद्धि प्रकाश मिश्र, साहित्यकार अरुण अवध, व्यंग्यकार अरुणेश मिश्र और कमलेश पांडेय ने भी विचार रखे। बालिका अदिति मिश्रा ने हिंदी गीत प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं।

## घाघरा में नहाते समय तीन किशोरियां बहीं, एक को ग्रामीणों ने बचाया

लखीमपुर खीरी। तहसील क्षेत्र के हटवा गांव में सोमवार सुबह घाघरा नदी में नहाने गईं तीन किशोरियां गहरे पानी में डूब गईं। ग्रामीणों ने एक किशोरी को सकुशल बाहर निकाल लिया, जबकि दो किशोरियां नदी की तेज धारा में बह गईं। दोनों की तलाश में पुलिस और प्रशासन की टीम ने अभियान चलाया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका पता नहीं चल सका था। हटवा गांव निवासी प्यारेलाल की पुत्री शैलेंद्री (10) और सुनीता (15) तथा रामप्रसाद की पुत्री गोल्डी (11) सोमवार सुबह करीब 10 बजे घाघरा नदी में नहाने गई थीं। नहाते समय अचानक पैर फिसलने से तीनों गहरे पानी में चली गईं। शोर सुनकर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने शैलेंद्री को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि सुनीता और गोल्डी तेज धारा में बह गईं। घटना की सूचना मिलते ही ईसानगर पुलिस मौके पर पहुंची। एसडीएम धौरहरा राशि कृष्णा समेत तहसील प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों किशोरियों की तलाश शुरू कराई गई। ग्रामीण भी नदी में तलाश अभियान में जुटे रहे। तहसीलदार आदित्य विशाल ने बताया कि दोनों लापता किशोरियों की तलाश कराई जा रही है। पीड़ित परिवारों को दैवी आपदा के तहत नियमानुसार सहायता राशि दिलाई जाएगी।



## हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

मोहम्मदी खीरी। नगर की शिक्षण संस्थानों में हिंदी दिवस के पर्व पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति दी है। शिक्षण संस्थान दून पब्लिक स्कूल, न्यू एन टी आई पब्लिक स्कूल, उमा देवी चिल्ड्रन एकेडमी, टीपीआरएस एजुकेशन इंस्टीट्यूट, ब्रेनिटी पब्लिक स्कूल समेत प्रमुख शिक्षण संस्थानों में आयोजित दिवस पर सुलेख, निबंध, पोस्टर और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है। दून पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक डॉ गुरमेजर सिंह और प्रधानाचार्या कविता शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया संचालन अजय पांडे और कल्पना ने किया है। विद्यालय की छात्रा पीहू मंडल और ज्योति ने भारतीय नृत्य पेश कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। उप प्रधानाचार्य सतनाम सिंह ने हिंदी मातृभाषा नहीं अपितु संस्कृत परंपरा और भावनाओं को जोड़ने वाली कड़ी बताया है। न्यू एन टी आई स्कूल में सुलेख प्रतियोगिता में अनिका, ताशु, बाबर खान, समीरा, सूर्यांश, मानवेंद्र सिंह और निबंध प्रतियोगिता में तनिष्का, आर्यन, नंदिनी, हलीम, आराध्या और हर्षित के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर प्रबंधक शाहनवाज खां ने पुरस्कार देते हुए कहा है हिंदी हमारी शान है भारत देश की पहचान है।



## जूनियर असिस्टेंट में चयनित प्रवीण वर्मा का सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज गोला के मेधावी छात्र प्रवीण कुमार वर्मा पुत्र मुकेश कुमार वर्मा निवासी देउवापुर का जूनियर असिस्टेंट पद पर चयन हुआ है। इसके साथ ही प्रवीण ने लेखपाल पद के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए भी सफलता हासिल की है। प्रवीण की इस उपलब्धि पर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल ने उन्हें अपने आवास पर बुलाकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रवीण वर्मा को फूलमाला पहनाकर स्मृति चिह्न एवं मिष्ठान भेंट किया। वहीं प्रवीण के पिता मुकेश कुमार वर्मा को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रवीण की सफलता पर न्यू पैरामाउंट कंपटीशन क्लासेज के शिक्षकों और परिजनों ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि प्रवीण की मेहनत और लगन ने परिवार के साथ-साथ संस्थान का भी नाम रोशन किया है। उपस्थित लोगों ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हिंदी दिवस पर वर्षभर हिंदी के उत्थान के लिए कार्य करने का लिया संकल्प




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सीजीएन पीजी कॉलेज गोला गोकर्णनाथ के हिंदी विभाग द्वारा 14 सितंबर को पं. दीन दयाल उपाध्याय सभागार में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी दिवस मनाया गया। प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के दिशा-निर्देशन में हिंदी विभाग प्रभारी डॉ. प्रशान्त सिंह एवं शिक्षकों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सहायक आचार्य डॉ. विकास चौरसिया ने विषय प्रवर्तन करते हुए हिंदी दिवस मनाने के कारणों पर प्रकाश डाला। अर्थशास्त्र विभाग प्रभारी डॉ. विष्णु कुमार शुक्ल ने कहा कि हिंदी दिवस केवल एक दिन तक सीमित न रहकर वर्षभर हिंदी के उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। डॉ. नवनीत कुमार ने हिंदी की वर्तमान स्थिति के मूल्यांकन पर जोर दिया। डॉ. राकेश कुमार अग्रहरि ने भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की पंक्ति निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल के माध्यम से मातृभाषा के महत्व को रेखांकित किया। महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं उमम, इल्मा खातून, साक्षी, आशीष एवं रचित ने कविताओं और भाषण के माध्यम से हिंदी के महत्व पर विचार रखे। बीए चतुर्थ सेमेस्टर में हिंदी विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं सोना, दिव्या, अनुरूचि, रागिनी तथा एमए द्वितीय सेमेस्टर की हर्षिता सूर्या को हिंदी विभाग की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य सुनील गुप्ता ने किया। तकनीकी सहयोग प्रदीप कुमार ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन विभाग प्रभारी डॉ. प्रशान्त सिंह ने किया।

## तीन स्थानों पर भव्य पंडालों में वैदिक विधि से हुई प्रतिमा स्थापना

सीतापुर। महमूदाबाद इलाके में भगवान गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना के साथ नगर में गणेशोत्सव की धूम शुरू हो गई। मनौतियों के राजा, बाल गणेश और बुद्धि के देवता के रूप में अलग-अलग पंडालों में प्रतिमाएं स्थापित की गईं। नहर कॉलोनी स्थित निजी लॉन में प्राचीन गणेश पूजन महोत्सव समिति की ओर से भव्य प्रतिमा स्थापित की गई। मुख्य यजमान रितेश रस्तोगी के साथ पं. प्रांजुल तिवारी और विशेष दीक्षित ने वेदी निर्माण व पूजन कराया। नई बाजार दक्षिणी में गणेश पूजन उत्सव समिति की ओर से सुनील जायसवाल, नितिन शुक्ल, सूरज गुप्त, हिमांशू गुप्त और सोमनाथ गुप्त की मौजूदगी में प्रतिमा स्थापना हुई। आचार्य अनुराग मिश्र ने मुख्य यजमान नितिन शुक्ल से पूजन कराया। राम जानकी मंदिर में बाल गणेश पूजन में पं. राजेंद्र ने राहुल गुप्त व मृदुल तिवारी के साथ पूजन कराया। दिनभर जयकारों से नगर गूंजता रहा।



## गाजेबाजे के साथ निकली शोभायात्रा, मूर्ति की हुई स्थापना

तिकुनियां-खीरी। भाद्रपद मास के शुक्लपक्ष की चतुर्थी तिथि के साथ ही आज से दस दिवसीय गणेशोत्सव का शुभारंभ हो गया है। गणपति बप्पा मोरया और मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों के



साथ श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य देव भगवान श्रीगणेश का स्वागत किया। सुबह से ही मंदिरो और पूजा पंडालों में भारी भीड़ देखने को मिली। कस्बे में पीपल मंदिर और रामजानकी पटवा मंदिर में गणेश प्रतिमा को स्थापित किया गया है। सोमवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर कस्बे के दो मंदिरों में गणेश प्रतिमा की गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई और फिर वैदिक मंत्रों के साथ मंदिरों में स्थापित किया गया। शोभायात्रा में लग रहे गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से कस्बा गुंजायमान हो उठा। दस दिवसीय चलने वाले इस गणेशोत्सव में दोनों समय आरती व प्रसाद का वितरण होगा और अनंत चतुर्दशी के दिन बप्पा के जल विसर्जन के साथ पर्व का समापन होगा। रामजानकी पटवा मंदिर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने आयोजन किया है। चतुर्थी पर चंद्र दर्शन निषेध धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गणेश चतुर्थी के दिन चन्द्रमा का दर्शन करना वर्जित माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन चन्द्रमा को देखने पर चोरी या झूठा कलंक लगने का दोष लगता है।

इस अवसर पर संतोष तिवारी, हेमंत शर्मा, अशोक शर्मा, पुरुषोत्तम गर्ग, प्रदीप गर्ग मोला, अजय गर्ग, मनोज महावर, प्रदीप शर्मा, सागर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, वीरेंद्र वर्मा, दीपक सिंघल, गोविंद बंसल, विनोद कुमार, पुरूषोत्तम अग्रवाल, सनी अग्रवाल, अभय गोयल, संदीप चौहान, सुनील निषाद, राजीव खत्री, कविता गोयल, अनीता महावर, नीतू महावर, माही गर्ग, मंजू अग्रवाल सहित तमाम महिला पुरुष और बच्चें शामिल रहे।

## सीता इंटर कॉलेज का ताइक्वांडो में दबदबा

सीतापुर। स्पोर्ट्स स्टेडियम महमूदाबाद में सोमवार को जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में जिले के करीब 10 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अंडर-14, 17 और 19 आयु वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में प्रतिभाग किया। सीता इंटर कॉलेज ने बालक और बालिका दोनों वर्गों में विजेता बनकर ओवरऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्रीड़ाधिकारी रवि कुमार निषाद ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। बालक वर्ग में सीता इंटर कॉलेज विजेता और महेंद्र कुमार शास्त्री मेमोरियल इंटर कॉलेज रामपुर-मथुरा उपविजेता रहा। वहीं बालिका वर्ग में भी सीता इंटर कॉलेज ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि सरदार वल्लभ भाई पटेल कन्या शिक्षण संस्थान गोडैचा उपविजेता रहा। प्रतियोगिता स्पोर्ट्स स्टेडियम के प्रशिक्षक जय शंकर गुप्ता की देखरेख में हुई। निर्णायक मंडल में मनीष दत्त, अभिनव कुमार, आलोक कुमार और तुषार श्रीवास्तव रहे। विजेता खिलाड़ियों को सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के उपाध्यक्ष वागीश बाजपेई और अशोक अवस्थी ने पुरस्कार वितरित किए।

## एफटीओ से निकले 45 लाख, फिर भी खाली हैं मजदूरों के खाते

सीतापुर। मनरेगा में कुशल श्रमिकों को काम कराने के बाद भुगतान के लिए इंतजार कराया जा रहा है।

सकरन ब्लॉक की 85 ग्राम पंचायतों में कुशल श्रमिकों के बकाया भुगतान के लिए विभाग की ओर से 11 अगस्त को 80 एफटीओ के जरिए 45 लाख 21 हजार 943 रुपये भेजे जा चुके हैं, लेकिन एक माह बाद भी रकम मजदूरों के खातों तक नहीं पहुंची। भुगतान अटकने से मजदूर आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और हैंडिग स्टोरी टाइप की बनाओपरिवार का भरण-पोषण मुश्किल हो गया है। मोहलिया कलां, नकैला, कुचलइया, बरछता, पिपरा समेत कई ग्राम पंचायतों के प्रधानों का आरोप है कि विभागीय स्तर पर भुगतान खातों में नहीं भेजा जा रहा है, जबकि धनराशि एक माह पहले ही जारी हो चुकी है। प्रधानों का कहना है कि जिले के अन्य ब्लॉकों में भुगतान हो चुका है, लेकिन सकरन के श्रमिक अब भी अपने मेहनताने के लिए भटक रहे हैं। प्रधान संघ अध्यक्ष सुंदर लाल तिवारी ने चेतावनी दी कि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो प्रधान ब्लॉक मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। एपीओ विकास श्रीवास्तव ने बताया कि कई प्रधानों ने शिकायत की है। मामले की जांच कराई जा रही है और जल्द भुगतान कराया जाएगा।

## युवाओं से विकास का विजन जानेंगे एमएलसी अवनीश

सीतापुर। युवाओं की सोच, उनके सवाल और विकसित उत्तर प्रदेश को लेकर उनकी उम्मीदों को जानने के लिए मंगलवार को जन सरोकार संवाद 2026-युवा /2047 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा एमएलसी एवं लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के सदस्य विधान परिषद इंजी. अवनीश कुमार सिंह युवाओं से सीधे संवाद करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहला संवाद गोदलामऊ ब्लॉक में सुबह 10 बजे और दूसरा संवाद मिश्रिख ब्लॉक में सुबह 11:30 बजे होगा।

## विधि-विधान से भगवान गणेश की प्रतिमाएं हुईं स्थापित





सीतापुर। जिले में गणेश चतुर्थी के साथ ही गणेशोत्सव की रंगत छा गई। शहर से लेकर कस्बों तक भव्य पंडाल सजाकर विधि-विधान से भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच निकली शोभायात्राओं ने माहौल को भक्तिमय कर दिया। कई स्थानों पर दस दिवसीय आयोजन शुरू हुए हैं, जिनमें धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सांस्कृतिक और मनोरंजक कार्यक्रम भी होंगे। शहर में लंबे समय से चल रहे गणेश पूजा पंडालों में इस बार विशेष सजावट और आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए तैयार की गई हैं।

### लालबाग के राजा का आकर्षण

सीतापुर। शहर में शहीद पार्क स्थित ह्यलालबाग के राजा गणेश पूजा पंडाल इस बार भी आकर्षण का केंद्र बना है। वर्ष 1992 से लगातार आयोजित हो रहे इस पंडाल में सोमवार को भगवान गणेश की विशाल प्रतिमा शोभायात्रा के बाद विधि-विधान से स्थापित की गई। संतोषी माता मंदिर में पूजन के बाद नंदी पर सवार भगवान भोलेनाथ, उज्जैन के महाकाल और राम-लक्ष्मण को कंधे पर उठाए महाबली हनुमान समेत झांकियों के साथ शोभायात्रा निकली। मुख्य आयोजक पालू रस्तोगी के अनुसार पंडाल को दिल्ली से आए कलाकार ने सजाया है। यहां प्रतिदिन सुबह 10 और रात नौ बजे महाआरती होगी। 15 सितंबर को संगीतमय सुंदरकांड, 16 को भजन संध्या, 17 को लखनऊ के अनुराग मैजिशियन का जादू कार्यक्रम और 18 से 20 सितंबर तक डांस प्रतियोगिता होगी। 21 से 24 सितंबर तक कपिल बावरा, हल्द्वानी की झांकियां, फूलों की होली और 56 भोग का आयोजन होगा। 25 सितंबर को हवन-पूजन, कन्या भोज के बाद विसर्जन शोभायात्रा निकलेगी।

### बच्चों की मेहनत से सजता है जेल रोड का पंडाल

सीतापुर। जेल रोड स्थित सार्वजनिक गणेश पूजा पंडाल भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र है। पिछले नौ वर्षों से आयोजित हो रहे इस पंडाल की खासियत यह है कि इसकी साज-सज्जा में मोहल्ले के छोटे बच्चों से लेकर बड़े तक जुटते हैं। विकास, धनीराम, आकाश, अरुण और अंशु समेत अन्य लोगों ने पंडाल को नया स्वरूप दिया। हनुमान मंदिर के पुजारी नीरज पांडेय ने विधि-विधान से गणेश प्रतिमा की स्थापना कराई।

### सिद्धिविनायक गेस्ट हाउस में 17 साल से गूंज रहा गणेशोत्सव

सीतापुर। लोहारबाग स्थित सिद्धिविनायक गेस्ट हाउस में आयोजक आशुतोष आर्या ह्यमोनूह्ल की ओर से 17 वर्षों से सार्वजनिक गणेश पूजा पंडाल सजाया जा रहा है। यहां धार्मिक आयोजनों के साथ बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर, म्यूजिकल बॉल, डांस, चित्रकला, सामान्य ज्ञान, मेहंदी और अन्य प्रतियोगिताएं होंगी। 24 सितंबर को प्रतिभागियों को पुरस्कार दिए जाएंगे। जूनियर वर्ग में कक्षा एक से चार और सीनियर वर्ग में कक्षा पांच से आठ तक के बच्चे प्रतिभाग कर सकेंगे।

### देवी मंदिर परिसर में चार दिन तक भक्ति और भजनों की रहेगी गूंज

सीतापुर। कस्बे के देवी मंदिर मैदान में दशम गणेश महोत्सव का शुभारंभ हुआ। भव्य पंडाल में गणपति बप्पा की प्रतिमा विधि-विधान से स्थापित कराई गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भाजपा जिलाउपाध्यक्ष जयकुमार वर्मा ने पूजन और प्राणप्रतिष्ठा कराई। ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर बप्पा का स्वागत किया। प्रतिमा स्थापना के बाद आरती कर श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के जयकारे लगाए। आयोजकों के अनुसार चार दिनों तक चलने वाले महोत्सव में सुबह-शाम आरती के साथ भजन-कीर्तन होंगे। मंगलवार शाम गणेश जागरण, बुधवार को संकीर्तन और गुरुवार को विशाल दीप महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सुयश श्रीवास्तव, अजय पटेल, अमित सिंह, ब्रजेश गुप्ता, हनुमान पटेल, गोपाल पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करें कार्यकर्ता: अरविंद गुप्ता



पलियाकलां खीरी। वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक में संगठनात्मक विषयों पर हुआ मंथन। पलिया विधानसभा की वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष आदरणीय अरविंद गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मंत्री विकास श्रीवास्तव बाबा की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता जी ने कहा कि संगठन की मजबूती भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और सभी कार्यकताओं को आपसी समन्वय के साथ पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

क्षेत्रीय मंत्री विकास श्रीवास्तव बाबा ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण से मजबूत हुआ है। वरिष्ठ कार्यकताओं के अनुभव और युवा कार्यकताओं की ऊर्जा के समन्वय से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा संयोजक आशू मिश्रा ने बैठक में विधानसभा क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि कार्यकताओं के बीच निरंतर संवाद और समन्वय संगठन की सफलता का आधार है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन को बूथ स्तर तक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र शुक्ला नगरपालिका अध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता जिला कार्यसमिति सदस्य शैलेन्द्र सिंह आदि ने संबोधित किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष शशि शकंर शुक्ला रामानुज मिश्रा प्रदीप कुमार पूर्व नगर अध्यक्ष आर डी राय श्याम आनन्द राजीव शुक्ला तेजपाल सिंह बिल्लू रमाकांत पांडे प्रगति गुप्ता महामंत्री विजय गुप्ता वरुण मिश्रा शिवराज राणा आदेश ठाकुर देवेंद्र अरोड़ा ममता जायसवाल अर्चना अवस्थी आरती वर्मा संगीता सक्सेना सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने, कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा पार्टी की विचारधारा एवं जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

## छात्रा बनी शिक्षिका, पालिकाध्यक्ष ने की पहल की सराहना



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कम्पोजिट विद्यालय त्रिलोक गिरि में सोमवार को बच्चों के लिए पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू वाटर कूलर लगवाने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं से संवाद कर विद्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसी दौरान कक्षा आठ की छात्रा नेन्शी सिंह ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। हरितालिका तीज के अवसर पर महिला शिक्षिकाओं के अवकाश के बीच नेन्शी कक्षा एक और दो के छोटे बच्चों को पूरे आत्मविश्वास और सहजता से पढ़ाती नजर आईं। वह बच्चों को पाठ समझाने के साथ अनुशासन में भी रख रही थीं। नेन्शी की पहल और नेतृत्व क्षमता से प्रभावित पालिकाध्यक्ष ने उसकी सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों में जिम्मेदारी और नेतृत्व की भावना को प्रोत्साहित करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। ऐसी प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ बच्चों के व्यक्तित्व विकास और प्रतिभा को निखारने पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। नेन्शी का छोटे बच्चों को पढ़ाने का प्रयास अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

संक्षेप

## वरिष्ठ पत्रकार को मातृशोक

रायबरेली। जिले के वरिष्ठ पत्रकार बी.पी. सिंह की पूज्य माताजी श्रीमती राम प्यारी सिंह रामा का 95 वर्ष की आयु में आज उनके पैतृक गांव गोठांव स्थित आवास पर आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन का समाचार अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक है। माताजी का निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। रायबरेली मीडिया क्लब के अध्यक्ष अजीत सिंह, जिला उपाध्यक्ष हरीशानंद मिश्रा आरबी सिंह, रमेश सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव आदि पदाधिकारी ने निधन पर शोक जताते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। मातृभूमि सेवा मिशन, रायबरेली इकाई के मंडल अध्यक्ष बी.पी. सिंह एवं उनके शोकाकुल परिवार के प्रति मिशन परिवार ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## श्रीमद् भागवत कथा में बहेगी अमृत कथा की रसधार

रायबरेली। सताँव विकासखंड में रायबरेली-लालगंज हाईवे पर किलौली चौराहा के करीब स्थित गांव बरउवा में श्रीमद् भागवत कथा के भव्य कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। भक्तगण, पावन कथा श्रद्धेय श्री अभिषेक आचार्य जी महाराज, पीठाधीश्वर कालिकन धाम के मुखारविंद से सुन सकेंगे। कथा के आयोजकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पावन कथा का शुभारंभ 17 सितम्बर 2026 दिन बृहस्पतिवार को सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। दोपहर बाद 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा का प्रतिदिन वाचन किया जाएगा। कथा की पूर्णाहुति एवं महाप्रसाद ब्रह्मभोज का आयोजन शुक्रवार 24 सितम्बर को दोपहर 2 बजे से भक्तों के आने तक अनवरत जारी रहेगा। स्व.रानी सिंह एवं स्व.गुलाब सिंह की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक विनोद सिंह व अनीता सिंह एवं कमलाकांत सिंह, राजेन्द्र प्रताप सिंह सहित ओम प्रकाश सिंह, पवन सिंह, समीर सिंह, शिव कुमार सिंह, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, रणधीर सिंह, सुधीर सिंह, राजकुमार सिंह, सुनील सिंह, अनिल सिंह, मुन्ने सिंह, अमरेश सिंह, गौरव सिंह, सौरभ सिंह, राजेश बहादुर सिंह, पत्रकार संजय कुमार सिंह, अनुराग सिंह आदि ने क्षेत्र व आस पास के भक्तगणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य व प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# लाखों शिवभक्तों से पटा ऊंचाहार

## राज्यपाल व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने श्रवण की कथा भगवान शिव की कथा में नवाया शीश



रायबरेली। श्री शिवमहापुराण कथा के चतुर्थ दिवस सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के पहुंचने से आयोजन का राजनीतिक महत्व भी बढ़ गया। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला भी कथा में शामिल हुए। पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से कथा सुनने के लिए आसपास के जिलों से भी श्रद्धालु पहुंचे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बालिका शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सनातन संस्कारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा समाज और राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। सनातन परंपराएं जीवन को संस्कार और दिशा देने का काम करती हैं। मंच से पंकज चौधरी ने सराहा मनोज पांडेय का नेतृत्व, वरिष्ठता और जनसेवा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कैबिनेट मंत्री एवं ऊंचाहार विधायक मनोज कुमार पांडेय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने मनोज पांडेय को राजनीति का वरिष्ठ और अनुभवी नेता बताते हुए कहा कि ऊंचाहार में इतने बड़े आयोजन के पीछे उनकी क्षेत्र से गहरी आत्मीयता और जनता के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई देती है। उन्होंने ऊंचाहार की जनता का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों ने ऐसे लोकप्रिय जनप्रतिनिधि को चुना है, जो क्षेत्र के विकास और जनसेवा को प्राथमिकता देते हैं। लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी को उन्होंने मनोज पांडेय के प्रति जनता के विश्वास और जुड़ाव का प्रमाण बताया।

पं. प्रदीप मिश्रा ने शिवभक्ति और सनातन संस्कारों का संदेश दिया, इसके बाद कथाव्यास पं. प्रदीप मिश्रा जी ने भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि शिवभक्ति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन को संस्कार, सेवा और सदाचार से जोड़ने का मार्ग है। उन्होंने श्रद्धालुओं को सनातन परंपराओं से जुड़ने और भगवान शिव के प्रति आस्था को जीवन में उतारने का संदेश दिया। उनके व्याख्यान के दौरान कथा पंडाल शिवभक्ति के जयघोष से गूंजता रहा। व्यवस्थाओं में जुटा रहा प्रशासन, श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए पंडालों के अलावा मैदान और आसपास के मार्गों पर भी व्यवस्था की गई। पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, प्रकाश, पार्किंग और आवागमन के इंतजाम किए गए। पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात, बैरिकेडिंग तथा भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त बल लगाया। अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। राज्यपाल-प्रदेश अध्यक्ष समेत दिग्गजों की मौजूदगी से बढ़ा आयोजन का राजनीतिक कद, कथा में मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, राज्यमंत्री राकेश राठौर, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा अवधेश द्विवेदी, विधायक आशा मौर्या, विधायक ज्ञान तिवारी, विधायक रामकृष्ण भार्गव, विधायक प्रेम नारायण पांडेय, विधायक प्रभात वर्मा, विधायक निर्मल वर्मा, विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, एमएलसी रमा निरंजन, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह तथा लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## मनाया गया श्री गणेश पूजा महोत्सव

लालगंज, रायबरेली। ऐहार में श्री सिद्धिविनायक सेवा समिति के तत्वाधान में श्री गणेश पूजा महोत्सव का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ हुआ है। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर गांव के उत्साही नवयुवकों द्वारा विधि-विधान से गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई।

वरिष्ठ समाजसेवी विकास तिवारी ने बताया कि यह आयोजन केवल मूर्ति स्थापना नहीं, बल्कि श्रद्धा को जीवन में उतारने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि मूर्ति श्रद्धा का प्रतीक है और आराधना उस श्रद्धा को जीवन में उतारने का माध्यम है। उन्होंने वैदिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऋग्वेद का प्रसिद्ध मंत्र ग॒णानां त्वा गणपतिं हवामहे...र हमें यह सिखाता है कि यदि 'गण' को जीवन के विभिन्न घटकों - इन्द्रियों, मन, विचारों और कर्मों के रूप में देखें, तो 'गणपति' उस चेतना के प्रतीक हैं जो इन सबका नियमन करती है। इसी कारण गणेश जी को बुद्धि और विवेक का अधिष्ठाता एवं प्रथम पूज्य माना गया है। किसी भी कार्य को आरंभ करने से पहले बुद्धि और विवेक को आगे रखना ही इस परंपरा का सुंदर संदेश है।

प्रतिमा की स्थापना एवं पूजा-अर्चना मुख्य अर्चक, धर्मनिष्ठशिक्षक श्रेयांश मिश्र ने सपत्नीक, आचार्य संतोष शुक्ल के निर्देशन में विधिवत संपन्न कराई।

## जन्मदिन पर सातवीं बार रक्तदान कर पेश की मिसाल



कूरेभार, सुल्तानपुर (वीओएल)। कूरेभार विकास खंड की सेऊर चमुरखा ग्राम पंचायत के युवा प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह सोनू ने विकास और समाजसेवा दोनों में अपनी पहचान बनाई है। पिछले पांच सालों में कराए गए विकास कार्यों के कारण ग्राम सभा को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के लिए चुना गया है। बताते चलें कि 30 वर्षीय सूर्य प्रकाश सिंह सोनू ग्रामीणों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं। उन्होंने अपने जन्मदिन को भी समाजसेवा से जोड़कर एक मिसाल कायम की। सोमवार, 14 सितंबर को अपने जन्मदिन पर सूर्य प्रकाश सिंह सोनू ने सातवीं बार रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। वे जन्मदिन पर रक्तदान की यह परंपरा लगातार निभा रहे हैं। इससे पहले वे क्षेत्र के युवाओं को भी रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सूर्य प्रकाश सिंह ने कहा कि जीवन अनमोल है और किसी की जिंदगी बचाने से बड़ा कोई काम नहीं। इसी सोच के साथ उन्होंने इस साल भी अपने जन्मदिन पर रक्तदान किया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। उनके इस काम की क्षेत्र के लोगों और युवाओं ने तारीफ की है। उन्होंने कहा कि जन्मदिन पर निजी जश्न मनाने के बजाय रक्तदान जैसे नेक काम को प्राथमिकता देना समाज के लिए प्रेरणा है। विकास के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की उनकी यह पहल युवाओं को संदेश दे रही है।

## ट्रेलर की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा की मौत

कादीपुर, सुल्तानपुर (वीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के मंगरवा गांव में सोमवार दोपहर ट्रेलर की साइड लगने से साइकिल सवार कक्षा नौ की छात्रा की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रेलर लेकर मौके से फरार हो गया। कलिकापुर गांव निवासी इंद्रभान मिश्र की पुत्री अनामिका (14) क्षेत्र के एक निजी इंटर कॉलेज में कक्षा नौ की छात्रा थी। सोमवार को करीब 1:45 बजे वह साइकिल से विद्यालय से घर लौट रही थी। रामनयन वर्मा लॉ कॉलेज के मोड़ के पास पहुंचते ही पीछे से आए ट्रेलर ने उसे साइड मार दी। टक्कर लगने से छात्रा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे और छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर ले गए। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बेटी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। ट्रेलर चालक की तलाश की जा रही है।

## परिषदीय अनुदेशक संघ की नई कार्यकारिणी घोषित



सुलतानपुर (वीओएल)। परिषदीय अनुदेशक संघ, सुल्तानपुर को और अधिक मजबूत, सक्रिय और गतिशील बनाने के उद्देश्य से जिला टीम की तरफ से नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शहर के तिकोनिया पार्क में आयोजित बैठक के दौरान जिला महामंत्री राघवेंद्र तिवारी सहित जिला पदाधिकारियों एवं अनुदेशक साथियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से संगठन विस्तार करते हुए महत्वपूर्ण पदों पर मनोनीत किया गया। संघ द्वारा जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार वीर बहादुर सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष मोतीगरपुर के साथ-साथ जिला संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। अमरेंद्र सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष कूरेभार एवं जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। बैठक में जिला अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा, हमें पूरा विश्वास है कि आपके नेतृत्व, समर्पण और कार्यकुशलता से परिषदीय अनुदेशक संघ नई ऊंचाइयों को छुएगा। नए पदाधिकारी अनुदेशक साथियों के हितों की रक्षा व संगठन की मजबूती के लिए सदैव तत्पर रहेंगे और पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और अनुदेशक साथियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को इस नए और महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर रितेश त्रिपाठी, अभिषेक सिंह, हरकेश कुमार, प्रेम चैरसिया, पुनीत सिंह, आदित्य दुबे, निर्भय सिंह, अवधेश कुमार, गौरव सिंह, महेंद्र यादव, दिलीप कुमार, देवेंद्र कुमार, नीतू सिंह, रिक्कू, सरोज, गीता मौर्य, सुरेंद्र प्रताप, सरोज अजीत, प्रताप सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# पंखे के हुक से लटकता मिला युवक का शव

परशदेपुर रायबरेली। डीह थाना के परशदेपुर चौकी क्षेत्र में 25 वर्षीय युवक का शव कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से पंखे के हुक से लटकता पाया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी क्षेत्र के पूरे मकन्दी मजरे बारा गांव में रविवार देर रात 25 वर्षीय प्रेमचन्द्र पुत्र सभादीन पासी का शव कमरे के अन्दर साड़ी के फंदे से पंखे के हुक के सहारे लटकता पाया गया। वहीं पुलिस को बगैर सूचना दिए परिजनों ने शव को नीचे उतार लिया। सुबह परशदेपुर पुलिस चौकी को घटना की सूचना दी गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवक की मौत से घर मे कोहराम मच गया। पत्नी सीमा का रो रो कर बुरा हाल है। पति की मौत के बाद बिलखती माँ के पास खड़ी डेढ़ वर्षीय बेटी को यह भी नही पता कि उसके सिर से अब पिता का साया उठ गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी, डेढ़ वर्षीय बेटी जान्हवी व बुजुर्ग माँ नीधा देवी को छोड़ गया। मृतक की माँ के मुताबिक रात्रि लगभग ग्यारह बजे बेटे के कमरे से कुछगिरने की आवाज आई तो वह कमरे में पहुंची तो देखा कि बेटे का शव पंखे के हुक के सहारे लटक रहा था। आस पास के लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया पर तब तक उसकी मौत हो गयी थी। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था और घर पर ही रहकर मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसकी मौत से पूरे परिवार में मातम छा गया है। चौकी इंचार्ज मोहित कुमार भारद्वाज ने बताया कि सुबह सूचना मिलने के बाद घटना स्थल पर पहुंचे लेकिन तब तक परिजनों द्वारा शव को नीचे उतार लिया गया था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ जागरूकता शिविर



रायबरेली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनिशा द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सचिव द्वारा जिला कारागार में स्थित पाकशाला के अतिरिक्त बन्दियों के बैरक व महिला बैरक का निरीक्षण कर बन्दियों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा बन्दियों से उनके मुकदमें में पैरवी के सम्बन्ध में अधिवक्ता की उपलब्धता के बाबत जानकारी ली गयी। निरीक्षण के पश्चात बन्दियों को विधिक रुप से जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि जिन बन्दियों को निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो वह जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। निरीक्षण के दौरान व विधिक जागरुकता कार्यक्रम में जेलर हिमाशुँ रौतेला, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव, उपकारापाल धर्मपाल सिंह उपस्थित रहे।

# पहले प्रकाश, पेयजल-सीवर लाइन फिर होगा सड़क निर्माण

## महापौर ने नवविकसित कॉलोनियों का किया भ्रमण



अयोध्या। नवविकसित कॉलोनियों में पहले पेयजल और सीवर लाइन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, इसके बाद सड़क निर्माण कराया जाएगा। साथ ही स्ट्रीट लाइट और सफाई व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी जाएगी। यह वादा महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने सोमवार को द्वारगर की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विभिन्न कॉलोनियों के भ्रमण के दौरान किया। उन्होंने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार और नगर निगम की टीम के साथ क्षेत्रों का निरीक्षण कर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। महापौर सुबह 7.45 बजे जनौरा वार्ड के गिरिजा कुंड पहुंचे। यहीं से नगर आयुक्त और नगर निगम की टीम के साथ भ्रमण शुरू हुआ। मोड़ स्थित बारातघर पर अवैध कब्जे की शिकायत पर महापौर ने कब्जा हटाने के निर्देश दिए। गिरिजा कुंड की पैमाइश कराने की आवश्यकता भी नगर आयुक्त ने जताई। इसके बाद टीम खेतबगिया पहुंची। यहां सोलर लाइट लगवाने का आश्वासन दिया। वजीरगंज वार्ड के चेला छावनी क्षेत्र में स्थानीय लोगों ने सड़क, सीवर और पेयजल की समस्याएं बताईं। महापौर ने कहा कि क्षेत्र में पहले पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके बाद आवश्यकता के अनुसार स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। सीवर लाइन पड़ने के बाद सड़क निर्माण की पहल की जाएगी। तब तक रास्ते को आवागमन योग्य बनाए रखने के लिए राबिश डलवाने के निर्देश दिए। श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड की अश्वनीपुरम फेस-टू कॉलोनी में पेयजल और प्रकाश की समस्या सामने आई। महापौर ने जल्द पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कराने और स्ट्रीट लाइट लगवाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि गलियों में मलबा डालकर रास्ते को अस्थायी रूप से ठीक कराया जाएगा। सड़क निर्माण में समय लगेगा, इसलिए पहले पानी और सीवर की व्यवस्था की जाएगी। नगर निगम के जन संपर्क अधिकारी मुकेश पांडे ने बताया कि सरस्वतीपुरम फेस-टू कॉलोनी में प्रमोद पाठक के आवास पर महापौर ने चैपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं।

# बच्चों व माताओं को मिलेगी बेहतर सुविधा

## 11.84-11.84 लाख रुपये की लागत से बने केंद्रों का हुआ लोकार्पण

अयोध्या। पूरा बाजार क्षेत्र के जलालुद्दीन नगर और सिरसिंडा में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों का सोमवार को विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने लोकार्पण किया। दोनों आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण 11.84-11.84 लाख रुपये की लागत से कराया गया है। केंद्रों में बच्चों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक कमरे के साथ किचन और शौचालय का निर्माण कराया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान सिरसिंडा में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने दो बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इसके साथ ही एक गर्भवती महिला की गोदभराई की रस्म भी संपन्न कराई गई। इस अवसर पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के प्रारंभिक विकास और मातृ स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उनके आसपास ही उपलब्ध हों। नवनिर्मित केंद्रों से बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों को बेहतर वातावरण मिलेगा। कहा कि केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को पोषण संबंधी सुविधाओं के साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी पहुंचाया जा रहा है। मौके पर गन्ना चेयरमैन दीपेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष कपिल देव वर्मा, बीडीओ अनुराग सिंह, नंद कुमार सिंह, अजय सिंह, प्रधान प्रेमा देवी, रामचन्द्र सिंह, स्वाती सिंह, सुरकेश सिंह, बैजनाथ सिंह, पिंकू सिंह, हरिकेश सिंह, प्रधान राकेश सिंह, अशोक सिंह, डिम्पल सिंह, सजन लाल गुप्ता, रामू सोनी, बच्चा लाल, जगदम्बा गुप्ता सहित बडी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी रही।



## गांव से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नई पहचान बना रहे राम अनुज



सुलतानपुर (वीओएल)। अमहट पूरे गांव निवासी 30 वर्षीय राम अनुज वर्मा ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। प्रथम पीढ़ी के उद्यमी राम अनुज वर्मा सोलर ईपीसी एवं स्वतंत्र विद्युत उत्पादक कंपनी आरएवीसी के संस्थापक और सीईओ हैं। कंपनी अब तक छह राज्यों में 500 मेगावाट से अधिक सौर क्षमता स्थापित कर चुकी है। किसान परिवार में जन्मे राम अनुज ने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद अडानी समूह में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का अनुभव हासिल किया। वर्ष 2019 में नौकरी छोड़कर उद्यमिता की राह चुनी और 2021 में लखनऊ में आरएवीसी की स्थापना की। पांच वर्षों में कंपनी के कारोबार में करीब 100 गुना वृद्धि हुई। हाल में लखनऊ में आयोजित आरईवी एक्सपो-2026 में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आरएवीसी की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कंपनी द्वाअपनी थालीह्य पहल के तहत सरकारी अस्पतालों में मरीजों के परिजनों को भोजन भी उपलब्ध कराती है। राम अनुज को यूपी एनर्जी आइकॉन्स-2025 और स्टेट लीडरशिप अवार्ड-2024 से सम्मानित किया जा चुका है।

## पूर्व सपा विधायक के खिलाफ दायर निगरानी अर्जी पर 28 को होगी सुनवाई

सुलतानपुर (वीओएल)। लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत तीन आरोपितों के खिलाफ दर्ज सुनील यादव की हत्या के मामले में सोमवार को वकीलों के कार्य बहिष्कार के कारण सुनवाई नहीं हो पाई। पूर्व विधायक के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट के एडीजे राकेश ने पुलिस की फाइनल रिपोर्ट पर मृतक की पत्नी सरिता यादव की ओर से दी गई प्रोटेस्ट अर्जी खारिज होने के खिलाफ दायर निगरानी अर्जी पर अगली सुनवाई के लिए 28 सितंबर की तिथि तय की है। चांदा के मदारडीह गांव के सुनील यादव की हत्या करने के आरोप में उनकी पत्नी सरिता यादव ने आठ जुलाई 2025 को लंभुआ के पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय, उनके साले विवेक मिश्र व सह आरोपित सुशील उर्फ मुन्ना के खिलाफ केस दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। इसके खिलाफ मृतक की पत्नी सरिता यादव की ओर से दायर प्रोटेस्ट अर्जी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ सरिता यादव ने सेशन कोर्ट में निगरानी अर्जी दायर की है।

## खतौनी पर बैंक से लोन लेने का मामला गर्माया

अयोध्या। पूरा बाजार के ग्राम चरेरा निवासी अखिलेश मौर्य पुत्र केशवराम की खतौनी पर किसी व्यक्ति द्वारा लिये गये फर्जी तरीके से लिये गये लोन लेने का मामला गर्माया। पीड़ित ने किसी व्यक्ति द्वारा अपनी खतौनी पर फर्जी तरीके से इलाहाबाद बैंक मानस नगर शाखा अयोध्या से शिकायत किया है। इसके अलावा प्रार्थी ने मामले की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या व शाखा प्रबन्धक इलाहाबाद बैंक मानस नगर शाखा से भी किया है। प्रार्थी द्वारा जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में कहा है कि गुरुनानक स्कूल के पास स्थित मोहल्ला मानस नगर में इलाबाद बैंक की शाखा है। प्रार्थी जब अपनी खतौनी पर किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने गया तो इलाहाबाद बैंक लोगों ने बताया कि आपकी खतौनी पर लोन है यह सुनकर प्रार्थी स्तब्ध रह गया।

## नैना तिवारी ने पहले प्रयास में सीएसआईआर नेट लाइफ साइंस परीक्षा की उत्तीर्ण

मिल्कीपुर-अयोध्या। पत्रकार महेंद्र तिवारी की पुत्री कु. नैना तिवारी ने अपने पहले प्रयास में सीएसआईआर नेट लाइफ साइंस में (असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीएचडी) परीक्षा उत्तीर्ण की है। परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ उन्होंने असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीएचडी के लिए पात्रता हासिल की है। नैना की सफलता की जानकारी मिलने पर रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू तिवारी और मां कामाख्या धाम नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला ने पारा ब्रम्हनान, कुचेरा बाजार स्थित उनके आवास पर पहुंच कर उन्हें बधाई दी। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नैना तिवारी ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने नियमित अध्ययन पर ध्यान दिया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि आगे शोध के क्षेत्र में कार्य करना उनका लक्ष्य है। नैना की कक्षा आठ तक की शिक्षा चंडीगढ़ में हुई। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई सेंट्रल स्कूल, सेक्टर-9, लखनऊ से पूरी की। इसके बाद बीएससी और एमएससी की शिक्षा आईटी कॉलेज, लखनऊ से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। कक्षा एक से परास्नातक तक उन्होंने प्रथम श्रेणी में शिक्षा पूरी की। नैना की उपलब्धि पर वरिष्ठ पत्रकार रमाशरण अवस्थी, उच्च न्यायालय लखनऊ के अधिवक्ता अजय पांडे, बंशीधर दुबे, हरिकेश शुक्ला उर्फ बब्बन शुक्ला, शत्रुघ्न पांडे, राकेश तिवारी, भवानी फेर मिश्रा, विजय कुमार पांडे, जगन्नाथ पाठक, अनूपधर द्विवेदी सहित सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों ने बधाई दी।

# रामनगरी अयोध्या में स्वच्छता की नयी सौगात

## एसबीआईकैप व सुलभ इंटरनेशनल ने की साझेदारी

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में तीर्थयात्रियों और आम जनता के लिए स्वच्छ, सुलभ और गरिमापूर्ण स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ी पहल हुई है। भारतीय स्टेट बैंक की समूह कंपनी एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड ने अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सी.एस.आर) कार्यक्रम के तहत सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस ऑर्गनाइजेशन (एसआईएसएसओ) के साथ साझेदारी की है। इस पहल के माध्यम से अयोध्या के अधिक भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों पर आधुनिक सुलभ टॉयलेट कॉम्प्लेक्स स्थापित किए जा रहे हैं। इसका उद्देश्य उन क्षेत्रों में विश्वसनीय स्वच्छता अवसंरचना की कमी को पूरा करना है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं। प्रत्येक परिसर में प्रतिदिन लगभग 600 से 1,000



उपयोगकर्ताओं जिनमें पुरुष, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन शामिल हैं के आने की संभावना है। सुविधाओं की दिन में तीन बार सफाई और नियमित निगरानी की जाएगी। एसबीआईकैप सिक्योरिटीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ बलदेव प्रकाश ने कहा, सुरक्षित और गरिमापूर्ण स्वच्छता तक पहुंच प्रत्येक समुदाय के कल्याण के लिए मौलिक है। हमारा मानना है कि सी.एस.आर को सार्थक और टिकाऊ सामाजिक प्रभाव उत्पन्न करना चाहिए। हमें अयोध्या में इस पहल में योगदान देने पर प्रसन्नता है। एसआईएसएसओ की सीनियर वीपी डॉ. लिली गुप्ता और नियंत्रक उत्तर प्रदेश राज्य शाखा फतेह बहादुर सिंह ने कहा, स्वच्छता केवल शौचालयों के निर्माण तक सीमित नहीं है, यह स्वस्थ समाज के निर्माण और प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा बहाल करने के बारे में है। महिलाओं, बच्चों और युवाओं पर विशेष ध्यान देकर हम स्थायी व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देंगे। यह सहयोग स्वच्छ भारत अभियान के उद्देश्यों और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य एसडीजी-6 (स्वच्छ पानी और स्वच्छता) के अनुरूप है। इसके साथ ही समुदाय में स्वच्छता और हाइजीन को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि खुले में शौच को हतोत्साहित किया जा सके और जिम्मेदार स्वच्छता व्यवहार को बढ़ावा मिले।

संक्षेप

## जनता दर्शन में बुजुर्ग महिला का बना आयुष्मान कार्ड

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनने के दौरान ग्राम परसा जोकहा, विकास खंड बैतालपुर निवासी 80 वर्षीय हरिमती से आयुष्मान कार्ड बनने के संबंध में जानकारी ली। महिला ने बताया कि अभी तक उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को महिला का आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही हरिमती का आयुष्मान कार्ड बनवाया और उन्हें उपलब्ध कराया। इस दौरान जिलाधिकारी ने 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रक्रिया की जानकारी ली तथा पात्र बुजुर्गों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# जितनी भाषा सीखेंगे, हृदय उतना ही विशाल होगा: पटपुर्ति पद्मिनी

राकेश धर द्विवेदी

- हैदराबाद की हिंदी प्रचारक पटपुर्ति पद्मिनी को नागरी रत्न व सुरेद्र वाजपेयी को नागररी भूषण सम्मान
- हिंदी दिवस पर सम्मान समारोह

**देवरिया।** 14 सितंबर हिन्दी दिवस के अवसर पर सभा के अध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी, मंत्री डा. अनिल कुमार त्रिपाठी तथा समिति के सदस्य गण द्वारा पुट्पर्ति नाग पद्ममिनी, हिन्दी प्रचारक हैदराबाद, तेलंगाना को नागरी रत्न सम्मान से अलंकृत किया। पद्मिनी जी को सम्मान के तहत प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र, साल तथा 11 हजार रूपए नकद प्रदान किये गये। इनके प्रशस्ति पत्र का वाचन डॉ मधुसूदन मणि त्रिपाठी ने किया। इसके उपरांत सुरेन्द्र वाजपेई, प्रसिद्ध उपन्यासकार, वाराणसी को नागरी भूषण सम्मान से अलंकृत किया गया। श्री वाजपेई जी को सम्मान के तहत प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं साल के साथ 7 हजार रुपए नकद प्रदान किया गया। वाजपेई जी के प्रशस्ति पत्र का वाचन इन्द्र कुमार दीक्षित ने किया। गोपालगंज, बिहार से आये प्रख्यात कवि सर्वेश तिवारी को नागरी श्री सम्मान से सभा ने सम्मानित किया। श्री तिवारी जी को सम्मान के तहत प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र, साल तथा 5 हजार रुपए नकद भेंट दिए गये। श्री तिवारी जी के प्रशस्ति पत्र का वाचन ब्रजेश पाण्डेय संयुक्त मंत्री ने किया।

इसके बाद नागरी रत्न से अलंकृत पुट्पर्ति नाग पद्ममिनी ने अपने उद्बोधन में कहा मेरे पिताजी कहा करते थे तुम जितनी भाषा सीखोगी तुम्हारा ह्रदय उतना ही विशाल होगा। उन्होंने बहुत पहले कहा तेलुगू के साथ हिन्दी में भी काम करो क्योंकि हिन्दी विश्व भाषा बनने जा रही है।

आगे पद्ममिनी जी ने अपने पिता द्वारा तेलुगू में रचित शिव तांडव का तेलुगू तथा हिन्दी दोनों भाषाओं में ओज पूर्ण वाचन कर सबको भाव विह्वल कर दिया।नागरी भूषण सम्मान से सम्मानित सुरेन्द्र वाजपेई ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा हिन्दी की साधना दो अर्थों में होती है पहला साधक और



दूसरा सेवी के रुप में केवल हल्ला करने से हिन्दी का विकास नहीं होगा। हिन्दी के प्रत्येक क्षेत्र में मन से परिश्रम करना पड़ेगा। मैं आप लोगों के प्रति मन से कृतज्ञ हूं। नागरी श्री से सम्मानित श्री सर्वेश तिवारी श्रीमुख ने अपनी बात कविता में कही कि जब समाज में मयार्दा के वस्त्र उतारे जायेंगे, द्रोण, भीष्म भी छल से मारे जायेंगे। इसके बाद सभा के नये आजीवन सदस्य अमित कुमार त्रिपाठी, राम मनोहर मिश्र मिहिर, अमित कुमार अग्रवाल, प्रभाकर मिश्र, रंजीता श्रीवास्तव, बद्री प्रसाद वर्मा अनजान, जितेन्द्र सिंह, कालिंदी बृजेश त्रिपाठी, सुनील त्रिपाठी, राकेश मिश्रा, गिरिजेश पति त्रिपाठी, अजय कुमार उपाध्याय, अमित कुमार सिंह को प्रमाण पत्र दिया गया और शपथ दिलाई गई। फिर 11 सितंबर को हुए वाद विवाद प्रतियोगिता में पुरस्कृत छात्र छात्राओं को पुस्तक एवं प्रमाण पत्र अतिथि गण द्वारा दिया गया। समारोह का ओज पूर्ण एवं भाव प्रवण संचालन रविकांत मणि त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ सौरभ श्रीवास्तव ने पूरे मनोयोग के साथ सम्पूर्ण व्यवस्था को सुनिश्चित कराया। इस अवसर पर दिनेश कुमार त्रिपाठी, संजय कुमार राव, जय प्रकाश मणि त्रिपाठी, डॉ रमाकांत कुशवाहा, डॉ शकुंतला दीक्षित, सौदागर सिंह, पुरुषोत्तम मरोदिया, वृद्धि चन्द्र विश्वकर्मा, इन्द्र कुमार दीक्षित, डॉ दिवाकर प्रसाद तिवारी, जगदीश उपाध्याय, डा मधुसूदन मिश्र, रमेश चन्द्र त्रिपाठी, अशोक दीक्षित, नन्दलाल मणि, पुष्पा सिंह विसेन, भृगुदेव मिश्र, अंजलि अरोड़ा खुशबू, सुबास राय पूर्व सभासद, कौशल कुमार मिश्र, ताज मोहम्मद, विजय भारत सिंह ऋषिकेश मिश्र, गोपाल जी त्रिपाठी, अरुण राव, रजनीश मोहन गोरे, श्वेतांक मणि त्रिपाठी आदि गणमान्य उपस्थित रहे। इसके पूर्व समारोह का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन तथा राष्ट्र गीत के साथ हुआ। सरस्वती वंदना अंजलि अरोड़ा खुशबू ने और स्वागत गीत दयाशंकर कुशवाहा ने किया। सभा के मंत्री डॉ अनिल कुमार त्रिपाठी ने आगत अतिथियों का परिचय श्रोताओं से कराया एवं सभा की परंपरा से अवगत कराया। अंत में राष्ट्र गान के पश्चात समारोह के समापन की घोषणा की गयी।

## विवादित रास्ते का हुआ समाधान, सीसी सड़क बनने से आवागमन सुगम

**देवरिया।** गत दिवस नगर पंचायत बरियारपुर में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के समक्ष विवादित रास्ते का एक प्रकरण संज्ञान में आए जाने पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को टीम गठित कर मामले का निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के क्रम में उप जिलाधिकारी द्वारा नायब तहसीलदार शिवेंद्र कौंडिल्य के नेतृत्व में टीम गठित कर प्रकरण का निस्तारण करते हुए विवादित रास्ते का सीमांकन कराते हुए जनसुविधा के लिए सीसी निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए गए थे। उक्त के क्रम में सीसी का निर्माण कर सड़क को सुचारू रूप से आवागमन योग्य किया गया। जिसका निरीक्षण आज जिलाधिकारी ने स्वयं औचक रूप से किया। निर्माण कार्य पूर्ण पाया गया तथा सीसी सड़क के निर्माण कार्य से नगर पंचायत बरियारपुर में काफी खुशी देखी गई। जिलाधिकारी द्वारा तत्परता पूर्वक मामले के निस्तारण किए जाने से आमजन ने भी उनकी काफी सराहना की।इस निरीक्षण के समय अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बरियारपुर, नायब तहसीलदार शिवेंद्र कौंडिल्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए प्रस्ताव 25 सितंबर तक

**देवरिया।** वर्ष 2026-27 के लिए गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु पात्र महानुभावों के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह ने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को पात्र व्यक्तियों के प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में 25 सितंबर तक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। पात्र व्यक्तियों के प्रस्ताव के साथ व्यक्तित्व एवं कृतित्व के संबंध में साइटेशन उपलब्ध कराई जाएं, ताकि प्रस्तावों को निर्धारित समयसीमा के भीतर शासन को भेजा जा सके पुरस्कार के लिए वही व्यक्ति पात्र होगा, जो भारत का मूल नागरिक हो, पुरस्कार पर विचार किए जाने वाले वर्ष में सामान्यतया उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर निवास करता रहा हो तथा मानवाधिकार, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया हो। साथ ही, संबंधित व्यक्ति को गुरु गोविंद सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अंतर्गत पूर्व में राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत नहीं किया गया हो।

## छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 सितंबर

**देवरिया।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में छात्रवृत्ति के लिए शासन द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार कक्षा 9 से 12 तक के सभी वर्गों के छात्र-छात्राएं 21 सितंबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा 30 सितंबर तक फाइनल प्रिंट निकालना होगा। हार्ड कॉपी एवं आवश्यक संलग्नकों सहित आवेदन पत्र विद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिन छात्र-छात्राओं ने अभी तक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है, वे निर्धारित समय सीमा के भीतर तत्काल आवेदन कर लें। छात्रवृत्ति की धनराशि पीएफएमएस (ढत्रह्रर) के माध्यम से छात्र-छात्राओं के आधार सीडेड एवं एनपीसीआई से मैप्ड बैंक खातों में भेजी जाती है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपने बैंक खाते को तत्काल एनपीसीआई से मैप कराने की अपील की, ताकि उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ समय से मिल सके।

# सूरजनगर में सजेगा पहलवानों का रण, देश-विदेश के दिग्गज दिखायेंगे दमखम

जिला संवाददाता

**16-17 सितंबर को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय दंगल मेला, नेपाल समेत कई राज्यों के पहलवान होंगे आमने-सामने**

**कुशीनगर।** मिट्टी के अखाड़े में जब पहलवानों की ललकार गूंजेगी और दांव-पेंच के बीच जोर आजमाइश शुरू होगी तो सूरजनगर का माहौल रोमांच से भर उठेगा। जिले के विशुनपुरा ब्लाक के सूरजनगर स्थित प्राचीन बाबा विश्वकर्मा मंदिर परिसर में 16 और 17 सितंबर को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय दंगल मेला आयोजित होगा। अखाड़े में देश के विभिन्न राज्यों के साथ नेपाल, भूटान समेत कई स्थानों के नामचीन पहलवान अपना दमखम दिखाएंगे। वहीं, रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम और परिसर में लगने वाला मेला श्रद्धालुओं व दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेगा।

मंदिर के महंत पारसनाथ फक्कड़ बाबा ने बताया कि दंगल की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।16 सितंबर को बजरंग अखाड़े में कुशीनगर, महराजगंज, बिहार समेत आसपास के क्षेत्रों के क्षेत्रीय पहलवानों के बीच मुकाबले होंगे। इसके अगले दिन यानी 17 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवान अखाड़े में उतरेंगे।

### ये पहलवान अखाड़े में उतरेंगे

आयोजकों के अनुसार दंगल में बाबा लाड़ी, बाबा फकीर, रूबी थापा, हिटलर, बल्लू बलराम, कट्टप्पा, जल्लाद, चीम-चीम डोगरा और नकाबपोश समेत कई चर्चित पहलवान शिरकत करेंगे। इनके अलावा अयोध्या, राजस्थान, दिल्ली, वाराणसी, नेपाल, बिहार, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, भूटान और बंगाल सहित विभिन्न स्थानों से पहलवान पहुंचेंगे।

### विजेताओं का होगा सम्मान

दो दिवसीय दंगल में शानदार प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को विश्वकर्मा पूजा समिति की ओर से सम्मानित किया जाएगा। मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। दंगल के साथ रात में नेपाल और महराजगंज के कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।इससे आयोजन में कुश्ती के रोमांच के साथ लोक संस्कृति की रंगत भी देखने को मिलेगी। मंदिर परिसर में दोनों दिनों मेला और भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम में क्षेत्रीयअधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग भी शामिल होंगे। आयोजकों की ओर से श्रद्धालुओं और दर्शकों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# मोटर पंप चोरों का आतंक, लोग परेशान

जिला संवाददाता

**भटनी (देवरिया)।** खेत में मोटर लगाइए, सिंचाई की चिंता छोड़िए और अब उसकी सुरक्षा की चिंता कीजिए। भटनी क्षेत्र में मोटर पंप चोरों ने ऐसा ह्यखुला खेलह्न शुरू कर रखा है कि किसान परेशान हैं और पुलिस की कार्रवाई हर बार तहरीर से शुरू होकर जांच पर आकर ठहर जा रही है। चोर एक के बाद एक खेतों को निशाना बना रहे हैं, लेकिन पुलिस के हाथ अब तक कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। जनवरी से लेकर अब तक क्षेत्र में खेतों से चोरी गए मोटरों की किसी घटना के पदार्फाश नही होने से मोटर चोरी की घटनाओं पर लगाम नही लग पा रहा है ।

ताजा मामला पिपरा विठ्ठल गांव के छावनी टोला से सटे पश्चिम स्थित खेत का है। गांव निवासी अंगद सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार दोपहर करीब दो बजे उनके खेत में रखा मोटर और छोटी ट्राली गायब हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, आसपास जांच-पड़ताल की और वापस लौट गई। इसके बाद चोरों की तलाश कहां तक पहुंची, इसका जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है।मोटर चोरी का यह सिलसिला नया नहीं है। बनकटा तिवारी निवासी हर्ष पांडेय के खेत से 19 जनवरी को मोटर पंप चोरी हुआ था। चोरों का मन नहीं भरा तो 23 अगस्त को उसी स्थान से दूसरा मोटर पंप भी उठा ले गए। तीन सितंबर की शाम करीब 7:30 से 8 बजे के बीच कपिलदेव यादव के खेत से भी मोटर पंप चोरी कर लिया गया। अब 13 सितंबर को ग्राम पिपराबिठ्ठल अंगद सिंह के खेत में चोरों ने हाथ साफ कर दिया। 13/14सितम्बर की रात्रिको पिपराबिठ्ठल में गाँव के पूरब नागा बाबा के समाधि के बगल में लगे प्रसिध्दनारारण सिंह के खेत में लगे मोटर को हेक्शा से नट काटकर चोर उठा ले गये घटना की सूचना ड्रायल 112नम्बर पुलिस को दिया पुलिस आयी थाने पर बुलाई ।थाने पर जाकर तहरीर दिया ।थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता ने अंगद सिंह एवं प्रसिध्दनारारण सिंह को मोटर बरामद करने का आस्वासन दिया ।लगातार हो रही घटनाओं से किसानों में नाराजगी है। किसानों का कहना है कि तहरीर दीजिए, अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराइए और फिर पुलिस की जांच का इंतजार कीजिए—मोटर चोरों के लिए इससे बेहतर व्यवस्था और क्या होगी ! एक के बाद एक मोटर चोरी होने के बावजूद चोरों तक पुलिस का हाथ न पहुंचना कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहा है।

हालात यह हैं कि चोर खेतों में मोटर तलाश रहे हैं और किसान पुलिस की कार्रवाई।

फर्क सिर्फ इतना है कि चोरों को अपना निशाना मिल जा रहा है, जबकि पुलिस को अभी तक सुराग नहीं मिल पा रहा है।

अब किसानों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि अगली रात किस खेत की बारी होगी? क्या किसी किसान का मोटर चोरी होने के बाद ही पुलिस की नींद खुलेगी या इससे पहले चोरों के गिरोह तक पहुंचने की कोशिश होगी

## निर्माणाधीन नगर पंचायत कार्यालय के कार्य में विलंब पर डीएम नाराज



**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज निर्माणाधीन नगर पंचायत कार्यालय बरियारपुर के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य में विलंब पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सितंबर माह तक प्रत्येक दशा में कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही ठेकेदार एवं कार्यदाई संस्था को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय तक कार्य पूर्ण नहीं होता है तो संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई के साथ ही एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी 2 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत वाली इस निमार्णाधीन परियोजना का शुभारंभ जून 2025 में हुआ था, जिसे जून 2026 तक पूर्ण किया जाना निर्धारित था। निर्धारित तिथि के लगभग चार माह बाद भी कार्य पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ठेकेदार एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के साथ ही संबंधितों को प्रत्येक दशा में कार्य को गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाने की कड़ी चेतावनी दी। जिलाधिकारी के निरीक्षण के समय कार्यदायी संस्था सीएमडीएस, डीएसटीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भटनी पहुंचे डीएम, स्वास्थ्य केंद्र से थाने तक मचा हड़कंप

**रजिस्टरों में मिली खामियां, एमवाईसी अनुपस्थित : शौचालय की समस्या के समाधान का दिया निर्देश**

**भटनी (देवरिया)।** साधारण पैंट-शर्ट और चप्पल पहनकर बिना किसी पूर्व सूचना के रविवार देर शाम भटनी पहुंचे जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और भटनी थाने का औचक निरीक्षण किया। डीएम के अचानक पहुंचते ही स्वास्थ्य केंद्र से लेकर थाने तक कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों और व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की तथा कमियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए।स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में एमवाईसी अनुपस्थित पाए गए। उपस्थिति समेत कई रजिस्टरों का रखरखाव भी संतोषजनक नहीं मिला। जिलाधिकारी ने प्रसव कक्ष का बाहर से निरीक्षण किया। इसके बाद आशा देवी और एएनएम से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने लाभार्थी कार्ड को सही ढंग से भरने तथा रेफरल रजिस्टर को पूर्ण रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में रेफरल संबंधी आंकड़े भी ठीक ढंग से दर्ज नहीं मिले।

डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर ही कई मामलों का निदान संभव है। स्वास्थ्य व्यवस्था को इस स्तर पर बेहतर बनाया जाए, ताकि अधिक से अधिक मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार मिल सके और उन्हें अनावश्यक रूप से जिला मुख्यालय न जाना पड़े। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। शौचालय की समस्या की जानकारी मिलने पर संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए उसके समाधान के लिए तत्काल पहल करने का निर्देश दिया।

वहीं, डिलीवरी रजिस्टर में प्रसव संबंधी विवरण सही ढंग से दर्ज मिला। निरीक्षण के समय इमरजेंसी चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके भास्कर, फार्मासिस्ट अंकुर यादव, वार्डब्वाय




समर सिंह पासवान, ईटीसी स्टाफ सुनीता देवी मौजूद मिले। डिलीवरी कक्ष में स्टाफ नर्स सुनीता प्रसव करा रही थीं।इसके बाद जिलाधिकारी भटनी थाने पहुंचे। यहां थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्ता मौजूद मिले। डीएम ने आईजीआरएस के अभिलेख एवं रजिस्टर, अपराध संबंधी रिकॉर्ड तथा महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों के अभिलेखों की जांच की। थाने तक पहुंचने वाली सड़क की समस्या भी उनके संज्ञान में आई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर समस्या के जल्द समाधान की दिशा में पहल करने का निर्देश दिया।

एक ही दौरे में स्वास्थ्य केंद्र से लेकर थाने तक व्यवस्थाओं की पड़ताल और कमियों के समाधान की पहल से क्षेत्र में जिलाधिकारी के औचक निरीक्षण की चर्चा रही।

## कजरी तीज पर निकली भव्य शिव शोभा यात्रा,गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे



जिला संवाददाता

**बहराइच।** कजरीतीज के अवसर पर सोमवार को शहर आस्था और भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। सिद्धनाथ बाबा कांवरिया संघ की ओर से दोपहर करीब 12 बजे मरी माता मंदिर से भव्य शिव शोभायात्रा निकाली गई। भगवान शिव, माता पार्वती और विशाल नंदी की आकर्षक झांकियों के साथ निकली यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते रहे और हर-हर महादेव के जयकारों से शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

मरी माता मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा किसान डिग्री कॉलेज, डीएम चौराहा, नगर पालिका परिषद, पीपल चौराहा और घंटाघर होते हुए सिद्धनाथ मंदिर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं और राहगीरों की भीड़ जुटी रही। लोग सड़क किनारे खड़े होकर आकर्षक झांकियों के दर्शन करते रहे।

शोभायात्रा का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा देवी, केकड़ीवाल श्रीरामलीला कमेटी अध्यक्ष श्यामकरण टेकरीवाल, भाजपा नेत्री हेमा निगम, सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, शिवम जायसवाल, सराफा व्यापार मंडल के दीपक सोनी दाऊ जी , सुमित खन्ना , किराना कमेटी के पुरुषोत्तम दास , महेश गुप्ता अरुण कुमार सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया गया।

शोभायात्रा का आयोजन संयोजक रवि प्रकाश गुप्ता और अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में किया गया। सिद्धनाथ मंदिर के महंत एवं वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी जी महाराज ने शिवभक्तों को कजरीतीज की शुभकामनाएं देते हुए सभी के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

शोभायात्रा में सिद्धनाथ बाबा कांवरिया संघ के शानू रस्तोगी, आयुष सिंह, उत्कर्ष गुप्ता, चैतन्य गुप्ता, अक्षांस, अभिषेक सोनी, दीपक गुप्ता, श्रेजन, सुमित, अंकुर, रवि कश्यप, सूरज आर्य, उदित रस्तोगी, सुनील गुप्ता, रिहं, अनुभव, विकास जायसवाल, जुगनू, साहिल, विवेक, महेन्द्र यज्ञसैनी, अतुल्य, आशीर्वाद, अविकार गुप्ता, मनीष, राम गुप्ता, दीपक पटवा, रमेश सहित बड़ी संख्या में कांवरिया व शिवभक्त मौजूद रहे।

शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी विभिन्न स्थानों पर मुस्तैद रहे। कजरीतीज को लेकर शहर में पूरे दिन उत्साह, उल्लास और भक्ति का माहौल बना रहा।

## आईटीआई में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 17 सितंबर तक

**कुशीनगर।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुशीनगर आलोक कुमार मौर्य ने अवगत कराया है कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज, लखनऊ द्वारा जनपद में संचालित राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रशिक्षण सत्र 2026 के लिए निर्धारित प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत द्वितीय चरण के चयन परिणाम के क्रम में 12 से 17 सितंबर तक (अवकाश सहित) प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी।

द्वितीय चरण में चयनित अभ्यर्थियों को अपने चयन परिणाम की जानकारी राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद की वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है। चयनित अभ्यर्थी अपने बुलावा पत्र में अंकित विवरण के अनुसार संबंधित राजकीय अथवा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में निर्धारित अवधि के भीतर उपस्थित होकर प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण कराएं। प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को अपग्रेडेशन प्रक्रिया में भाग लेने की स्थिति के अनुसार स्थिर अथवा स्थान परिवर्तन हेतु विकल्प में से किसी एक विकल्प का चयन करना होगा तथा चयनित विकल्प के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी अपने निकटतम राजकीय अथवा निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

# निर्जला तीज पर सुहागिनों ने शिव-पार्वती से मांगा अखंड सुहाग



**कुशीनगर।** अखंड सुहाग, पति की दीघार्यु और सुखी दांपत्य जीवन की मंगलकामना को लेकर सोमवार को जिले भर में सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज का निर्जला व्रत रखा। सुबह से ही घरों में पूजा-पाठ की तैयारियां शुरू हो गईं। हाथों में मेहंदी, माथे पर सजी बिंदी और मांग में सिंदूर के साथ सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना की।

मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। उसी आस्था और परंपरा को आगे बढ़ाते हुए महिलाएं हरितालिका तीज पर पूरे दिन अन्न-जल का त्याग कर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। व्रत के दौरान महिलाओं ने माता पार्वती से अपने पति की लंबी आयु, परिवार की सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन में प्रेम एवं सौभाग्य की कामना की।शाम होते ही विभिन्न स्थानों पर महिलाओं ने विधि-विधान से भगवान शिव, माता पार्वती और गणेश की पूजा-अर्चना की।

पूजा स्थल पर केले के पत्ते, फल-फूल, बेलपत्र, धूप-दीप और सुहाग सामग्री अर्पित की गई। महिलाओं ने तीज व्रत की कथा सुनी और एक-दूसरे को सुहाग की सामग्री देकर अखंड सौभाग्य की कामना की।तीज को लेकर महिलाओं में सुबह से ही उत्साह रहा। घरों में पूजा की तैयारियों के साथ मेहंदी लगाने और सोलह श्रृंगार की परंपरा निभाई गई।लाल, हरे और पीले परिधानों में सजी महिलाओं ने शिव-पार्वती की पूजा कर अपने सुहाग की मंगलकामना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से तीज की कथा सुनी और पारंपरिक गीत भी गाए।

हरितालिका तीज का निर्जला व्रत कठिन व्रतों में माना जाता है। व्रती महिलाएं दिनभर बिना अन्न-जल ग्रहण किए भगवान शिव और माता पार्वती का स्मरण करती हैं।धार्मिक मान्यता के अनुसार पूजा और व्रत की परंपराएं पूरी करने के बाद महिलाएं व्रत का पारण करती हैं।कुशीनगर के ग्रामीण और नगरीय इलाकों में तीज को लेकर पूरे दिन धार्मिक माहौल बना रहा। घरों में पूजा के लिए बने छोटे-छोटे वेदियों से लेकर मंदिरों तक शिव-पार्वती की आराधना होती रही। महिलाओं के लिए यह पर्व केवल व्रत का अवसर नहीं, बल्कि दांपत्य जीवन के प्रति आस्था, विश्वास और पारिवारिक मंगलकामना की परंपरा का भी प्रतीक रहा।

### हिन्दी विश्व की प्राचीन भाषाओं में से एक सरल और वैज्ञानिक भाषा

भटनी(देवरिया)रामगुलाम राय पी जी कालेज बनकटाशिव सल्लहपुर भटनी के सभागार में हिन्दी दिवस के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डाँ राजेश्वर शाही द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।बी एड विभागाध्यक्ष डाँ मनमोहन सिंह ने कहा कि हिन्दी सरल सबसे अधिक बोली जाने वाली वैज्ञानिक भाषा है ।विश्व के अनेक देशों में हिन्दी भाषा का प्रयोग किया जाता है ।

डाँ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय मेंहिन्दी भाषा अन्तर्राष्ट्रीय मंचो पर भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है ।हिन्दी दिवस के अवसर पर हम सबको मातृभाषा को गोरवान्वित करने का संकल्प लेना चाहिए ।डाँ संदीप सोनकर डाँ भुवनेश्वर शरण मिश्र डाँ वशिष्ठ कुशवाहा डाँ राधारमन मिश्र डाँ माया डाँ हामिद अंसारी डाँ रोहित कुमार डाँ राधारमन मिश्र ने भी अपना विचार व्यक्त किया ।अंजली तिवारी निशु मिश्र रचना दुबे बी एडतनू सहित कालेज के सभी कर्मचारी शिक्षक उपस्थित रहे ।

## 24 घंटे में दो चोरी, पुलिस गश्त पर उठेसवाल

**जौराबाजार, कुशीनगर।** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाएं लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है, पुलिस एक ओर खुलासा कर रही है वहीं दूसरी ओर चोर घटना को अंजाम दे रहे हैं। आलम ये है कि 24 घंटे में चोर दूसरी चोरी को अंजाम देकर फरार हो गए।चौराखास थाना क्षेत्र के रहसू बाजार में शनिवार की रात एक मेडिकल की दुकान का ताला तोड़कर चोर नगद सहीत हजारों के समान पर हाथ साफ कर दिए। नदवा बिशुनपुर निवासी जयनाथ सिंह रहसू बाजार में मेडिकल की दुकान चलाकर जीवन यापन करते है। रात में दुकान बंद कर वह घर चले आए। रविवार की सुबह दुकान पर पहुंचे तो शटर टुटा देखकर आवाक रह गए। देखा तो काउंटर में रखे कुछ नगद रुपए सहित दवा गायब था।उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल करने के बाद शक के आधार पर पुछताछ के लिए दो युवको को पकड़कर साथ ले गई। वही दूसरी घटना रविवार की रात का है। प्राथमिक विद्यालय माधोपुर में खिड़की तोड़कर कमरे में घुसे चोर मोटर उठा ले गए। सोमवार की सुबह रसोईयां मीरा देवी जब साफ सफाई के लिए विद्यालय पहुंची तो देखी खिड़की टूटी हुई थी और कमरे में रखा मोटर गायब था। इसकी सूचना प्रधानाध्यापिका सरिता देवी को दी। प्रधानाध्यापिका ने पीआरवी को फोन से सूचना दी। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने जांच पड़ताल की। प्रधानाध्यापिका सरिता देवी ने बताया कि इसके पहले भी 23 जुलाई को विद्यालय से दो पंखा, मोटर, बच्चों के वजन के लिए रखा तौल मशीन चोरी हो गया था। पुलिस को तहरीर दिया गया था ना चोर पकड़े गए न ही समान बरामद हुआ। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि रहसू बाजार के आस पास का क्षेत्र चौराखास व पटहेरवा थानों में बटा है, लेकिन रात्रि गस्त में लगाए गए किसी भी थाने की पुलिस या गार्ड नही देखे जाते है।

# रिकॉर्ड हाई पर फॉरेक्स

जब दुनिया युद्ध और टकराव के सबसे खतरनाक मोड पर है और इस कारण क्रूड ऑयल के दाम 100 डॉलर के आसपास फिर से पहुंच गये हैं, तब चालू खाते के घाटे से निपटने के लिए विदेश मुद्रा की सख्त जरूरत है। ऐसे में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर पर पहुंचना यह दर्शाता है कि भारत वैश्विक तनाव से उत्पन्न आर्थिक संकट से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। गौरतलब है कि इसी तरह का संकट 1990-91 में भी था, तब देश दिवालिया होते-होते बचा था। उसी दौर में उदारीकरण की शुरूआत हुई और आयात खर्चों को पूरा करने के लिए देश को सोना भी गिरवीं रखना पड़ा था। लेकिन इस समय देश न सिर्फ महंगे क्रूड और उर्वरक संकट से निपट रहा है बल्कि रूस-यूक्रेन युद्ध, ट्रंप टैरिफ और अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण लगातार तीन-चार सालों से परिस्थितियां खराब हैं। इसके बावजूद भारत अपनी प्रगति को भी बनाये हुए है और संकट से निपट भी रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार इससे निपटने में बहुत मददगार साबित हो रही है। बीते सप्ताह भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 44.9 अरब डॉलर की वृद्धि हुई। यह इस भंडार में अब तक की सबसे बड़ी साप्ताहिक वृद्धि थी, जिससे यह बढ़ कर रिकॉर्ड 785.7 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो विश्व में चौथा सबसे बड़ा भंडार है। गत 5 जून को रियायती स्वैप योजना की घोषणा के बाद से विदेशी मुद्रा भंडार में 100 अरब डॉलर से अधिक की वृद्धि हुई है। इसमें विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) जमा (एफसीएनआर-बी) भी शामिल है। एफसीएनआर (बी) विंडो के तहत निधि प्रवाह उम्मीद से बेहतर रहा और 127 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को ऐसे समय में अपनी बाह्य वित्तीय स्थिति को संभालने में मदद मिलेगी, जब ईरान युद्ध के कारण परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हो गई हैं। धन के प्रवाह का स्तर यह भी संकेत देता है कि भारत अपेक्षाकृत कम समय में बड़ी मात्रा में विदेशी निधि जुटा सकता है। इससे नीति निर्माताओं और वित्तीय बाजार, दोनों को बहुत राहत मिलेगी। हालांकि यह भारत के लिए दीर्घकालिक समाधान नहीं है। घरेलू बचत का पूरक बनाने के लिए भारत को दीर्घकालिक गैर-ऋण प्रवाह की आवश्यकता है। फिर भी, अपेक्षाकृत कम समय में भारी मात्रा में प्रवाह होने से अन्य जटिलताएं उत्पन्न हो गई हैं। प्रवाह ने बैंकिंग प्रणाली में अत्यधिक नकदी या तरलता भर दी है, जिसे आरबीआई के लिए समायोजित करना मुश्किल हो रहा है। केंद्रीय बैंक ने परिवर्तनीय दर रिजर्व रेपो नीलामी की, लेकिन इससे ज्यादा मदद नहीं मिली है। शुक्रवार को आरबीआई ने घोषणा की कि वह इस महीने तीन किस्तों में 1 लाख करोड़ रुपये मूल्य के सरकारी बॉन्ड बेचेगा। सैद्धांतिक रूप से, किसी केंद्रीय बैंक के लिए प्रणाली से तरलता को नियोजित करना बहुत मुश्किल नहीं होना चाहिए। तरलता कम करने के लिए वह हमेशा अपने पास मौजूद बॉन्ड बेच सकता है। हालांकि वर्तमान स्थिति में आरबीआई जो भी करेगा, उसकी कुछ न कुछ कीमत चुकानी पड़ेगी। उदाहरण के लिए, बॉन्ड बिक्री की घोषणा के तुरंत बाद बॉन्ड बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिससे 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर यील्ड 7 फीसदी से ऊपर चली गई। हालांकि, आरबीआई को बॉन्ड बिक्री, नकद आरक्षित अनुपात में वृद्धि, या बाजार स्थिरीकरण योजना (एमएसएस) के तहत बॉन्ड बेचने जैसे उपायों में से एक या एक से अधिक का उपयोग करना होगा। बहरहाल बाजार में उत्पन्न परिस्थितियों और वित्तीय तंत्र की जरूरतों के अनुसार फैसले लेना आरबीआई का काम है, लेकिन इस समय आरबीआई जिस तरह अल्प अवधि में भारत में मात्रा में विदेशी मुद्रा जुटाने में सफलता हासिल की है, वह हमारी अर्थव्यवस्था के लिए संजीवनी है।



भारत का रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा भंडार युद्ध और वैश्विक तनावों से निपटने व अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए महत्वपूर्ण है।

### विचार

प्रभुता पाते ही लोगों की निगाहें बदल जाती हैं, किसी को पहचानते तक नहीं, जमीन पर पांच तक नहीं रखते।

-प्रेमचंद.

लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपनी समस्त शक्तियों द्वारा परिश्रम करना ही पुरुषार्थ है।

-पतंजलि.

मृत्यु से नया जीवन मिलता है। जो व्यक्ति और राष्ट्र मरना नहीं जानते, वे जीना भी नहीं जानते।

-पं. नेहरू.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

-शेक्सपियर.

जब कोई प्रतिभाशालाी हस्ती इस दुनिया में आती है तो उसे इस लक्षण से पहचाना जा सकता है कि सभी मूर्ख लोग उसके विरुद्ध खड़े होते हैं।

-स्विफ्ट.

# ऐतिहासिक है ब्रिक्स घोषणा पत्र पर सहमति





लोकमित्र

**12 सितंबर को नई दिल्ली में न्यू दिल्ली डिक्लेरेशन पर सर्व सम्मति बन जाना महज एक औपचारिक उपलब्धि नहीं बल्कि भारत की मेजबानी और उसकी सक्रिय, संतुलित एवं व्यावहारिक कूटनीति की महत्वपूर्ण सफलता है।**

नई दिल्ली में 12-13 सितंबर 2026 को सम्पन्न 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के शुरू होने से पहले सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या नई दिल्ली में जुटने वाले नेता किसी साझा घोषणापत्र पर सहमत हो पाएंगे? यह आशंका निराधार नहीं थी। इसी साल मई में नई दिल्ली में हुई ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक बिना संयुक्त घोषणापत्र के समाप्त हुई थी। पश्चिम एशिया के संकट, विशेषकर ईरान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच तीखे मतभेदों ने यह संकेत दे दिया था कि विस्तारित ब्रिक्स में सहमति-निर्माण पहले की तुलना में कहीं अधिक कठिन हो चुकी है। उस बैठक में भारत को चेयर का वक्तव्य और आउटकम डॉक्यूमेंट जारी कर संतोष करना पड़ा था। ऐसे वातावरण में 12 सितंबर को नई दिल्ली में न्यू दिल्ली डिक्लेरेशन पर सर्वसम्मति बन जाना महज एक औपचारिक उपलब्धि नहीं बल्कि भारत की मेजबानी और उसकी सक्रिय, संतुलित एवं व्यावहारिक कूटनीति की महत्वपूर्ण सफलता है। यह घोषणापत्र इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि 45 पन्नों और 140 बिंदुओं वाले इस नई दिल्ली घोषणापत्र में 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले जिसमें 26 लोगों की आतंकियों ने धर्म पूछकर हत्या की थी, के साथ साथ टेरर फंड, फलस्तीन, गजा, टैरिफ और लेबनान का जिक्र किया गया है। साथ ही मध्य-पूर्व के तनावपूर्ण हालात के शांतिपूर्ण हल की अपील की गई है।

पूरे परिदृश्य में दिलचस्प ये था कि अमेरिका के साथ युद्ध में एक दूसरे के विपरीत दो छोर पर खड़े ईरान और संयुक्त अरब अमीरात भी मध्य-पूर्व के हालात शांतिपूर्ण तरीके से हल करने की अपील करने वाले देशों में शामिल थे। ब्रिक्स घोषणा पत्र में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी टैरिफ का नाम तो नहीं लिया गया है, लेकिन यह साफ तौरपर कहा गया है कि कई देशों को 'अन्यायपूर्ण और एकतरफा संरक्षणवादी कदमों' से नुकसान हो रहा है। जाहिर है ये इशारा डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत, चीन समेत दुनिया के कई देशों पर लगाए गए टैरिफ की ओर ही था। घोषणापत्र संबंधी इस सफलता को मई की बैठक और सितंबर के शिखर सम्मेलन के बीच के अंतर को समझे बिना भारत की सफलता का वास्तविक मूल्यांकन संभव नहीं। विदेश मंत्रियों की बैठक में पश्चिम एशिया के सवाल पर सदस्य देशों की भिन्न रणनीतिक प्राथमिकताएं खुलकर सामने आ गई थीं। एक ओर ईरान था, दूसरी ओर यूएई जैसे देश थेऔर इनके बीच अमेरिका की भूमिका तथा क्षेत्रीय सुरक्षा की जटिलताएं थीं। जबकि शिखर सम्मलेन का परिदृश्य भिन्न था। इसके अतिरिक्त ब्रिक्स अब पहले वाला छोटा समूह नहीं है। इसका विस्तार हुआ है और इसमें अलग-अलग राजनीतिक व्यवस्थाओं, सुरक्षा चिंताओं, आर्थिक हितों और विदेश नीति के दृष्टिकोण वाले देश शामिल हैं। इसलिए सर्वसम्मति अब केवल शब्दों पर सहमति नहीं बल्कि परस्पर विरोधी राष्ट्रीय हितों के बीच न्यूनतम साझा जमीन तलाशने की कला है। वास्तव में यही वह कसौटी थी, जिस पर भारत की अध्यक्षता को परखा जाना था और नई दिल्ली ने इस कसौटी को पार किया। इस संदर्भ में हमें यह बात भी याद रखनी होगी कि अकेले घोषणापत्र जारी कर देना अपने आप में असाधारण उपलब्धि नहीं होती। यह असाधारण तब बनती है, जब ऐसा दस्तावेज ऐसे समूह में तैयार हो, जिसके सदस्य एक-दूसरे के रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी भी हों। भारत ने इस चुनौती को रणनीतिक स्वायत्तता, मुद्दा आधारित सहमति और आम सहमति आधारित कूटनीति के माध्यम से संभाला। नई दिल्ली ने किसी एक शक्ति-धुरी के पक्ष में ब्रिक्स को खड़ा करने के बजाय उसे संवाद, सहयोग और बहुपक्षवाद के मंच के रूप में प्रस्तुत किया। यह दृष्टिकोण भारतीय विदेश नीति की उस परंपरा से मेल खाता है जिसमें भारत एक साथ अनेक शक्ति-केंद्रों के साथ संबंध बनाए रखते हुए अपने राष्ट्रीय हितों की स्वतंत्रता सुरक्षित रखता है। नई दिल्ली शिखर सम्मेलन में चीन, रूस, ईरान, यूएई और अन्य देशों की उपस्थिति के बीच संवाद का वातावरण बनना इसी का प्रमाण है। घोषणापत्र का महत्व केवल इस बात में नहीं है कि वह सर्वसम्मति से स्वीकार हुआ। महत्वपूर्ण यह भी है कि इसमें भारत की अध्यक्षता की प्राथमिकताओं की स्पष्ट छाप दिखाई देती है।

### कूटनीति

दस्तावेज में वैश्विक शासन-व्यवस्था में सुधार, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अधिक प्रतिनिधित्व, बहुपक्षवाद, विकासशील देशों की आवाज, आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट रुख, आर्थिक सहयोग, तकनीकी सहयोग, जलवायु और सतत विकास जैसे मुद्दों को प्रमुखता दी गई है। विशेष रूप से ग्लोबल साउथ की भूमिका को लेकर भारत की दृष्टि उल्लेखनीय रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकासशील देशों को केवल वैश्विक व्यवस्था के 'नियम माननेवाले' नहीं बल्कि 'नियम बनाने वाले' बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। यह महज भाषण का राजनीतिक मुहावरा नहीं है; यह वैश्विक शासन में प्रतिनिधित्व के मौजूदा असंतुलन को चुनौती देने वाली कूटनीतिक अवधारणा है। भारत ने ब्रिक्स को पश्चिम-विरोधी मंच बनाने के बजाय वैश्विक दक्षिण की रणनीतिक एजेंसी के मंच के रूप में स्थापित करने की कोशिश की है। यही अंतर भारत की अध्यक्षता को चीन या रूस की संभावित दृष्टि से अलग करता है। नई दिल्ली की कूटनीतिक परीक्षा सबसे अधिक पश्चिम एशिया के मुद्दे पर हुई। ईरान और यूएई दोनों की मौजूदगी में ऐसा शब्द-संतुलन तैयार करना आसान नहीं था जिसे सभी स्वीकार कर सकें। अंततः घोषणापत्र में हिंसा पर चिंता, अधिकतम संयम और संवाद तथा कूटनीति के माध्यम से विवादों के समाधान पर जोर दिया गया। यह भाषा रचनात्मक अस्पष्टता का उदाहरण है- ऐसी कूटनीतिक भाषा जिसमें सभी पक्ष अपनी न्यूनतम स्वीकार्य स्थिति देख सकें, लेकिन कोई पक्ष स्वयं को पराजित महसूस न करे। कूटनीति में कभी-कभी यही सफलता होती है- सभी पक्षों को पूरी तरह संतुष्ट करना नहीं, बल्कि उन्हें एक साझा दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने लायक संतुष्टि प्रदान करना। नई दिल्ली घोषणा ने ब्रिक्स की आर्थिक भूमिका को भी अधिक व्यावहारिक दिशा देने की कोशिश की है। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार और निवेश, सीमा-पार भुगतान व्यवस्था, न्यू डेवलपमेंट बैंक के माध्यम से स्थानीय मुद्रा वित्तपोषण और प्रस्तावित निवेश मंच जैसे मुद्दे इसमें शामिल हैं। हालांकि साझा ब्रिक्स मुद्रा का कोई तात्कालिक निर्णय नहीं हुआ, लेकिन स्थानीय मुद्राओं में लेनदेन और भुगतान प्रणालियों के बीच सहयोग की दिशा में आगे बढ़ना अधिक व्यावहारिक कदम है। यही भारत की अध्यक्षता की एक खासियत रही- बड़े भू-राजनीतिक नारों के साथ-साथ अंतिम नतीजे और संस्थागत तंत्र पर जोर। लेकिन इस सफलता को आत्ममुग्धता में बदलना उचित नहीं होगा। घोषणापत्र कोई अंतिम उपलब्धि नहीं बल्कि आगे की कूटनीतिक प्रक्रिया का रोडमैप है। ब्रिक्स में चीन और भारत की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा है। रूस और पश्चिम के बीच गहरी खाई है। ईरान और उसके विरोधी देशों के अपने क्षेत्रीय समीकरण हैं। आर्थिक हित भी हमेशा समान नहीं हैं। इसलिए सर्वसम्मति बनाए रखना भविष्य में और कठिन होगा। इसके अलावा घोषणापत्र में प्रयुक्त कई भाषा-खंड व्यापक और सावधानी पूर्वक संतुलित हैं। इसलिए एक दस्तावेज पर सहमत हो जाना यह प्रमाणित नहीं करता कि सभी सदस्य देशों की रणनीतिक सोच एक हो गई है। इसलिए अब भारत की अगली चुनौती होगी कि नई दिल्ली की सहमति को व्योहारिक बहुपक्षवाद में बदला जाए।

### सोशल मीडिया

महत्वपूर्ण कूटनीतिक सफलता के बाद भी कांग्रेस के पास कहने को कुछ नहीं है, तो चर्चा डिनर और भोजन की विषय वस्तु पर कर रही है। यह नाराज फूफा जैसा है। सुधांशु त्रिवेदी.



सुशासन जनता द्वारा चुनी गयी सरकार की पहली प्राथमिकता होती है और एक सशक्त न्यायपालिका सुशासन की आधारिशला को उतना ही सशक्त करती है। सीएम योगी.



यूपी बीजेपी सरकार की गाथा गाते 'उप', जनता के प्रति जवाबदेही से भागते 'उप', विकास के प्रति लापरवाह 'उप', भाजपा है तो भ्रष्टाचार है, भ्रष्टाचार है तो भाजपा है। शिवपाल सिंह यादव.



# श्रद्धा की शक्ति

### अंतर्दृष्टि

विचार कालजयी होते हैं और यह समाज और मस्तिष्क को गहरे से प्रभावित करते हैं। व्यक्ति के मनोमस्तिष्क में विद्यमान विचार और चिंतन ही भविष्य के उसका व्यक्तित्व निर्धारित करते हैं। ठीक उसी तरह जैसे एक बीज आगे चलकर वट वृक्ष बनता है। उल्लसित वर्तमान और उज्जवल भविष्य का निर्धारण पूर्णतया सत् श्रद्धा के हाथ में है। उसी का महत्व, मर्म, उपार्जन, अभिवर्द्धन सिखाने के लिए भूतकाल की कथा-गाथाओं को पुरातन उपाख्यानों में पुराण के नाम से जाना और जनाया जाता है। भूत भविष्य और वर्तमान की सुखद संभावनओं का निर्माण अंतःकरण के जिस क्षेत्र से विनिर्मित होता है, उसका स्वरूप समझना हो तो एक श्रद्धा शब्द का उपयोग करने से वह प्रयोजन पूरा हो सकता है। बीज ही वृक्ष बनता है और श्रद्धा ही व्यक्तित्व का रूप धारण करती है। मनुष्य जो कुछ बनता है- जो कुछ पाता है वह समूचा निर्माण श्रद्धा शक्ति के चमत्कार के अतिरिक्त और कुछ नहीं है। यदि इस ब्रह्म विज्ञान के, आत्मविज्ञान के गूढ़ रहस्य को समझा जा सके तो प्रतीत होगा कि तत्वदर्शियों के वेदान्त प्रतिपादन सनातन सत्य की अयमात्मा ब्रह्म प्रज्ञानं ब्रह्म, तत्वमसि, सोहम, शिवोहम, सच्चिदानन्दोहम, आदि सूत्र में घोषित किया है। पतन से बचने और उत्थान अपनाने का सुनिश्चित उपाय बताते हुए शस्त्रकार इस उत्तरदायित्व को मनुष्य के अपने कंधों पर ही लाद देते हैं, वे कहते हैं- उद्धरेत् आत्मनात्मानं अवसादयेत् अर्थात अपना उद्धार आप करो- अपने को गिराओ मत। उसका सुनिश्चित मत है कि उत्थान पतन की मुहिम हर मनुष्य स्वतः संभालता है। परिस्थितियां तो उसका अनुगमन भर करती हैं। दिशा निर्धारण और प्रगति प्रयास अपना होता है। साधन और सहयोग तो उसी चुम्बकत्व के सहारे खिंचते भर चले आते हैं। उत्थान या पतन में से जो भी अपना मन्तव्य हो-व्यक्तियों, साधनों एवं परिस्थितियों का सरंजाम भी उसी स्तर का होता चला जाता है। श्रद्धा की इसी गरिमा को देखते हुए अध्यात्म शास्त्र ने मानवी सत्ता में विद्यमान साक्षात् ईश्वरीय शक्ति के रूप में अभिवन्दन किया है। श्रद्धा वह प्रकाश है जो आत्मा की, सत्य की प्राप्ति के लिए बनाये गये मार्ग को दिखाता रहता है। जब भी मनुष्य एक क्षण के लिए लौकिक चमक-दमक, कामिनी और कंचन के लिए मोहग्रस्त होता है तो माता की तरह ठण्डे जल से मुंह धोकर जगा देने वाली शक्ति यह श्रद्धा ही होती है। सत्य के सद्गुण ऐश्वर्य स्वरूप एवं ज्ञान की चाह अपनी बुद्धि से नहीं मिलती, उसके प्रति सविनय प्रेम भावना विकसित होती है। उसी को श्रद्धा कहते हैं। श्रद्धा सत्य की सीमा तक साधक को साधे रहती है, संभाले रहती है। श्रद्धा के बल पर ही मलिन चित्त अशुद्ध चिंतन का परित्याग करके बार-बार परमात्मा के चिंतन में लगा रहता है।

# इति आत्म मंथन पुराण

### व्यंग्यलोक

मैंने अपने मित्रों से बात की या तो सरकार गिराने की चालें चलो अथवा दल बदलो, मेरा तो इस दलदल में अब दम घुटने लगा है। पूरी तरह सूखा मरूस्थल है। कण्ठ सूखे जा रहे हैं। दबे स्वर में सभी मित्रों-सहयोगियों ने स्वीकार किया कि स्थिति बड़ी विकट है। उनकी हालत भी बड़ी खराब थी, वे भी आत्म-मंथन में यही कैवल्य प्राप्त कर सके थे। सभी सत्ता के लिए लालायित थे और गलत भी नहीं था। लम्बे समय तक निर्विघ्न सरकार चलती रहे, यह हमारे मिजाज के प्रतिकूल था। एक दिन मैंने हिम्मत करके हाईकमान से ही कहा- आत्म-मंथन के इस लम्बे दौर से तो पार्टी के संगठन पर कुप्रभाव पड़ सकता है और पार्टी टूट सकती है। इसलिए हमें आत्म-मंथन के कीचड़ से बाहर निकालिये। वे बोले- घबराओ नहीं, कीचड़ में कमल खिलता है। मैंने कहा- वह तो खिला हुआ है। गठबंधन के लोग गुलछर्रे उड़ा रहे हैं और हम मरूस्थल में पानी की चाहना में भटक रहे हैं। पार्टी हाईकमान ने मुझसे कहा- यह अनुशासनहीनता है। तुम्हारे खिलाफ कार्यवाही हो सकती है। अपनी जबान को लगाम दो और चुपचाप आत्म-मंथन में तल्लीन हो जाओ। मैं बोला- मेरा धैर्य जवाब दे रहा है और अब मैं ज्यादा आत्म-मंथन नहीं कर सकता। वे बोले- तुम सत्तालोलुप हो-सत्तारूढ़ दल से मिल गये हो। पार्टी से बाहर जाना चाहते हो। मैं जोरों से चिल्लाया- हाँ-हाँ मैं बाहर जाना चाहता हूँ। मुझे सत्ता चाहिए। ऐसे तो मैं डूब जाऊँगा। मैं जनसेवा करने नहीं, अपनी सेवा के लिए आया हूँ राजनीति में। इतना सुनना था कि उन्होंने मुझे पार्टी से छः वर्ष के लिए निकाल दिया तथा मेरे साथ मेरे आठ साथियों को भी। अब तो मजे हो गये। मैं नेता बन गया था। गठबंधन में कुछ दल, दलदल पैदा कर रहे थे। उनको मेरी सख्त आवश्यकता थी। मैंने भी सोचा-आत्म-मंथन किया और पाया कि समर्थन देकर यदि मंत्री पद मिलता है तो मनचाहे कार्य पूरे हो जायेंगे। मैंने समर्थन दे दिया। सरकार गिरते-गिरते बच गयी। मैं भी गिरा, लेकिन सँभल गया। वे लोग अभी भी आत्म-मंथन कर रहे हैं। लेकिन आत्म-मंथन जो मैंने किया और उससे जो निकला, वह लाभदायी था और मैं प्रसन्न था। मेरे साथ जो लोग आत्म-चिंतन कर आये थे, वे भी सुखी थे। आत्म-मंथन के दलदल से निकलकर सत्ता की मलाई क्या चाटने लगा मेरी सारी मनोकामना पूरी हो गयी। इति आत्म-चिंतन पुराण।



पूरन सरमा

# कार्य स्थल पर खुद को रिलेक्स, ऊर्जावान रखें



फिटनेस

आप अपनी जॉब को कितना भी इंज्वॉय करते हों, लेकिन एक ऐसा समय भी आता है, जब काम का तनाव आपको परेशान करता है। भले ही आपका दिन कितना ही प्रोडक्टिव हो, काम करने के दौरान आप तनावग्रस्त हो जाते हैं, आपका काम में मन नहीं लगता, काम ही नहीं आपको कुछ भी करना अच्छा नहीं लगता और एक प्रोडक्टिव डे भी आपके लिए चुनौतीपूर्ण बन जाता है। ऑफिस के काम का तनाव, तेज रफ्तार जिंदगी, इनमें अपने मन और शरीर को फ्रेश रखने के लिए आपके लिए समय निकालना जरूरी है ताकि काम के दौरान आप शांत रह सकें। अपने आपको तरोताजा रख सके और आपकी प्रोडक्टिविटी बनी रही। इसके लिए कोई खास उपकरण की जरूरत नहीं होती। हां, इतना जरूर है कि रोजमर्रा के ऑफिस के काम के बीच आराम के लिए कुछ ऐसे त्वरित अभ्यास होते हैं, जिनसे मन को शांत कर सकते हैं और अपने काम पर अच्छी तरह फोकस हो सकता है। ये उपाय करने के लिए आपको कहीं जाने की जरूरत नहीं होती, तनाव को कम करने और स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए आप अपने डेस्क पर ही इन्हें कर सकते हैं।

**खुद के लिए समय निकालें**

अपनी व्यस्त ऑफिस की दिनचर्या में 10 से 20 मिनट का समय विशुद्ध अपने लिए निकालें। काम से थोड़ा ब्रेक लें और उस ब्रेक में ऑफिस गॉसिप की बजाय ऑफिस से बाहर निकलकर चाय या कॉफी पीएं। थोड़ी देर अकेलेपन को इंज्वॉय करें और थोड़ी वॉक करें। डेस्क पर ही बैठकर आप अपनी नाक को पकड़कर धीरे-धीरे सांस लें, थोड़ी देर के लिए सांस रोकें और फिर पूरी तरह से अपनी सांस छोड़ें। इस एक्सरसाइज को तीन से चार बार दोहराएं, इससे आपका चित शांत होता है, एकाग्रता बढ़ती है और आप अपने वर्कलोड को आसानी से संभालने के लिए अपने आपको शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करते हैं।

**मांसपेशियों को दो आराम**

कार्य में एकाग्रता बढ़ाने के लिए, अपनी थकान दूर करने के लिए, अपनी मांसपेशियों को पैरों से लेकर चेहरे तक एक बार पूरी तरह कसें और उसके बाद धीरे-धीरे उसको ढीला छोड़ दें। डेस्क पर ही बैठकर शरीर को एक बार कसें और फिर ढीला छोड़ें। इससे न केवल शारीरिक तनाव कम होता है बल्कि मानसिक तनाव घटता है और मांसपेशियों को रिलैक्सेशन मिलता है।

**स्ट्रेचिंगः** डेस्क पर ही बैठकर कुछ आसान स्ट्रेचिंग व्यायाम करने से न केवल ब्लड सकुर्लेशन बढ़ता है बल्कि काम के अधिक होने से, आने वाली मांसपेशियों की अकड़न भी दूर होती है। डेस्क पर ही बैठे-बैठे गर्दन को बार-बार ऊपर-नीचे, आगे-पीछे घुमाना, कंधों को उचकाना और अपने हाथों को सिर के पीछे या पीठ के पीछे ले जाकर थोड़ी देर बैठने से मांसपेशियों की जकड़न कम होती है। ये स्ट्रेचिंग व्यायाम न केवल शरीर को आराम देता है बल्कि दिमाग का भी तनाव कम करने में सहायक होता है। इससे हमारा स्टेमिना बढ़ता है। दिन में दो-तीन बार स्ट्रेचिंग करने से पूरे दिन काम की थकान कम लगती है।

**हाथों को थपथपायें**

दिन में डेस्क पर काम करने के दौरान अपने हाथों को थोड़ी मसाज दें, इससे आपकी त्वचा में चमक तो आती ही है, हाथों के ज्वाइंट्स और लिगामेंट्स भी रिलैक्स्ड होते हैं। कंप्यूटर पर काम करने के दौरान हाथों और अंगुलियों को होने वाली थकान खत्म होती है। अगर आपका कंप्यूटर और चेयर तथा बैठने में असहजता महसूस हो तो अपनी पोजीशन तुरंत करेक्ट करें ताकि आपको किसी तरह का दर्द न महसूस हो।

**ऑफिस गॉसिप से दूर रहें**

वर्कप्लेस पर दूसरों के बारे में बैकबाइटिंग या दूसरे आपकी पीठ पीछे क्या बोलते हैं, उन्हें सुनने से बचें। क्योंकि इससे आपकी कार्यक्षमता पर बुरा असर होता है। ऑफिस से निकलने के बाद अपने काम से बाहर की जिंदगी पर ही फोकस करें। अगर आप अपना ऑफिस का स्ट्रेस अपने जीवनसाथी या दोस्तों के साथ शेयर करके अपने आपको रिलैक्स्ड फील करते हैं, तो इसके लिए ज्यादा लंबा वक्त न लें। ऑफिस से बाहर निकलकर बाहर की जिंदगी इंज्वॉय करें। ऑफिस के बाद किसी ऐसे व्यक्ति के साथ अपना समय बिताएं, जो आपके तनाव को कम करे, जिसके साथ आपको समय बिताना अच्छा लगे, जो आपकी बात को ध्यान से सुनें और आपको सही सलाह दे।

**मधु सिंह.**

## आप की बात

### साइबर ठगी के बढ़ते मामले

देश में साइबर ठगी के मामले दिनोंदिन बढ़ रहे हैं। हर दिन एक-दो खबर ऐसी पढ़ने को मिल जायेगी जिसमें कोई डॉक्टर, शिक्षक या सेवानिवृत्त जीवन बिता रहे वरिष्ठजनों के ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार होने की खबर पढ़ने को मिल जायेगी। साइबर क्राइम देश में बड़ा संकट बन गया है। इससे निपटने के लिए सरकारी प्रयास नाकाफी हैं। केंद्र ने साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 और रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर जाकर शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था की है लेकिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं और कितनों का निपटारा होता है, यह बड़ा सवाल है। प्रौद्योगिकी में सक्षम लोग आज समाज पर एक नये तरह का प्रभुत्व और बढ़त भी हासिल कर चुके हैं। यह समस्या एक देश, एक समाज एवं वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि विश्वभर में रह रहे हर मनुष्य के साथ जुड़ी हुई है। आज जो आर्थिक एवं डिजिटल तौर पर सक्षम है, वो सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक तौर पर कमजोर वर्ग को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। वैश्विक स्तर पर इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध एवं यूक्रेन व रूस युद्ध के मूल कारणों पर चर्चा की जाए तो मूल कारण नियंत्रण ही है। लेकिन इस नियंत्रणकारी नीति का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है, जो शायद पूरी तरह से युद्ध के कारणों व परिस्थितियों से रूबरू भी नहीं है। इस परिस्थिति में आम जनता के अधिकार विनाशकारी तरीके से रौंद दिए जाते हैं। यह कोई नई बात नहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के अत्याचारों ने मानव अधिकारों के महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अहम मुद्दा बना दिया था। इसी गंभीरता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को 10 दिसंबर 1948 को अपनाया था। इसके अंतर्गत समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, भेदभाव से आजादी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भोजन का अधिकार आदि शामिल हैं जो व्यक्ति को समाज में हक एवं बिना किसी दबाव के जीने का अधिकार देते हैं। इसी के अंतर्गत डिजिटल सुरक्षा अधिकार को भी जोड़ा जाना चाहिए। भारत के संदर्भ में बात की जाये तो देश के संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन अधिकारों का अनुपालन व अवहेलना सब कुछ परिस्थितियों के हिसाब से हो रहा है। वर्तमान में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए काम तो किया जा रहा है, लेकिन डेटा प्रोटेक्शन की कमी के कारण ठगी हो रही है।

**राघवेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### श्रमिकों के लिए योजनाएं

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## आत्महत्या के उकसाने वाले दो को 10-10 वर्ष सजा व जुर्माना

**बांदा।** थाना कमासिन क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले दो अभियुक्तों ददोला उर्फ राजकुमार पुत्र महेश निवासी ग्राम चकरेही थाना कमासिन, त्रिभुवन उर्फ सतीश पुत्र रामदीन निवासी ग्राम उसरपुरवा थाना अतर्रा को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास व 20 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया गया है। थाना कमासिन क्षेत्र के रहने वाले भोल्लन ने थाना कमासिन पर सूचना दी कि उनकी पुत्री ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। यह कदम उठाने के लिए गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा उकसाया गया। सूचना पर थाना कमासिन में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना तत्कालीन उ0नि0 सुरेंद्र प्रताप ने की। विवेचक ने प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। लोक अभियोजक सुशील कुमार तिवारी ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की। दो अभियुक्तों को न्यायालय ने 10-10 वर्ष के कठोर कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।

## सड़क किनारे जानलेवा गहरा गड्ढा पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली

**बांदा।** बांदा-फतेहपुर राजमार्ग पर सोमवार गल्ला मंडी के आगे सुभाष प्रकाश गैरेज के पास सड़क के चैड़े गड्ढे के कारण ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया, लेकिन हाईवे पर ईंटें बिखरने से कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ। बांदा-फतेहपुर राजमार्ग पर प्रकाश गैरेज के पास सोमवार सुबह सड़क के गड्ढे में पहिया जाने से ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली असंतुलित होकर पलट गई। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया। हाईवे पर ईंटें बिखरने से कुछ देर तक अफरातफरी की स्थिति रही। फतेहपुर की ओर से ईंटों की खेप लेकर ट्रैक्टर-ट्रॉली बांदा की ओर जा रही थी। प्रकाश गैरेज के पास पहुंचते ही ट्रॉली का पहिया सड़क पर बने गड्ढे में चला गया। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। आसपास मौजूद लोगों ने मौके पर पहुंचकर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला और ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीधा कराया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय लोगों ने हाइवे पर बने गड्ढों की मरम्मत कराने की मांग की है।

## बिजली के गिरे खंभे को बदलने की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

**बांदा।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर-20 सेढू तलैया, छोटी काली देवी मंदिर (वोडाफोन टावर के पास) बिजली के गिरे जर्जर खंभे को बदलने के लिए कोई भी अधिकारी अभी तक मौके पर नहीं आया। न ही कोई नया खंभा बदला गया जबकि इस संबंध में अधिशासी अभियंता, नगरीय विद्युत वितरण खंड, एसडीओ एवं जेई को दूरभाष पर अवगत भी कराया गया था। एसडीओ के द्वारा कार्य कराने के लिए दिशा निर्देश देने का मैसेज भी उपभोक्ताओं को किया गया परंतु आज तक कोई काम नहीं हुआ। विवश होकर उपभोक्ताओं ने ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। कहा कि सभी जर्जर खम्भों को बदलकर बिजली के नए खंभे लगाएं जाएं। आईजीआरएस पर उपभोक्ताओं ने की गई शिकायत पर अधिशासी अभियंता, विद्युत नगरीय ने बीते 2 वर्ष पहले ही मुख्यमंत्री कार्यालय को सूचना दी थी कि कार्यदायी संस्था को कार्य करने के लिए निर्देश दे दिए है। लेकिन आज तक कोई भी कार्य नहीं किया गया। सेढू तलैया के उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से क्षेत्र का निरीक्षण करके बिजली के सभी कार्यों को तत्काल करने की मांग जिलाधिकारी से की है।

## कंपोजिट विद्यालय में हिंदी दिवस मनाया

देवरिया। कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया में आज हिंदी दिवस हर्सोल्लास से मनाया गया। आज ही के दिन संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा स्वीकार किया था। हिंदी सिर्फ भाषा नहीं हमारे संस्कार हैं। मुंशी प्रेमचंद, महादेवी वर्मा, हरिवंश राय बच्चन जैसे साहित्यकारों ने हिंदी को महान बनाया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा कविता पाठ, सुलेख, निबंध, भाषण, नारा लेख प्रतियोगिता में प्रतिभा किया गया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

# हनीट्रैप गिरोह के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

जिला संवाददाता (वीओएल)



**बिजनौर।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की हनीट्रैप के जरिए निर्दोष लोगो को फांसकर समझौते के नाम पर उन्हे ब्लैकमल करने वाले गिरोह का सफाया करने के लिए कार्रवाही जारी है। पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड कर दो शातिरों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस लाइन के सभागार में सोमवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने गैग का खुलासा करते हुए बताया कि बीती 09 सितम्बर 26 को वादी मौहम्मद अहसान पुत्र श्री अल्लादिया हाल निवासी मौ0 काजीपाडा उमर कालोनी थाना कोतवाली शहर बिजनौर द्वारा थाना कोतवाली शहर पर तहरीर दी गयी कि

**एसपी का शिकंजा, हनीट्रैप में फसाकर ब्लैकमेल करने वाले गैंग पर लगातार कार्रवाई**

आरोपीगण गुडडी पत्नी मूलचन्द्र निवासी ग्राम लडापुरा, कुन्ती पत्नी ओमप्रकाश निवासी मौ0 कस्सावान बी2, जुल्फेकार उर्फ बब्बू लंगडा पुत्र अय्युब निवासी चांदपुर की चुंगी जन्नत कालोनी, पारूल पुत्री मूलचन्द निवासी लड़ापुरा, रामकली पत्नी वीरेन्द्र निवासी कस्बा, प्रीति पुत्री विरेन्द्र निवासी कस्बा निवासीगण थाना कोतवाली शहर बिजनौर, अन्नु पुत्री योगेश निवासी मौ0 रेती, थाना किरतपुर बिजनौर, अफजाल पुत्र कफील निवासी भागूवाला थाना मण्डावली बिजनौर व अज्ञात द्वारा वादी को झूठे मुकदमे मे फँसाने और अभियुक्तगणों द्वारा मुकदमा वापस लेने के लिये उससे रूपयो की मांग की गयी। थाना कोतवाली शहर पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा में पंजीकृत किया गया।

इसके अलावा थाना नूरपुर पर भी उपरोक्त अभियोग से संबंधित अभियुक्तगण के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा बीती 07 सितम्बर 26 को थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित 05 अभियुक्तगण जुल्फेकार उर्फ बब्बू लंगड़ा, अफजाल, गुड्डी, कुन्ती एवं प्रीति को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित दो अभियुक्तगण मौ0 आसिफ पुत्र मौ0 असगर निवासी ग्राम औरंगपुर भिक्कू उर्फ नारायणपुर थाना मंडावली बिजनौर व दिलशाद पुत्र अब्दुल रहमान निवासी मौ0 सादात कस्बा झालू थाना हल्दौर जनपद बिजनौर को गिरफ्तार किया गया। उक्त प्रकरण में गहनता से समस्त तथ्यों का परीक्षण एवं विवेचना की जा रही है। विवेचना के दौरान अन्य जो भी व्यक्ति प्रकाश में आएंगे, उनके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए शीघ्र गिरफ्तारी की जायेगी। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपीगण निर्दोष लोगो के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्जनों बलात्कार सहित संगीन धाराओं में झूठे मुकदमें दर्ज करा चुके है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक सचिन मलिक, थानाध्यक्ष अवनीत मान, उ0नि0 शौकत अली सर्विलांस सैल मय टीम, उ0नि0 विपिन डेढा, उ0नि0 संजीव कुमार, हे0का0 जोगिन्द्र कुमार सर्विलांस सैल, का0 मंजीत कुमार, का0 अचिन का0 आकाश स्वाट टीम, का0 मोनू सर्विलांस सैल शामिल रहे।

## डैशबोर्ड और आईजीआरएस की समीक्षा बैठक सम्पन्न

बहराइच। शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों, सीएम डैशबोर्ड एवं आईजीआरएस संदर्भों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया कि अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निस्तारित किए गए संदर्भों की कार्रवाई का प्रभावी अनुश्रवण करते हुए रैंकिंग में सुधार लाया जाए, ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर नियमित समीक्षा करने तथा यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जनसंतुष्टि का प्रतिशत किसी भी दशा में कम न होने पाए। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान सीडीओ ने संबंधित अधिकारी को संतुष्टी व असंतुष्टी की आख्या साथ में लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की मीटिंग कराये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए।

## गणेश महोत्सव का शुभारंभ



**बांदा।** शहर के शास्त्रीनगर अलीगंज में नूतन बाल समाज द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव का शुभारम्भ गणेश प्रतिमा की स्थापना वैदिक मन्त्रोंचारण के साथ हुआ। इसके बाद दत्तूपंत गुर्जर, अशोक त्रिपाठी जीतू, निखिल सक्सेना, राजेश शुक्ला, अभय पाण्डेय द्वारा गणेश प्रतिमा के साथ महान विचारक लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं संस्थापक गोपीनाथ शास्त्री की प्रतिमा की आरती उतारी गई। कार्यक्रम में भक्त गणेश जी के जयकारों के साथ धार्मिक वातावरण में डूबे रहे। इस अवसर पर अशोक त्रिपाठी जीतू ने कहा कि गणेश महोत्सव सामाजिक एकता और संकल्प को मजबूत बनाने वाला महापर्व है। भगवान गणेश का जीवन प्रकृति संरक्षण का संदेश देता है। उन्होंने बताया गणेश महोत्सव कार्यक्रम 23 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद दीवारी कलाकार रमेश पाल के सहयोगियों ने बुंदेलखंड का दीवारी नृत्य प्रस्तुत किया। युवा कलाकारों के प्रदर्शन को दर्शकों ने सराहा। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मालती बासू, भाजपा मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना, ज्योत्स्ना पुरवार, वीरेंद्र सक्सेना, सचिन चतुवेर्दी, सुनील सक्सेना, रामप्रसाद सोनी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत

**फतेहपुर।** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। ग्राम सभा केवई स्थित फ्यूर स्कूल के पास बांदा-सागर रोड पर फतेहपुर से बांदा जा रही एक रोडवेज बस की चपेट में आने से 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे का विवरण मृतक युवक की पहचान सोहित मौर्या पुत्र जयकरन, निवासी ग्राम केवई, थाना राधानगर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अनुसार, सोहित सुबह अपने घर से घरेलू सामान लेने के लिए निकला था। जैसे ही वह फ्यूर स्कूल के सामने से गुजर रहा था, उसी समय तेज रफ्तार में आ रही रोडवेज बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस जांच शुरू घटना की सूचना मिलते ही राधानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और रोडवेज बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने एवं मौत के मामले में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।

# बाइक चोरी रोकने के लिए एएसपी से मिले व्यापारी



**महोबा।** जनपद में लगातार सामने आ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह से मिला।

प्रतिनिधिमंडल ने पिछले 15 दिनों में चोरी हुई पांच मोटरसाइकिलों की घटनाओं को सूचीबद्ध करते हुए ज्ञापन सौंपा और शीघ्र खुलासा करते हुए चोरी के वाहनों की बरामदगी की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि व्यापार मंडल की जानकारी में पांच मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं हैं, जबकि इसके अतिरिक्त भी जिले में अन्य लोगों के वाहन चोरी हुए हैं। सभी थाना क्षेत्रों से मोटरसाइकिल चोरी के प्रार्थना पत्रों एवं दर्ज मामलों की समेकित सूची तैयार कर पुलिस को प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। व्यापार मंडल ने मोटरसाइकिल चोरी के मामलों की समीक्षा के लिए विशेष पुलिस टीम गठित करने, चोरी में शामिल गिरोह व आरोपियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करने तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाने की मांग की। जिलाध्यक्ष स्वप्निल गुप्ता ने शहरवासियों से अपील की कि घरों व प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराने में सहयोग करें।

प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश मंत्री सत्येंद्र प्रताप, जिला संरक्षक प्रशांत कुमार गुप्ता, युवा विंग जिलाध्यक्ष अनुज सोनी, जिला संगठन मंत्री धनेन्द्र दीक्षित एवं जिला मीडिया प्रभारी नितिन नामदेव शामिल रहे।

# जिला स्तरीय अधिकारियों का जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के लिए प्रशिक्षण आयोजित

जिला संवाददाता (वीओएल)

**बिजनौर।** विकास भवन सभागार में जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के संबंध में जनगणना से संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, चार्ज अधिकारी, जनगणना सहायक व तकनीकी सहायकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना के द्वितीय चरण के दौरान किए जाने वाले कार्यों, जिम्मेदारियों तथा जनगणना संबंधी विवरणों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार संकलित किए जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में स्वगणना की प्रक्रिया 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित की जाएगी। इसके उपरांत जनसंख्या गणना का कार्य 01 दिसंबर 2026 से 04 जनवरी 2027 तक किया जाएगा। जनसंख्या गणना के दौरान छूटे हुए परिवारों अथवा आवश्यक संशोधनों के लिए रिवाइज राउंड 05 जनवरी से 09 जनवरी 2027 तक आयोजित किया जाएगा।



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनगणना के लिए संदर्भ तिथि 05 जनवरी 2027 निर्धारित की गई है। द्वितीय चरण में प्रत्येक घर के सभी पारिवारिक सदस्यों का विवरण निर्धारित प्रपत्र में दर्ज किया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति के संबंध में विवरण एवं उप-विवरण सहित कुल 67 बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जाएगी।

इसमें संबंधित व्यक्ति का नाम, आयु, पता, शिक्षा, रोजगार, निशक्तता सहित अन्य आवश्यक व्यक्तिगत एवं पारिवारिक विवरण शामिल होंगे। प्रशिक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि जनगणना कार्य के दौरान प्रत्येक परिवार से आवश्यक जानकारी सावधानीपूर्वक एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप प्राप्त की जाए तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि से बचने के लिए प्रत्येक विवरण का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। जनगणना के कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षक जेपी यादव ने बताया कि प्रथम चरण में में मकान सूचीकरण व मकानो की गणना का कार्य किया गया था। अब जनगणना 27 के द्वितीय चरण का कार्य कराया जाना है जिसके लिए प्रशिक्षण कराया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एंव राजस्व), विभिन्न तहसीलों से आए उप जिलाधिकारी, जनपद स्तरीय अधिकारी, चार्ज अधिकारी, तकनीकी सहायक व जनगणना सहायक आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहे।

## रसोई परिवार ने वृद्धा आश्रम में कराया भोजन



**बहराइच।** गोंडा रोड निकट( दोनक्का) अमीन पुर नगरौर पर स्थित वृद्धा आश्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर संजय कुमार शर्मा की अगुवाई में मां की रसोई परिवार की ओर से सभी सम्मानित वृद्ध जनों को भोजन कराया गया। इस अवसर पर आश्रम पर निवास कर रहे सभी वृद्ध जनों का अपनापन का भाव महसूस कराते हुए हाल चाल पूछ कर आशीर्वाद लिया गया इस आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धा आश्रम में रह रहे तमाम वृद्ध जनों के प्रति समाज में सेवा भाव, सम्मान तथा अपनेपन का भाव जागृत करना था। इस कार्यक्रम में महेश गुप्ता संयोजक/संस्थापक ने कहा विगत 12 वर्षों से निरन्तर संचालित है मा की रसोई, समाज में जरूरतमंद और बुजुर्गों की सेवा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है ऐसे आयोजन से बुजुर्गों को अपनापन और सम्मान का अहसास होता है उपस्थित सभी लोगों ने इसे सामाजिक दायित्व बताते हुए ऐसे पुनीत कार्यक्रम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संजय कुमार गुप्ता, अद्वैत जी पत्रकार, रोशन जैसवाल एडवोकेट, अभय सिन्हा जी, कैलाश जालान, मनीष साहू, मुरली धर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# बाढ़ का डीएम एसपी ने लिया जायजा

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने रविवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने बड़ाहार, सदनापुर और बिंदकी फार्म जैसे गंभीर रूप से प्रभावित इलाकों में बाढ़ की स्थिति, आवागमन की व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थितिगंगा नदी का जलस्तर फतेहपुर में खतरे के निशान से 28 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है, जिससे जिले के कई गांवों में बाढ़ का पानी भर गया है। बिंदकी तहसील का कटरी इलाका सबसे अधिक प्रभावित हुआ है, जहां अभयपुर और उसके मजरे, बड़ाखेड़ा, बिंदकी फार्म, करीब सैकड़ों बीघा तिलहन, धान और हरी सब्जियों की फसलें पूरी तरह डूब गई हैं, जिससे किसानों को बड़े आर्थिक नुकसान की आशंका है। सदनापुर बिंदकी फार्म मार्ग जलमग्न हो गया है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने इन जगहों पर नाविक और नावें लगाई हैं ताकि लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो। राहत शिविर और बचाव व्यवस्थानिरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अभयपुर स्थित बाढ़ राहत शिविर का भी दौरा किया और वहां रह रहे प्रभावित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। बाढ़ से प्रभावित दो गांवों के लोगों के लिए अस्थायी राहत शिविर ग्राम पंचायत अभयपुर और आशापुर में स्थापित किए गए हैं। अधिकारियों को दिए गए निर्देश। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने, प्रभावित लोगों को समय से राहत सामग्री एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल भी उपस्थित रहे।



# डाक्टर की बर्खास्तगी के बाद बहाली पर मामला गरमाया



**बांदा।** मेडिकल कालेज के डाक्टर की लापरवाही के चलते पांच वर्षीय लड़की का पैर काटने के मामले को लेकर सपा नेता पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष सुशील त्रिवेदी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से परिजनों की मुलाकात कराकर मदद का भरोसा भी दिलाया। सोमवार को सपा नेता ने पीड़ित परिवार के साथ जिलाधिकारी से एक बार फिर से मुलाकात की है और दोषी चिकित्सक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

**सपा नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री व डीएम से की शिकायत**

थाना कोतवाली नगर के पडुई गांव निवासी अनिल कुमार की पांच वर्षीय पुत्री मानवी 23 दिसंबर 2025 को ऊंचाई से गिर गई, जिससे उसके बायें पैर की जांघ की हड्डी फ्रैक्चर हो गई। परिजनों ने उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। यहां तैनात हड्डी रोग विशेषज्ञ डा.विनीत कुमार ने उसका उपचार किया, लेकिन संक्रमण फैलने के कारण उसका बायां पैर जांघ से काटना पड़ा। परिजनों का आरोप है कि चिकित्सक की लापरवाही और समय पर समुचित उपचार न होने के कारण उसका पैर काटना पड़ा। इसकी जिम्मेदारी चिकित्सक की है। परिजनों की शिकायत पर मेडिकल कालेज की आंतरिक समिति ने जांच की और पूरे मामले को आकस्मिक जटिलता का नाम देकर मामले को रफा दफा कर दिया, लेकिन परिजनों ने हार नहीं मानी और जिलाधिकारी से मामले की शिकायत की। इस पर तत्कालीन डीएम के आदेश पर सीएमओ ने जांच की, जिसमें चिकित्सक को दोषी मिला और रिपोर्ट के आधार पर डा.विनीत सिंह को बर्खास्त कर दिया गया। उधर डाक्टर की बर्खास्तगी को लेकर मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने हड़ताल का दबाव बनाया तो तीन दिनों के भतीर ही मेडिकल कालेज के प्राचार्य ने आंतरिक समिति की रिपोर्ट का हवाला देकर दोषी डाक्टर की बर्खास्तगी निरस्त कर दी। अब पीड़ित परिवार ने सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात करने के बाद एक बार फिर से जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। दोषी चिकित्सक पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## जंगली नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



**बहराइच।** मटेरा क्षेत्र के श्री सिद्ध पीठ जंगली नाथ मंदिर में हरितालिका कजरी तीज पर कांवरियों सहित लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर जलाभिषेक किया रात्र से ही लाखों की संख्या में कांवरियों सहित शिव भक्तों ने मंदिर परिसर में पहुंचकर जला अभिषेक करने के साथ पूजा अर्चना की मंदिर के पुजारी /अध्यक्ष आचार्य अनिल शास्त्री गोस्वामी जी ने बताया कि जनपद बहराइच के साथ बलरामपुर श्रावस्ती गोरखपुर देवरिया के साथ पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के श्रद्धालु भारी संख्या में मंदिर पर जलाभिषेक करते हैं पुलिस प्रशासन के साथ मंदिर प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था में लगकर श्रद्धालुओं की मदद करते हैं जिससे किसी भी श्रद्धाल को कोई दिक्कत न हो

# अवैध खनन वाले ओवरलोड ट्रकों व क्रेशरों की धूल से ग्रामीण परेशान

जिला संवाददाता

**बांदा।** गिरवां कस्बे से होकर निकलने वाले अवैध खनन के ओवरलोड ट्रकों तथा क्रेशरों से उड़ने वाली धूल की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने इस पर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने खनन से जुड़े बड़े वाहनों के आने-जाने पर रोक लगाने के लिए इलाके में नो एंट्री लागू करने की भी मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि इलाके में रात-दिन ओवरलोड ट्रक तेज गति से दौड़ते हैं। ट्रकों में लदी गिट्टी और बालू सड़क पर गिरती रहती है, जिससे बाइक और दूसरे वाहनों के लिए हादसे का खतरा बना रहता है।

**डीएम को दिया ज्ञापन कार्यवाही की मांग**

भारी वाहनों के लगातार आने-जाने से नई बनी सड़कें भी खराब हो रही हैं और उनमें गड्ढे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने पहाड़ों में हो रहे खनन और ब्लास्टिंग का भी विरोध किया है। उनका कहना है कि ब्लास्टिंग के कारण पहाड़ों में बने कई साल पुराने शिव मंदिर और हनुमान मंदिरों को नुकसान पहुंच रहा है। ग्रामीणों ने मंदिरों, पहाड़ों की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यावरण को बचाने के लिए खनन पर रोक लगाने की मांग की है। गिरवां इलाके में चल रहे क्रेशरों से उड़ने वाली धूल को लेकर भी ग्रामीणों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि दिन-रात उड़ने वाली धूल आसपास के गांवों में रहने वाले लोगों का जीना दुश्वार कर रही है। इससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य के साथ ही आसपास के किसानों की फसलों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से कार्रवाई करने की मांग की है।



## पंखे से झूलता मिला महिला का शव

मथुरा। भरतपुर मार्ग स्थित नरहौली गांव में आज सुबह एक महिला का शव पंखे के हुक से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे के दरवाजे तोड़कर शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार हाइवे थाना क्षेत्र अन्तर्गत नरहौली गांव में रहने वाले भानू प्रकाश की 30 वर्षीय पत्नी भावना का शव आज 7-8 बजे के बीच उसके घर के कमरे में पंखे के हुक से लटका मिला। घटना की जानकारी उस समय हुई जब रोजाना की तरह भावना अपने कमरे से बाहर नहीं निकली। परिजनों ने कमरे के रोशनदान से झांककर देखा तो वह धोती के सहारे पंखे के हुक पर लटकी हुई थी।

## वृद्धा की मौत से परिजनो में कोहराम, पुत्रवधू पर हत्या का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**धामपुर, बिजनौर।** घर में सो रही में लगभग 65 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने उसकी पुत्रवधू पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जनकारी के अनुसार धामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करनावाला निवासी ओमवती (65 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के परिजनों ने उसकी पुत्रवधू प्रीति पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आरोपी बहू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। चर्चा है कि पुलिस ने घटना में इस्तेमाल बताई जा रही दरांती को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

फिलहाल पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है। सीओ धामपुर अंजनी कुमार चतुवेर्दी का कहना है कि मृतका सास और बहू के बीच अक्सर कहासुनी होती रहती थी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जायेगा उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नही जायेगा।

संक्षेप

### वन राइड के लिए जायेंगे रॉयल एनफील्ड के हजारों राइडर

नई दिल्ली। 20 सितंबर को दुनियाभर में रॉयल एनफील्ड के हजारों राइडर प्योर मोटरसाईक्लिंग के ग्लोबल जश्न, वन राइड के लिए सड़कों पर निकलेंगे। वन राइड की शुरुआत 2011 में हुई थी, जब विभिन्न देशों और महाद्वीपों के राइडर एक साथ राइडिंग की खुशी मनाने के लिए निकले थे। इस साल रॉयल एनफील्ड की 125 वीं वर्षगांठ के अवसर पर वन राइड 60 देशों में 1,600 से अधिक राइड्स तक फैली होगी। मोटरसाईक्लिंग के साझा प्यार के लिए यह ग्लोबल आयोजन 2026 में उन जगहों के लिए एक साझा जिम्मेदारी भी प्रदर्शित करता है, जिन्होंने इन राइड्स को संभव बनाया है ह्विह्यएवरी राइडर। एवरी रोड। वन मिशन। इस क्षेत्र को राइडर्स की कई पीढ़ियों ने एक्सप्लोर किया है और यह मोटरसाईक्लिंग की संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। रॉयल एनफील्ड द्वारा वन राइड 2026 में हिस्सा लेने वाले हर राइडर इससे उनका यह विश्वास प्रदर्शित होता है कि पहाड़ों के साथ रिश्ता उनके संरक्षण में मदद करने की जिम्मेदारी के साथ शुरू होता है। राइड चाहे दिल्ली में हो, लंदन में या साओ पाउलो में, इसमें भाग लेने वाला हर राइडर ऊँचे हिमालय में चल रहे संरक्षण कार्यों में अपना योगदान देगा। 20 सितंबर को राइड से लगभग एक हफ्ते पहले रजिस्ट्रेशंस का अंतिम चरण शुरू हो गया है।

### क्रॉम्पटन की नयी वॉलस्माइल आउटडोर डेको वॉल लाइट रेंज लॉन्च

मुंबई। जैसे-जैसे आउटडोर स्पेस घर का विस्तार बनते जा रहे हैं, उन्हें आकर्षक रूप देने और बेहतर माहौल तैयार करने में लाइटिंग की भूमिका भी बढ़ रही है। इसी बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, क्वालिटी और इनोवेटिव लाइटिंग सॉल्यूशंस के लिए पहचानी जाने वाली क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने अपनी नई वॉलस्माइल आउटडोर डेको वॉल लाइट रेंज पेश की है। समकालीन सौंदर्य, टिकाऊपन और उपयोगिता को ध्यान में रखकर तैयार की गई यह रेंज आधुनिक आउटडोर स्पेस के लिए प्रीमियम लाइटिंग अनुभव प्रदान करती है। उपभोक्ता अब ऐसे आउटडोर लाइटिंग सॉल्यूशन की तलाश में हैं जो भरोसेमंद परफॉर्मेंस देने के साथ-साथ उनके आस-पास के माहौल के अनुकूल भी हों। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए क्रॉम्पटन की नई वॉलस्माइल आउटडोर डेको वॉल लाइट रेंज, आधुनिक डिजाइन को आउटडोर उपयोग के लिए तैयार फीचर्स के साथ जोड़ती है, जो कई तरह की जगहों के माहौल, रूप और उपयोगिता को बेहतर बनाने में मदद करती है। यह रेंज बालकनी, पोर्च, पूलसाइड एरिया, लॉबी और पार्किंग एरिया के साथ-साथ एक्सेंट और डिस्प्ले लाइटिंग के लिए भी उपयुक्त है।

### एआई एवं डिजिटल कनेक्टिविटी पर सहयोग बढ़ाने को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली। सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने ब्रिटिश उच्चायोग के साथ मिलकर भारत के इंटेलिजेंट कनेक्टिविटी भविष्य को शक्ति देना: नेटवर्क, विश्वास और नागरिकों के लिए एआई थीम के तहत नई दिल्ली में आज सीओ.एआई 2026 आयोजित किया। इस फोरम में सरकार से वरिष्ठ प्रतिनिधियों, नियामकों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं, टेक्नोलॉजी कंपनियों, नीति भागीदारों और व्यापक डिजिटल पारितंत्र के लोगों को एक साथ लाया गया ताकि भविष्य के लिए तैयार डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को आकार देने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर चर्चा की जा सके। इस कार्यक्रम की एक मुख्य बात सीओएआई और ब्रिटिश उच्चायोग के बीच सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर होना था जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल कनेक्टिविटी, डिजिटल ट्रस्ट और जिम्मेदार टेक्नोलॉजी आधारित नवप्रवर्तन के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सीओ.एआई 2026 तीन आपस में जुड़ी प्राथमिकताओं पर केंद्रित है: इंटेलिजेंट एवं स्वायत्त नेटवर्कों के लिए एआई, सुरक्षा, विश्वास एवं डिजिटल लचीलापन के लिए एआई और नागरिकों, सेवाओं और लोक मूल्य के लिए एआई। उपभोक्ताओं की सुरक्षा। ये उद्देश्य हमेशा एक जैसे नहीं होते, लेकिन प्रभावी नियमन को इन्हें एक साथ लेकर चलना चाहिए।

# कच्चा तेल से तय होगी सर्राफा बाजार की चाल

नयी दिल्ली। सोने और चांदी की कीमतों में अगले सप्ताह उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। बाजार विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दर पर फैसला, कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव, अमेरिकी डॉलर की चाल और अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम कीमती धातुओं की कीमतों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक होंगे। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की 15-16 सितंबर को होने वाली बैठक वैश्विक सर्राफा बाजार के लिए अगले सप्ताह की सबसे महत्वपूर्ण घटना होगी।

फेड के फैसले और उसके प्रमुख की टिप्पणी से सोने-चांदी की कीमतों की दिशा तय हो सकती है। गणेश चतुर्थी के कारण सोमवार को जिंस बाजार सुबह के सत्र में बंद रहेंगे। सोना अमेरिकी फेड की टिप्पणियों, कच्चे तेल की कीमतों, अमेरिकी डॉलर, मुद्रास्फीति की उम्मीदों और भू-



राजनीतिक घटनाक्रमों के प्रति संवेदनशील बना रहेगा। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में कोई नरमी या अमेरिकी फेडरल रिजर्व का कम आक्रामक रुख सोने में सुधार का समर्थन कर सकता है, जबकि कच्चे तेल में फिर से मजबूती या आक्रामक नीति संकेत से नई बिकवाली शुरू हो सकती है। घरेलू बाजार में पिछले सप्ताह मिश्रित रुझान देखा गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर अक्टूबर डिलीवरी के सोने का वायदा भाव 17 रुपये बढ़कर 1,52,784 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुए, जबकि चांदी 2,684 रुपये यानी 1.13 प्रतिशत गिरावट के साथ 2.34 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। हालांकि, वैश्विक बाजार दबाव में रहा, जहां कॉमेक्स पर दिसंबर आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव 1.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,408.9 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ और चांदी 2.34 प्रतिशत गिरकर 65.19 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। पिछले सप्ताह सोने के वायदा भाव में तेजी और गिरावट के बीच उतार-चढ़ाव रहा, लेकिन कुल मिलाकर इसमें बिकवाली का दबाव बना रहा और सप्ताह के अंत में भाव 1.5 प्रतिशत नीचे रहा। उन्होंने कहा कि घरेलू बाजार में हालांकि रुपये में तेज गिरावट के कारण सोने की कीमतों में गिरावट सीमित रही। निवेशक फेडरल रिजर्व के फैसले के बाद बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान के मौद्रिक नीति संबंधी फैसलों पर भी नजर रखेंगे। तीनों केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दर में 25 आधार अंक की बढ़ोतरी किए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारत, जर्मनी, ब्रिटेन, यूरो क्षेत्र, अमेरिका और जापान के मुद्रास्फीति संबंधी आंकड़े भी महत्वपूर्ण होंगे। चीन के निवेश और कारखानों की गतिविधियों से जुड़े आंकड़े औद्योगिक धातुओं की कीमतों के लिए महत्वपूर्ण होंगे।

# बाढ़ प्रभावित नेपाल को प्रतिदिन 18 घंटे बिजली का निर्यात करेगा भारत

काठमांडू। भारत ने 13 सितंबर, 2026 से नेपाल विद्युत प्राधिकरण को रोजाना 18 घंटे बिजली निर्यात करने की मंजूरी दे दी है।

भारतीय दूतावास के सूत्रों ने भारत के बिजली मंत्रालय के एक नोटिस का हवाला देते हुए बताया कि मुजफ्फरपुर-ढलकेबार 400 केवी लाइन के जरिये 600 मेगावाट तक और टनकपुर-महेंद्रनगर 132 किलोवाट पारेषण लाइन के जरिये 54 मेगावाट तक बिजली निर्यात करने की मंजूरी 31 दिसंबर तक दी गई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 26 अगस्त को नेपाल में आई भोटेकोशी-त्रिशूली बाढ़ से सात चालू पनबिजली परियोजनाओं और पांच सौर संयंत्रों को नुकसान पहुंचा, जिससे कुल मिलाकर लगभग 275 मेगावाट बिजली आपूर्ति में रुकावट आई। एक सरकारी बयान में कहा गया, इस मंजूरी से नेपाल को इस



मुश्किल समय में अपनी बिजली की जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी और भारत व नेपाल के बीच गहरे और लंबे समय से चले आ रहे ऊर्जा सहयोग को और मजबूती मिलेगी। बयान में आगे कहा गया, भारत, नेपाल का समर्थन करने और ऊर्जा क्षेत्र में आपसी सहयोग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सैमसंग गैलेक्सी एस26 एफई भारत में लॉन्च

नई दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने आज गैलेक्सी एस26 एफई के लॉन्च की घोषणा की। वह गैलेक्सी एस 26 फैमिली का नया सदस्य है, जिसे उन फीचर्स को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो यूजर्स के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं।

इस स्मार्टफोन में बेहतर कैमरा एक्सपीरियंस, कॉन्टेक्स्ट-अवेयर गैलेक्सी एआई, दमदार डेली परफॉर्मेंस और वन यूआई 9 एक साथ मिलते हैं। गैलेक्सी एस26 एफई में 6.7-इंच डायनेमिक एमोलेड 2एक्स डिस्प्ले है। यह सब कुछ एक स्लिम और रिफाइंड डिजाइन में है। गैलेक्सी एस26 एफई को इस सोच के साथ बनाया गया है कि भारत में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक गैलेक्सी का बेहतरीन अनुभव पहुंचे। इसमें ऐसे इनोवेशन हैं, जो लोगों के जीने, काम करने और कुछ नया बनाने के तरीके से जुड़े हैं। फ्लैगशिप कैमरा क्षमताओं, कॉन्टेक्स्ट-अवेयर गैलेक्सी एआई और दमदार परफॉर्मेंस के साथ, हमने एक सोच-समझकर डिजाइन किए गए स्मार्टफोन में वे सारे अनुभव जोड़े हैं, जिन्हें ग्राहक सबसे ज्यादा अहमियत देते हैं। गैलेक्सी एस26 एफई 8जीबी/256जीबी पिस्तियाचो, ब्लूबेरी, ग्रेफाइट रंग मे कीमत 79999 रुपए मे उपलब्ध है।

# जूट के बोरों की कीमत पर बंगाल के श्रम मंत्री ने केंद्र से हस्तक्षेप की मांग की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के श्रम मंत्री अर्जुन सिंह ने जूट के बड़े बोरों की कीमत से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह से हस्तक्षेप की मांग की है।

श्रम मंत्री ने कहा कि इस मामले का जूट मिलों की श्रम और पूजा बोनस संबंधी देनदारियों को पूरा करने की क्षमता पर सीधा असर पड़ता है। हाल के एक पत्र में सिंह ने केंद्र से आग्रह किया कि अगस्त 2026 के लिए बी टविल जूट के बोरों की कीमत की समीक्षा कर उसे अगस्त 2024 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित शुल्क आयोग के सूत्र के अनुसार फिर से अधिसूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि जूट आयुक्त कार्यालय द्वारा तय की गई कीमत मंजूर सूत्र के अनुरूप नहीं थी और इसमें मिलों द्वारा कच्चा जूट खरीदने पर आने वाली लागत को पर्याप्त रूप से शामिल नहीं किया गया था। सिंह ने पहले ही की जा चुकी आपूर्ति के लिए कीमत के अंतर की राशि का भी समायोजन करने का अनुरोध किया। पश्चिम बंगाल के श्रम मंत्री ने जुलाई में जारी किए गए उत्पादन नियंत्रण और आपूर्ति आदेश का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि ये आदेश महीने के आखिर में जारी किए गए, जिससे जूट मिलों को तय अवधि में बोरों का उत्पादन और उनकी जांच पूरी करने में कठिनाई हुई। उन्होंने कहा कि हालांकि बाद में आपूर्ति की समयसीमा बढ़ा दी गई, लेकिन जुलाई के आदेशों के तहत आने वाले बोरों पर अगस्त की कम दर लागू की गई। इससे जूट मिलों पर काफी वित्तीय असर पड़ा। उन्होंने यह भी प्रस्ताव किया कि उत्पादन नियंत्रण और आपूर्ति आदेश जारी होने की तारीख से बोरों के उत्पादन और जांच के लिए कम से कम 30 दिन की अवधि तय की जाए। यदि आदेश देर से जारी होने के कारण आपूर्ति की समयसीमा बढ़ती है, तो आदेश जारी होने वाले महीने की लागू दर ही जारी रखी जाए।

# चीन की पेट्रोलियम कंपनी के प्रमुख ने की हरदीप पुरी से मुलाकात

नयी दिल्ली। चीन की सरकारी पेट्रोलियम कंपनी चाइना नेशनल पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीएनपीसी) के चेयरमैन दाई होउलियांग ने सोमवार को नयी दिल्ली में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई।

चीनी सरकारी मीडिया ने सीएनपीसी के हवाले से बताया कि दोनों पक्षों ने ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने के उपायों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की गत शनिवार को हुई बैठक के बाद हुई है। यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि पश्चिम एशिया में संकट गहरा रहा है और हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब की तेल सुविधाओं पर हमले तेज कर दिए हैं। भारत और चीन दुनिया के दो सबसे बड़े कच्चे तेल आयातक हैं। दाई ने बैठक में कहा कि हाल के वर्षों में भारत और चीन के नेताओं ने कई बार मुलाकात की है और एक-दूसरे को साझेदार तथा विकास के अवसर के रूप में देखने को लेकर महत्वपूर्ण सहमति बनी है। इससे द्विपक्षीय संबंधों को दिशा मिली है और ऊर्जा क्षेत्र में व्यावहारिक सहयोग को और बढ़ाने की मजबूत नींव तैयार हुई है।

# पंजाब के बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति पर्याप्त

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (पीएसपीसीएल) की कैप्टिव खदानों से पंजाब के निजी बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं।

कोयला मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि पंजाब के बिजली संयंत्रों के लिए पर्याप्त मात्रा में कोयला उपलब्ध कराया गया है और कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) पंजाब सहित देशभर में बिजली उत्पादन के लिए निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने को पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने कहा, पीएसपीसीएल के अपने बिजली संयंत्रों का अधिक उपयोग, निजी बिजली संयंत्रों में खराबियों की निगरानी और सीआईएल की सहायक कंपनियों द्वारा पहले ही उपलब्ध कराए गए कोयले को समय पर उठाने से




बिजली उत्पादन को बेहतर तरीके से संचालित करने और राज्य की जरूरतें पूरी करने में मदद मिलेगी। यह बयान उन खबरों की पृष्ठभूमि में आया है, जिनमें कहा गया था कि पंजाब में बिजली संकट गहरा गया है और कारखानों तथा कृषि क्षेत्र को 14 घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। खबरों में पंजाब के ताप बिजली संयंत्रों में कम बिजली उत्पादन के लिए संयंत्रों में खराबी और कोयले की अपर्याप्त आपूर्ति को जिम्मेदार बताया गया था। कोयला मंत्रालय ने कहा कि यह स्थिति की पूरी तस्वीर नहीं है। मंत्रालय ने कहा, "केंद्र सरकार ने कैप्टिव खदानों से उत्पादन शुरू होने के बाद से पंजाब के निजी बिजली संयंत्रों तक कोयला पहुंचाने की प्रक्रिया को सक्रिय रूप से सुगम बनाया है। मंत्रालय ने कहा कि पंजाब को पीएसपीसीएल की कैप्टिव खदानों से कोयला उठाने की गति बढ़ाने की जरूरत है। उसने बताया कि पीएसपीसीएल की पचवाड़ा सेंट्रल खदान में अप्रैल 2026 से 11 सितंबर 2026 तक का उत्पादन वार्षिक लक्ष्य का 83.67 प्रतिशत रहा, जबकि वहां से कोयले की आपूर्ति लक्ष्य की केवल 68.44 प्रतिशत रही। मंत्रालय ने कहा कि उत्पादन और आपूर्ति के बीच यह अंतर खदान में करीब 3.21 लाख टन कोयले के ऐसे भंडार का संकेत देता है, जिसे अभी बाहर नहीं भेजा गया है। मंत्रालय ने कहा कि राज्य को इस कोयले को खदान से निकालकर अपने बिजली संयंत्रों तक पहुंचाना चाहिए, जिससे पीएसपीसीएल के अपने संयंत्रों में बिजली उत्पादन बढ़ाया जा सके।

# माल ढुलाई सालाना आधार पर अगस्त में 5.4 प्रतिशत बढ़ीः रेलवे

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने इस साल अगस्त में 13.79 करोड़ टन माल की ढुलाई की, जबकि अगस्त 2025 में यह 13.09 करोड़ टन थी। इस तरह माल ढुलाई में सालाना आधार पर 5.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, माल ढुलाई में वृद्धि कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, उर्वरक और अन्य वस्तुओं जैसे प्रमुख क्षेत्रों से बढ़ती मांग को दर्शाती है। विज्ञप्ति में कहा गया कि रेलवे के जरिये माल ढुलाई बढ़ने से उद्योगों को भरोसेमंद परिवहन सुविधा मिलती है और विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की आवाजाही में भी मदद मिलती है। अधिकारियों ने कहा कि



अगस्त 2026 के दौरान लौह अयस्क, क्लिंकर, उर्वरक आदि जैसी कई प्रमुख वस्तुओं की ढुलाई में अच्छी वृद्धि दर्ज की गई। रेल मंत्रालय के अनुसार, अगस्त 2026 में पांच नए गतिशक्ति माल टर्मिनल (जीसीटी) शुरू किए गए। इसके साथ 31 अगस्त 2026 तक शुरू किए जा चुके गतिशक्ति माल टर्मिनलों की कुल संख्या 149 हो गई। यात्री यातायात में वृद्धि का उल्लेख करते हुए मंत्रालय ने कहा कि रेलवे ने अगस्त 2026 में 67.27 करोड़ यात्रियों को यात्रा कराई, जबकि अगस्त 2025 में यह संख्या 64.43 करोड़ थी। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, उपनगरीय यात्री यातायात में विशेष रूप से मजबूत वृद्धि दर्ज की गई और यह 9.02 प्रतिशत बढ़ा। अगस्त 2026 में कुल 38.01 करोड़ उपनगरीय यात्रियों ने यात्रा की, जबकि अगस्त 2025 में यह संख्या 34.89 करोड़ थी।

## पेज एक का शेष

### राहुल सिंह

विशेष सचिव देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा को सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद प्रयागराज की जिम्मेदारी मिली है। अम्बेडकर नगर के मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला अब रेशम विभाग के विशेष सचिव और निदेशक रेशम बनाए गए हैं। कुशीनगर के अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा को अम्बेडकर नगर का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया है। युवा कल्याण के संयुक्त निदेशक अशोक कुमार कन्नौजिया को विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा विभाग और अलीगढ़ मंडल के अपर आयुक्त अरुण कुमार को विशेष सचिव ग्राम्य विकास विभाग का दायित्व सौंपा गया है। सहारनपुर के अपर नगर आयुक्त प्रदीप कुमार यादव अब अलीगढ़ मंडल के अपर आयुक्त होंगे। नेहा शर्मा को चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव पद से अवमुक्त किया गया है।

गाजियाबाद के अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव को संयुक्त आयुक्त प्रशासन ग्राम्य विकास बनाया गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में उपसचिव के पद पर तैनाती दी गई है। संजय कुमार पाण्डेय, जो अपर जिलाधिकारी नजूल प्रयागराज थे, अब अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौतमबुद्धनगर होंगे। अमित कुमार को प्रधान प्रबन्धक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ बनाया गया है। मंगलेश दुबे को उपसंचालक चकबंदी प्रयागराज और विनीत उपाध्याय को प्रधान प्रबन्धक उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ की जिम्मेदारी दी गई है। राम शंकर को उपायुक्त प्रशासन कार्यालय आयुक्त खाद्य एवं रसद और दिग्विजय प्रताप सिंह को उपनिदेशक उत्तर प्रदेश राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद नियुक्त किया गया है। संगम लाल को अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मिजार्पुर, योगेंद्र सिंह को उपनिदेशक प्रशासन रेशम निदेशालय और बरखा सिंह को अपर नगर आयुक्त वाराणसी बनाया गया है। पंकज प्रकाश राठौड़ को देवरिया का अपर जिलाधिकारी, दीपक कुमार पाल को मुजफ्फरनगर का नगर मजिस्ट्रेट और रेणु को गाजियाबाद का अपर नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। अजय आनंद वर्मा को आजमगढ़, रेणु मिश्रा को फरुर्खाबाद, प्रदीप कुमार सिंह को गौतमबुद्धनगर, दिव्या सिकरवार को औरैया और प्रद्युम्न कुमार को बस्ती का अपर जिलाधिकारी बनाया गया है। वंदना त्रिवेदी को उपनिदेशक प्रशासन अकादमी लखनऊ, अरुण कुमार को बहराइच, मानवेंद्र सिंह को बदायूं, राजीव कुमार राय को बागपत, अजय नारायण सिंह को एटा और प्रशांत कुमार को अपर जिलाधिकारी नागरिक आपूर्ति आगरा की जिम्मेदारी दी गई है। प्रियंका सिंह को अपर नगर आयुक्त मथुरा, अभय कुमार पाण्डेय को अपर जिलाधिकारी कासगंज, सुखलाल प्रसाद वर्मा को अपर जिलाधिकारी नजूल प्रयागराज, शत्रुघ्न पाठक को अपर जिलाधिकारी जालौन, देवेंद्र प्रताप सिंह को सचिव मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, विजेता को मुख्य राजस्व अधिकारी मिजार्पुर, शुभी गुप्ता को सहायक निदेशक प्रशासन अकादमी लखनऊ, अशोक कुमार को अपर जिलाधिकारी हापुड़ और शुभेंदु शेखर सिंह को विशेष कार्याधिकारी यूपीडा बनाया गया है।

### अधिवक्ताओं को

के लिए सस्ती कैंटीन की व्यवस्था भी की जा रही है। त्वरित निस्तारण के लिए पहले चरण में जिला स्तर पर 900 न्यायालयों के गठन को मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिला न्यायालय, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले विधि अधिकारियों की फीस में 50 फीसदी से अधिक की वृद्धि की गई है। अब 400 राज्य विधि अधिकारियों को टैबलेट भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे उन्हें शासन से जुड़े न्यायालय में आने वाले मामलों की जानकारी आधुनिक तकनीक के माध्यम से मिल सकेगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि तीन नए कानूनों को तेजी से अपनाने में अधिवक्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। साइबर क्राइम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा प्राइवेसी, डिजिटल कॉमर्स, फिनटेक, इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी और क्लाइमेट लिटिगेशन जैसे नए क्षेत्रों के लिए अधिवक्ताओं को खुद को अपडेट करना होगा। तकनीक, अर्थव्यवस्था और समाज में हो रहे बदलावों की गहरी समझ आज की आवश्यकता है। फ्यूचर रेडी बार ही फ्यूचर रेडी जस्टिस सिस्टम की मजबूत नींव रखेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि न्याय व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत आम आदमी का विश्वास है और इसकी पहली शर्त समय पर न्याय है। नागरिक को भरोसा होना चाहिए कि उसकी निष्पक्ष सुनवाई होगी, उसके साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं होगा और कानून की नजर में सभी समान हैं। पारदर्शिता, निर्णयों में ईमानदारी, संस्थाओं की जवाबदेही और नागरिकों का विश्वास सशक्त न्याय व्यवस्था के लिए जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिला अदालतों और जेलों को हाईस्पीड इंटरनेट और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से लैस किया गया है। न्याय श्रुति प्रणाली से अदालतों में वर्चुअल गवाही की व्यवस्था शुरू की गई है। अदालती दस्तावेजों की स्कैनिंग और डिजिटाइजेशन को भी गति दी गई है। पुलिस और अभियोजन के बेहतर समन्वय के साथ अभियोजन प्रणाली को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जिससे चार्जशीट और वैज्ञानिक साक्ष्य समय पर न्यायालय के सामने रखे जा सकें।

### संवैधानिक संस्था

समस्या का समाधान नहीं होता। जन-विश्वास पर खरा उतरना ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी है। संविधान निमार्ताओं ने भारत की व्यवस्था के लिए संसदीय लोकतंत्र दिया। यदि जनप्रतिनिधि ने विश्वास खोया तो सरकार गई। हर पांच साल में उन्हें जनता के बीच जाना पड़ता है। यदि जनप्रतिनिधि जनभावना का सम्मान नहीं कर पाता है तो जनता को पूरा अधिकार है कि वह प्रतिनिधि को बदलकर दूसरों को मौका दे। सीएम ने कहा कि संविधान निमार्ताओं ने न्याय, सत्य और समता को भारत की मौलिक आवश्यकता बताते हुए उल्लेख किया कि हर व्यक्ति को न्याय पाने का अधिकार है। न्याय का आधार सत्य की कसौटी है। हर व्यक्ति को बिना भेदभाव समभाव से देखा जाए। शिकायत का मेरिट के आधार पर समाधान और शिकायतकर्ता की संतुष्टि पर जोर होना चाहिए। सीएम ने कहा कि आईजीआरएस, सीएम हेल्पलाइन, जनता दर्शन आदि के जरिये जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान कराया जाता है। हालांकि कुछ लोग अनावश्यक शिकायत भी लेकर आते हैं, बताते हैं कि मेरी व्यक्तिगत समस्या नहीं है, लेकिन किसी के खिलाफ शिकायत करनी है। यदि हम प्रमाण मांगते हैं तो आनाकानी भी होती है। एक अनुभव साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सज्जन ने एक विद्यालय के खिलाफ शिकायत की। जांच में शिकायत झूठी निकली तो उन्होंने कहा कि पूरे जिले के विद्यालयों की जांच की जाए। ऐसी झूठी शिकायतों को खारिज किया जाना चाहिए। ऐसी शिकायतें सिस्टम का और न्याय पाने के अभिलाषी ईमानदार व्यक्ति का समय खराब करती हैं। शिकायत प्रणाली का दुरुपयोग करने वाले तत्वों से दूरी बनानी चाहिए। किसी संस्था को विश्वास के प्रतीक के रूप में स्थापित करने के लिए आवश्यक है कि अंतिम पायदान पर बैठा व्यक्ति भी गर्व व गरिमा के साथ विश्वास व्यक्त करे कि मेरी समस्या का समाधान होगा। संस्थाओं को मिले अधिकारों का दुरुपयोग न हो, इसे ध्यान में रखकर मेरिट तय हो और अनावश्यक शिकायत करने वालों पर शिकंजा भी कसा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक आयुक्त संगठन ने टेक्नोलॉजी का बेहतर उपयोग किया है। उन्होंने बताया कि 2017 में पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में सबसे अधिक शिकायत खाद्यान्न वितरण की आती थी। जनता दर्शन में 100 में से 60 शिकायतें पीडीएस की होती थी। इससे परेशान होकर लगातार हम बैठक करते थे, फिर हमने तकनीक का प्रयोग किया। ई-पॉस मशीन लगाकर उसे मुख्यालय पर स्क्रीन लगाकर जोड़ दिया। इसके बाद यदि 80 हजार राशन कोटे की दुकानों में किसी ने कुछ इधर-उधर किया तो तुरंत अलर्ट आ जाता है। इससे हेराफेरी की गुंजाइश शून्य हो गई। आज जनता दर्शन में 500 लोग आते हैं, लेकिन एक भी शिकायत इससे जुड़ी नहीं होती। सरकार बिना भेदभाव 16 करोड़ लोगों को राशन दे रही है। सिंगल डिलीवरी के मामले भी सुनिश्चित किए गए हैं। अब एफसीआई गोदाम से ट्रक को गंतव्य तक पहुंचने के दौरान उसे ट्रैक भी किया जाता है।

### वाराणसी में

उच्चाधिकारियों के निदेशों के अनुपालन में भी अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। जांच में यह भी सामने आया कि 3 और 4 सितंबर को चौकाघाट सीवेज पम्पिंग स्टेशन तथा गोईठहां एसटीपी पर स्थित पम्प बंद रखे गए। भारी बारिश के दौरान समय से पम्पों का संचालन नहीं होने से सीवर लाइनों पर अत्यधिक लोड पड़ा और शहर के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई। इससे आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा और विभाग की छवि भी प्रभावित हुई। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने 12 और 13 सितंबर को वाराणसी दौरे के दौरान जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया था। उन्होंने अधिकारियों को जल निकासी की व्यवस्था युद्धस्तर पर सुनिश्चित करने और आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने देने के निर्देश दिए थे। लापरवाही करने वाले अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी थी।

### हिन्दी सिर्फ

दौरान देशभक्ति की लहर पैदा करने में मदद की। मंत्री ने कहा कि हिंदी शब्द सिंधु की शुरुआत 51,000 शब्दों के साथ हुई थी और अब इसमें आठ लाख शब्द शामिल हो चुके हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि 2029 तक यह दुनिया का सबसे बड़ा शब्दकोश बन जाएगा। शाह ने कहा कि जिन जगहों पर हिंदी में शब्दों की कमी थी, उन्हें पूरा करने के लिए हिंदी शब्द सिंधु में भारत की क्षेत्रीय भाषाओं के 50,000 से अधिक शब्दों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि शब्दकोश में तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, बंगाली और ओड़िया जैसी भाषाओं के शब्दों को अपनाया गया है जिससे हिंदी और अधिक लचीली बनी है। शाह ने कहा कि महाराष्ट्र में देश की सबसे अधिक बहुभाषी संस्कृति है, जहां मराठी, कोंकणी, गुजराती, सिंधी, हिंदी, कन्नड़ और वारली जैसी भाषाएं बोली और विकसित की जाती हैं।

### खाद्य वस्तुओं

है। भारतीय रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच हाल ही में प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखा था। सरकार ने आरबीआई को मुद्रास्फीति को दो से छह प्रतिशत के दायरे में बनाए रखने की जिम्मेदारी दी है। इस बीच, खाद्य, ईंधन और विनिर्मित वस्तुओं के दाम बढ़ने से थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति भी अगस्त में बढ़कर 9.92 प्रतिशत हो गई, जो जुलाई में 9.78 प्रतिशत थी।

### बीबीडी परिसर

परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेन्द्र जी के साथ ही साधो बैन्ड के कलाकारों को सम्मानित किया गया। सायंकालीन महाआरती में मुख्य अतिथि एवं बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास एवं सुश्री सोनाक्षी दास ने भाग लिया और महाप्रभु श्री गणेश जी की आरती की। इस महोत्सव में भजन संध्या का बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप के छात्र-छात्राओं एवं आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भरपूर आनंद लिया।

### सीएम योगी

और उत्तर प्रदेश के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट दृष्टिकोण और उत्तर प्रदेश को आगे ले जाने की उनकी प्रतिबद्धता मेरे लिए सदैव प्रेरणादायी है।




## क्षेत्ररक्षण में कड़ी मेहनत कर रही भारतीय टीम : मजूमदार



दुबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच अमोल मुजुमदार ने एशिया कप में टीम के क्षेत्ररक्षण में खराब प्रदर्शन को खास तवज्जो नहीं दी और कहा कि खिलाड़ी इस विभाग में सुधार करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। भारत ने रविवार को यहां एकतरफा फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से हराकर आठवीं बार एशिया कप जीता, लेकिन पांच मैचों में 13 कैच छोड़ने से टीम के क्षेत्ररक्षण को लेकर चिंता की जा रही है। भारतीय खिलाड़ियों ने फाइनल में भी तीन कैच छोड़े। मजूमदार ने इस संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, निश्चित तौर पर सुधार की गुंजाइश है। लेकिन इसके बावजूद हमने बहुत अच्छा क्षेत्ररक्षण किया। उन्होंने कहा, हम इस विभाग में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमने इसको काफी समय दिया है और बहुत अभ्यास भी किया है। हम इसे बेहतर बनाने के लिए अपनी पूरी मेहनत और ईमानदारी से प्रयास कर रहे हैं।

मजूमदार ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने के कारण जताई जा रही चिंता को भी खारिज कर दिया। उन्होंने इस बात को भी नकार दिया कि कप्तान हरमनप्रीत कौर की फॉर्म को लेकर चिंता जताई जा रही है। उन्होंने कहा, यहां की परिस्थितियों को देखते हुए हमने कुछ शानदार स्कोर बनाए हैं। मुझे नहीं लगता कि मध्यक्रम को लेकर कोई चिंता है।

## भारत में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में भाग लेगा पाकिस्तान : भगवंत मान



मोहाली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान उन छह देशों में शामिल है जो अगले महीने यहां होने वाली पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेंगी। उन्होंने केंद्र सरकार की उस नीति का हवाला दिया जिसके तहत बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में इन दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वी देशों को भारतीय धरती पर खेलने की अनुमति दी जाती है। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक जालंधर और मोहाली में खेली जाएगी। इसमें भारत, पाकिस्तान, चीन, जापान, मलेशिया और कोरिया भाग लेंगे।

अगर कोई टीम टूर्नामेंट से हटती है तो उसकी जगह ओमान या बांग्लादेश को दी जाएगी। इस टूर्नामेंट का आयोजन एशियाई हॉकी महासंघ के तत्वावधान में हर वर्ष किया जाता है लेकिन पिछले साल इसका आयोजन नहीं हुआ था। भारत 2023 (चेन्नई) और 2024 (हुलुनबुइर, चीन) में खिताब जीतकर मौजूदा चैंपियन के रूप में प्रतियोगिता में प्रवेश करेगा। पाकिस्तान की भागीदारी और इसके लिए आवश्यक मंजूरी मिल जाने के बारे में पूछे जाने पर मान ने कहा, बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में कोई समस्या नहीं है। हो सकता है कि द्विपक्षीय श्रृंखलाएं (भारत और पाकिस्तान के बीच) न हो सकें। केंद्र सरकार की खेल नीति के अनुसार भारत पाकिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेलेगा। भारत ने पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ संक्षिप्त सैन्य अभियान चलाया था।

पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे। खेल मंत्रालय ने हालांकि ओलंपिक चार्टर का पालन करते हुए कहा है कि दोनों देश बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में एक दूसरे का सामना कर सकते हैं और भारत इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पाकिस्तान के खिलाड़ियों को अपने देश में खेलने से नहीं रोकेगा। इसके बावजूद पाकिस्तान ने पिछले साल तमिलनाडु में खेले गए जूनियर हॉकी विश्व कप से अपना नाम वापस ले लिया था।

उसने इसका कारण ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ना बताया था। मान ने कहा कि एसीटी के लीग चरण के मैच जालंधर में, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल मोहाली स्टेडियम में खेले जाएंगे। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के हॉकी संघों के बीच अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा, मैं सबके सामने यह बात कहना चाहता हूं कि भारत और पाकिस्तान के हॉकी संघों के बीच बहुत अच्छे संबंध हैं।

## संक्षेप

### अमृतसर सूरमाज शेर-ए-पंजाब टी20 लीग की चैंपियन

मोहाली। अमृतसर सूरमाज ने रविवार को यहां लुधियाना लायंस को आठ विकेट से हराकर शेर-ए-पंजाब टी20 लीग का खिताब जीता। अमृतसर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी ने करते हुए लुधियाना लायंस को 20 ओवरों में 142 रन ही बनाने दिए। लुधियाना का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। एक समय उसका स्कोर सात विकेट पर 86 रन था। अमृतसर की तरफ से मयंक मार्कंडे ने 17 रन देकर तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए अमृतसर ने जशनप्रीत सिंह का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन नमन धीर और सहज धवन ने जल्दी ही पारी को संभाल दिया। इन दोनों ने मिलकर 58 रन जोड़े। धीर ने 12 गेंदों में 29 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद धवन और राहुल कुमार ने टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

### पाकिस्तान पर धीमी ओवर गति के लिए 11 अंक भी कटे

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान पर बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए सोमवार को मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया और उसके विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के 11 अंक काट दिए। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि मेजबान इंग्लैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में 0-3 से हारने वाले पाकिस्तान ने निर्धारित समय के अंदर 11 ओवर कम किये थे। पाकिस्तान ने लीड्स में खेला गया सीरीज का पहला मैच पारी और 103 रन से, लॉर्ड्स में खेला गया दूसरा टेस्ट 194 रन से और एजबेस्टन में खेला गया तीसरा टेस्ट आठ विकेट से गंवाया था। आईसीसी ने कहा, बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप मुकाबले के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए पाकिस्तान पर दो तरह के प्रतिबंध लगाए गए हैं। यह प्रतिबंध आईसीसी मैच रेफरी रंजन मदुगले, मैदानी अंपायर पॉल रिफ़ेल और क्रिस गैफ़नी, तीसरे अंपायर अल्लाहुद्दीन पालेकर और चौथे अंपायर रसेल वॉरेन ने लगाए।

### पीसीबी में बड़े फेरबदल की तैयारी

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में बड़े फेरबदल की तैयारी है और अध्यक्ष मोहसिन नकवी आगामी दिनों में कुछ कड़े फैसले ले सकते हैं जिसमें राष्ट्रीय चयन समिति में बदलाव और पूर्व टेस्ट क्रिकेटर आकिब जावेद को वरिष्ठ चयनकर्ता के पद से हटाना शामिल है। पाकिस्तान के एक अन्य पूर्व टेस्ट खिलाड़ी वहाब रियाज को भी एशियाई खेलों के बाद कोचिंग स्टाफ के साथ राष्ट्रीय महिला टीम के मेंटोर पद से हटाए जाने की संभावना है। वह पिछले साल से इस भूमिका में हैं। एक सूत्र ने कहा, मोहसिन नकवी को भी अब अहसास हो गया है कि हार का सिलसिला और पाकिस्तान क्रिकेट में अचानक होने वाली घटनाओं को खत्म करने के लिए कुछ बड़े कदम उठाने की जरूरत है इसलिए ये बदलाव अब संभावित हैं। आकिब को पिछले दो वर्षों में पीसीबी द्वारा लिए गए कई अहम क्रिकेट फैसलों के पीछे प्रमुख व्यक्ति माना जाता रहा है। इनमें दूसरे टेस्ट के बाद इंग्लैंड दौरे के दौरान पाकिस्तान टीम और कोचिंग स्टाफ में व्यापक बदलाव का विवादास्पद फैसला भी शामिल है। पाकिस्तान के इस पूर्व टेस्ट गेंदबाज को हाल के समय में पाकिस्तान क्रिकेट में मची उथल-पुथल के लिए भी व्यापक रूप से जिम्मेदार ठहराया गया है।

# अफगानिस्तान से शृंखला जीतने उतरेगा भारत

## अंतर्राष्ट्रीय-20 का महामुकाबला आज, चोटिल हार्दिक पंड्या की जगह पांचवें गेंदबाज तलाशने की कवायद

एजेंसी



नयी दिल्ली। पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले दूसरे दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत दर्ज करके श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी और इस दौरान पांचवें गेंदबाज की समस्या का समाधान भी निकालना चाहेगी। हार्दिक पंड्या के चोटिल होने के कारण भारतीय टीम में पांचवें विश्वसनीय गेंदबाजी विकल्प की कमी महसूस हो रही है। विश्व कप विजेता भारत ने रविवार को यहां एकतरफा मुकाबले में अफगानिस्तान को सात विकेट से हराकर खेल के सबसे छोटे प्रारूप में शानदार वापसी की।

श्रेयस अय्यर की टीम ने पहले मैच में हर मोर्चे पर शानदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इस जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अर्शदीप ने 19 रन देकर तीन विकेट लिए और अफगानिस्तान को आठ विकेट पर 156 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद अभिषेक ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में 82 रन बनाए जिससे भारत ने 13.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती ने भी चोट से वापसी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन भारत को इस महीने के आखिर में होने वाले एशियाई खेलों से पहले पांचवें गेंदबाज की समस्या का समाधान करना होगा। अय्यर को उस स्थान की भरपाई करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी क्योंकि ऑलराउंडर शिवम दुबे और नीतीश कुमार रेड्डी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। रेड्डी के दो ओवरों में 30 रन लुटाए जबकि आखिरी ओवर में गेंद संभालने वाले दुबे ने 21 रन दिए। अभिषेक ने भी एक ओवर किया। इस तरह तीनों ने मिलकर अपने चार ओवरों में 59 रन लुटाए। अर्शदीप, बुमराह, अक्षर पटेल और चक्रवर्ती के अच्छे प्रदर्शन से भारत को पांचवें गेंदबाजी के विकल्पों का खराब प्रदर्शन भारी नहीं पड़ा लेकिन भविष्य में टीम को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। बल्लेबाजी की बात करें तो अभिषेक ने अपनी तूफानी पारी से अपनी फॉर्म को लेकर उठ रही शंकाओं को दूर कर दिया।

शानदार फॉर्म में चल रहे ईशान किशन ने अभ्यास के दौरान पीठ पर लगी मामूली चोट को दरकिनार करते हुए 33 गेंदों में 42 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन (10) को हालांकि टीम में अपनी जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलनी होगी। केरल के इस बल्लेबाज ने भारत की टी20 विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा तथा उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से पहले चार पारियों में केवल 33 रन बनाए। सैमसन को शानदार फॉर्म में चल रहे युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें जल्द से जल्द बड़ा स्कोर बनाना होगा जिससे कि वह एशियाई खेलों के लिए अंतिम एकादश में अपनी जगह सुरक्षित बनाए रखें। पहले मैच में अफगानिस्तान भारत के सामने कहीं नहीं टिक पाया। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। अगर उसे भारत को कड़ी चुनौती देनी है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

रहमानुल्लाह गुरबाज और कप्तान इब्राहिम जादरान के जल्दी आउट होने से अफगानिस्तान दबाव में आ गया। उसने सातवें ओवर में ही 43 रन पर अपने आधे विकेट गंवा दिए थे। मोहम्मद नबी और अजमतुल्लाह उमरज़ई की साझेदारी ने उम्मीद जगाई, लेकिन उसके बाकी बल्लेबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अफगानिस्तान के कप्तान इब्राहिम जादरान ने रविवार को कहा, हमने तीन ओवरों में अच्छी शुरुआत की, लेकिन उसके बाद हम अच्छा योगदान नहीं दे पाए। हमने लगातार विकेट गंवाए और उन्होंने हम पर दबाव बना दिया। हमने बीच के ओवरों में अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन हम उतने रन नहीं बना पाए जितने हम चाहते थे। मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

### आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए क्रांति गौड़ पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत की महिला टीम की तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ पर श्रीलंका के खिलाफ यहां खेले गए टी20 एशिया कप फाइनल के दौरान आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए सोमवार को उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया और एक डिमेरिट अंक दिया। भारत ने रविवार को एशिया कप के फाइनल में श्रीलंका को 72 रन से हराकर यहां आठवीं बार खिताब अपने नाम किया। इस मुकाबले के दौरान क्रांति को आचार संहिता के नियम 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, क्रांति ने खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.5 का उल्लंघन किया जो अंतरराष्ट्रीय मैच में किसी बल्लेबाज को आउट करने के बाद ऐसी भाषा, कार्वाई या इशारे का इस्तेमाल करने से संबंधित है जो बल्लेबाज को अपमानित करे या उसे आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए उकसा सकता हो। आईसीसी ने कहा, इसके अलावा क्रांति के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। यह 24 महीने की अवधि में उनका पहला अपराध है।

## धीरज ने रचा इतिहास, विश्व कप फाइनल में जीता स्वर्ण



सालिटलो (मेक्सिको)। शीर्ष रैंकिंग वाले भारतीय रिकर्व तीरंदाज धीरज बोम्मादेवर ने रविवार को जापान के नाकानिशी जुन्या को रोमांचक शूट-ऑफ में हराकर विश्व कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाज बनकर इतिहास रच दिया। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज 25 साल के धीरज ने 2023 और 2024 सत्र की निराशा को पीछे छोड़ते हुए इस बार शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने रोमांचक खिताबी मुकाबले में विश्व नंबर 20 नाकानिशी को 6-5 (28-28, 28-29, 29-28, 28-30, 28-27) से हराया। पांच सेट के मुकाबले के बाद स्कोर 5-5 से बराबर था, जिसके बाद शूट-ऑफ में धीरज ने 10-9 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ धीरज विश्व कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाज बन गए। उन्होंने प्रतिष्ठित खिताब जीतने के लिए भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाजी का 16 साल का इंतजार भी खत्म किया। जयंत तालुकदार पिछले भारतीय पुरुष रिकर्व तीरंदाज थे, जिन्होंने 2010 में एडिनबर्ग में कांस्य पदक जीता था। धीरज के अलावा डोला बनर्जी विश्व कप फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने वाली अन्य भारतीय हैं। उन्होंने 2007 में दुबई में महिला व्यक्तिगत वर्ग का खिताब जीता था। विश्व कप फाइनल में भारत की ओर से सर्वाधिक पदक जीतने का रिकॉर्ड दीपिका कुमारी के नाम है। उन्होंने आठ बार की भागीदारी में पांच रजत और एक कांस्य पदक जीता है।

### एशियाई खेलों से बाहर किए जाने पर अगरवाला निराश

नयी दिल्ली। भारतीय ड्रेसेज घुड़सवार अनुष अगरवाला ने एशियाई खेलों में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिलने पर निराशा जताई और कहा कि महाद्वीपीय खेलों के इस बड़े मंच पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका नहीं मिलने से वह आहत हैं।

अगरवाला ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट में कहा कि आइची-नागोया एशियाई खेलों में हिस्सा लेने का उनका सपना अब आधिकारिक रूप से खत्म हो गया है। उन्होंने उस प्रक्रिया को लेकर भी नाराजगी जताई, जिसके कारण उन्हें टीम से बाहर होना पड़ा।

## पहली बार शीर्ष 10 में बिग थ्री में से कोई नहीं



**न्यूयॉर्क। नोवाक** जोकोविच के नवीनतम विश्व रैंकिंग में नीचे खिसकने के कारण 2002 के बाद पहला अवसर है जबकि बिग थ्री (रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच) में से कोई भी पुरुष टेनिस रैंकिंग के शीर्ष 10 में शामिल नहीं है। इन तीनों खिलाड़ियों में केवल 39 वर्षीय जोकोविच ही ऐसे हैं जो अभी खेल रहे हैं। अमेरिकी ओपन में खराब प्रदर्शन के कारण वह पांचवें स्थान से खिसककर 12वें स्थान पर आ गए हैं। अक्टूबर 2002 के बाद यह पहला अवसर है जबकि जोकोविच, फेडरर और नडाल में से कोई भी पहले 10 खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं। फेडरर और नडाल ने क्रमशः 2022 और 2024 में संन्यास लिया। फेडरर ने 41 वर्ष और नडाल ने 38 वर्ष की आयु में टेनिस को अलविदा कहा था। जोकोविच को 15 दिन पहले अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मारियानो नावोन ने हराया था। जोकोविच के नाम पर 24 ग्रैंड स्लैम खिताब दर्ज हैं जो नडाल के 22 खिताबों से दो और फेडरर के 20 खिताबों से चार अधिक हैं। फेडरर ने अक्टूबर 2002 में पहली बार शीर्ष 10 में जगह बनाई और 2016 के अंत तक वहीं बने रहे। नडाल ने अप्रैल 2005 में पहली बार शीर्ष 10 में जगह बनाई थी।

### वरुण अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर

नयी दिल्ली। भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती सोमवार को चोट के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज से बाहर हो गए और इस चोट के चलते आगामी एशियाई खेलों में उनके खेलने पर भी संशय पैदा हो गया है। चक्रवर्ती हाल में पैर की मांसपेशियों में खिंचाव की चोट से उबरे थे जो उन्हें जुलाई में इंग्लैंड दौरे के दौरान लगी थी। उन्होंने रविवार को अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के पहले मुकाबले में एक विकेट लिया था।

## रिकॉर्ड आठवां एशिया कप जीतने के बाद हरमनप्रीत

एजेंसी

दुबई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रविवार को कहा कि श्रीलंका को 72 रन से हराकर रिकॉर्ड आठवीं बार महिला एशिया कप का खिताब जीतना टीम के लिए तय किए गए ऊंचे मानकों पर लगातार खरा उतरने का नतीजा है। शेफाली वर्मा (68) और स्मृति मंधाना (59) के शानदार अर्धशतकों के बाद श्री चरणी (20 रन पर चार विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने श्रीलंका को 72 रन से हराया। इस जीत के साथ भारत ने पिछले सत्र के फाइनल में श्रीलंका से मिली हार का बदला लेते हुए आसानी से खिताब वापस हासिल किया। हरमनप्रीत ने कहा, हमने अपने लिए कुछ बहुत ऊंचे मानक तय किए थे और हमें हर दिन उन पर खरा उतरना था। जिस तरह से हम सभी ने मिलकर प्रदर्शन किया, उससे मैं काफी खुश हूं। उन्होंने कहा, हम जानते हैं कि हमारे अंदर कितनी क्षमता है और हमारे पास एक शानदार टीम है। हमने अपने तय मानकों के अनुरूप खेला, क्योंकि यहां आने से पहले हमने इसी बारे में चर्चा की थी। हमारे कुछ मानक हैं और हमें हर दिन उन पर खरा उतरना है। कप्तान ने कहा, हम सभी के प्रदर्शन से बहुत खुश हैं। लड़कियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में 184 रन का स्कोर खड़ा करना बड़ी बात है। सलामी बल्लेबाजों शेफाली और मंधाना की तारीफ करते हुए हरमनप्रीत ने कहा, हम सभी जानते थे कि वापसी करना आसान नहीं होगा, लेकिन हमारी सलामी बल्लेबाजों ने हमारे लिए शानदार काम किया। स्मृति और शेफाली ने जिस तरह बल्लेबाजी की, वह बेहतरीन था। उन्होंने कहा, शेफाली का टूर्नामेंट बहुत अच्छा रहा। उन्हें जिम्मेदारी लेते हुए बल्ले और



### हम अपने मानकों पर खरे उतरे

गेंद दोनों से टीम के लिए योगदान करते देखना अच्छा लगा। मुख्य कोच अमोल मजूमदार ने भी टीम के मजबूत बल्लेबाजी प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने शेफाली की आक्रामकता, मंधाना की शैली और टीम के तीन प्रमुख स्पिनरों के योगदान को जीत में अहम बताया। मजूमदार ने मैच के बाद कहा, सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ पर बेहद गर्व है। आज पिच शानदार था और हमने उसका अच्छा फायदा उठाया। हमारी बल्लेबाजी बहुत मजबूत रही और हमने बहुत अच्छी शुरुआत की। उन्होंने कहा, पूरे टूर्नामेंट के दौरान पिच थोड़ी धीमी रही और गेंद काफी टर्न हुई। इसलिए बड़ा स्कोर बनाकर उसका बचाव करना हमारी रणनीति थी। हमारे पास तीन शानदार स्पिनर थे और यही हमारी रणनीति थी। शेफाली और मंधाना की सलामी जोड़ी के बारे में मजूमदार ने कहा कि दोनों की अलग-अलग शैली एक-दूसरे की पूरक है। उन्होंने कहा, यह बाएं औश्र दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन है। शेफाली की अपनी शैली है।

उनकी ताकत और आक्रामकता विपक्षी टीम को दबाव में डाल देती है। स्मृति में शानदार सहजता है और दोनों एक-दूसरे की शैली की पूरक हैं। भारत को 183 रन तक पहुंचाने में पांच गेंद में चौका और छक्का लगाकर नाबाद 15 रन बनाने वाली 18 वर्षीय जी कमालिनी ने कहा कि उनके लिए यह जीत खास है। कमालिनी ने कहा, यह बिल्कुल अलग एहसास है। मैं 18 साल की हूं और टीम में कई सीनियर खिलाड़ी हैं। मैंने उनसे मानसिक रूप से बहुत कुछ सीखा है। सीनियर खिलाड़ियों का रवैया यह है कि वे 100 रन पर आउट हों या शून्य पर, उनका मानसिक संतुलन एक जैसा रहता है। मैंने उनसे यही सीखा है। भारत के लिए अपना पहला बड़ा टूर्नामेंट खेल रहीं मध्यम गति की गेंदबाज नंदनी शर्मा ने कहा कि टीम का आत्मविश्वास काफी ऊंचा है और उन्होंने क्रांति गौड़ के साथ अपनी गेंदबाजी साझेदारी की योजना के लिए टीम के साथियों और सहयोगी स्टाफ को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, भारत के लिए यह मेरा पहला बड़ा टूर्नामेंट है, इसलिए बहुत अच्छा लग रहा है। इसका श्रेय मेरी टीम की साथियों और सहयोगी स्टाफ को जाता है। उन्होंने स्पष्ट योजनाएं बनाई थीं। सभी का आत्मविश्वास काफी ऊंचा है।

### अगर मैं नतीजों पर गौर करूं तो हर चीज पर प्रतिक्रिया देना शुरू कर दूंगा : वरुण चक्रवर्ती

नयी दिल्ली। भारत के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी प्रक्रिया को सर्वोपरि रखते हुए परिणामों पर प्रतिक्रिया न करने की कला सीख ली है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुके इस 35 वर्षीय स्पिनर का टी20 विश्व कप में प्रदर्शन अपेक्षित नहीं रहा, हालांकि भारत ने खिताब जीता था। आईपीएल और इंग्लैंड में खेली गई टी20 सीरीज में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा।

## नीशू ने ट्रायल जीता, फाइनल में अंतिम पंघाल से होगी भिड़ंत



नयी दिल्ली। प्रतिभाशाली पहलवान नीशू ने सोमवार को यहां सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल में 53 किग्रा वर्ग में जीत हासिल कर एशियाई खेलों के लिए चुनी गई अंतिम

### काजल, नीलम और सिमरन भी जीतीं

पंघाल के खिलाफ फाइनल मुकाबला तय किया। नीशू ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में बेहद कड़े मुकाबले में थिश्का को हराकर 53 किग्रा वर्ग में जीत दर्ज की। नीशू और अंतिम पंघाल के बीच होने वाला फाइनल ट्रायल यह तय करेगा कि 24 अक्टूबर से एक नवंबर तक कजाखस्तान के अस्ताना में होने वाली सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में 53 किग्रा वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कौन करेगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की चयन नीति के तहत सोमवार के ट्रायल में जीतने वाले पहलवानों को एशियाई खेलों के लिए चुने गए पहलवानों को सीनियर विश्व चैंपियनशिप में जगह बनाने के लिए अंतिम ट्रायल में चुनौती देने का मौका मिलेगा। यह अंतिम ट्रायल बाद में आयोजित किया जाएगा। चार गैर-ओलंपिक भार वर्गों के ट्रायल भी बाद में आयोजित किए जाएंगे। दो बार की अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 76 किग्रा वर्ग के फाइनल में शिक्षा को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

## हॉकी एशिया कप जीत पर महिला टीम को दी बधाई : राष्ट्रपति



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीम को एएचएफ जूनियर एशिया कप में शानदार जीत के लिए बधाई दी और कहा कि खिलाड़ियों के समर्पण, अनुशासन और टीम भावना ने देश को गौरवान्वित किया है।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह देखकर खुशी होती है कि युवा खिलाड़ी उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सकारात्मक ऊर्जा का उपयोग करने की प्रेरणादायक मिसाल कायम कर रहे हैं। मैं सभी युवा खिलाड़ियों को भविष्य में निरंतर सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं देती हूं। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने रविवार को चीन को कड़े मुकाबले में 1-0 से हराकर एएचएफ जूनियर एशिया कप का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ टीम ने जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। राष्ट्रपति ने कहा, एशिया कप में शानदार जीत हासिल करने वाली हमारी जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीम को हार्दिक बधाई।

उनके समर्पण, अनुशासन और टीम भावना ने देश को अपार गौरव दिलाया है। भारत ने रविवार को चीन के मोकी में खेले गए फाइनल में कोरिया को 4-1 से हराकर पुरुष जूनियर एशिया कप का खिताब बरकरार रखा। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने विश्व कप में भी अपनी जगह पक्की कर ली।

### अमित शाह ने एशिया कप जीतने वाली भारतीय टीम को बधाई दी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को एशिया कप जीतने वाली भारतीय जूनियर महिला और पुरुष हॉकी टीमों को बधाई दी। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय हॉकी के ताज में एक और नगीना जुड़ गयाउ एशिया कप जीतने और पूरे देश को गर्व एवं खुशी का अवसर देने के लिए हमारी जूनियर महिला हॉकी टीम को हार्दिक बधाई। शाह ने कहा कि उनकी जीत और खेल कौशल के शानदार प्रदर्शन से प्रेरित होकर और अधिक उभरते हुए खिलाड़ी भारत के चैंपियनों की सूची में शामिल होने के लिए आगे आएंगे।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर जलायें आशीर्वाद का दीया

## भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने लोगों से अपील, देशसेवा प्रधानमंत्री का मूल ध्येय

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने सोमवार को लोगों से अपील की कि वे 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर अपने घरों में आशीर्वाद का दीया जलाएं और उनके लंबे एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करें। भाजपा ने मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाने की घोषणा की है जिसके तहत जनभागीदारी, कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने और युवाओं की भागीदारी पर केंद्रित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



पार्टी मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाएगी और इस अवसर पर देशभर में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर आयोजित करने की योजना है। नवीन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में कहा कि जनसेवा से देशसेवा प्रधानमंत्री मोदी के जीवन का मूल ध्येय रहा है और उनके नेतृत्व में भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शाम छह बजे से सात बजे के बीच अपने-अपने घरों में आशीर्वाद का दीया जलाने की अपील की। नवीन ने कहा, मैं आशीर्वाद का दीया जलाऊंगा तथा अपने देशवासियों से भी अपील करता हूं कि आप भी आशीर्वाद का दीया जलाएं और हमारे प्रधानमंत्री की दीर्घायु एवं उनकी निरंतर सफलता के लिए प्रार्थना करें। उन्होंने कहा कि देश का नेतृत्व संभालने के बाद मोदी ने बेहद कठिन परिस्थितियों का सामना किया और नयी नीतियां बनाईं, नए कार्यक्रम शुरू किए तथा कई ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिनसे आम लोगों के जीवन में बदलाव आया। नवीन ने कोविड महामारी के दौरान मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने लोगों में यह विश्वास पैदा किया कि देश आगे बढ़ सकता है और चुनौतियों को अवसरों में बदल सकता है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान भारत के टीकाकरण अभियान ने दुनिया को यह संदेश दिया कि देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

नवीन ने युवाओं और महिलाओं के लिए शुरू की गई पहलों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि स्टार्टअप से जुड़ी पहलों के माध्यम से देश के युवाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने के प्रयास किए गए तथा स्वच्छता, शौचालय संबंधी योजनाओं और लखपति दीदी पहल के जरिये महिलाओं की गरिमा सुनिश्चित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया गया। उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि प्रधानमंत्री के सफल नेतृत्व में इस देश की महिलाओं को उनके अधिकार मिलेंगे और वे इसी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती रहेंगी। नवीन ने देश से नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने का श्रेय भी मोदी को देते हुए कहा कि इसकी जड़ें 200 से अधिक जिलों तक फैल गई थीं। उन्होंने कहा, आज 2026 में जब हम यहां खड़े हैं तो भारत नक्सलवाद से मुक्त हो गया है।

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बाद कुछ विदेशी पत्रकारों ने ताजमहल का दीदार किया, एक समूह मुंबई गया




नयी दिल्ली। दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की एक बड़े टेलीविजन नेटवर्क के लिए दो दिन तक व्यापक कवरेज करने के बाद इस्तांबुल के पत्रकार दंपति यूनुस और फुल्या सोनार की इच्छा अब ताजमहल का दीदार करने की है। दंपति सोमवार को आगरा स्थित इस स्थापत्य कला के अद्भुत नमूने को देखने के बाद तुर्किये लौटना चाहता है। वेनेजुएला के टेलीसुर टेलीविजन नेटवर्क के लिए काम करने वाले यूनुस ने बताया कि यह पहली बार है जब उनकी पत्नी तुर्किये के पूर्व में स्थित किसी देश की यात्रा पर आई हैं। शिखर सम्मेलन की कवरेज के दौरान ही उन्होंने इस प्रसिद्ध जगह को देखने की इच्छा जताई थी।

उन्होंने रविवार को भारत मंडपम परिसर में बने अंतरराष्ट्रीय मीडिया केंद्र में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हम काम के सिलसिले में भारत आए थे। अब दिल्ली में शिखर सम्मेलन खत्म हो चुका है और हमारे पास सोमवार का एक और दिन बचा है। उनकी इच्छा है कि हम मशहूर स्मारक ताजमहल देखने जाएं। राजनीति विज्ञान के विद्यार्थी रहे सोनार दंपति ने शिखर सम्मेलन की कवरेज के दौरान कई भारतीय पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मीडियाकर्मियों को परोसे गए भारतीय भोजन के बारे में भी जानने में रुचि दिखाई। फुल्या ने रविवार शाम कहा, शिखर सम्मेलन के बाद हमें केवल एक दिन की छुट्टी मिल रही है। इसलिए, तय हो गया है कि हम ताजमहल जाएंगे। सफेद संगमरमर से बना 17वीं सदी का अद्भुत स्मारक ताजमहल दुनिया के सात अजूबों में शामिल है। मुगल सम्राट शाहजहां ने अपनी पत्नी मुमताज महल की याद में इसे बनवाया था जो 22 वर्षों में बनकर तैयार हुआ था। यह भारत के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक और यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन) की विश्व धरोहर स्थल में शामिल है। भारत की अध्यक्षता में 12 और 13 सितंबर को हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की कवरेज के लिए सदस्य और साझेदार देशों के सैकड़ों विदेशी पत्रकार राष्ट्रीय राजधानी पहुंचे थे।

**संक्षेप**

## दक्षिण अफ्रीका में वाहनों की टक्कर, 21 की मौत

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के एक प्रमुख राजमार्ग पर दो मिनीबस टैक्सी की भिड़ंत और इसके बाद एक अन्य वाहन के उनसे टकरा जाने के कारण कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई तथा कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सड़क यातायात प्रबंधन निगम ने बताया कि रविवार रात वेस्टर्न केप प्रांत में यह हादसा केपटाउन से करीब 380 किलोमीटर पूर्व में प्रिंस अल्बर्ट और लीयू-गामका कस्बों के बीच हुआ। एजेंसी ने कहा कि आपात सेवाएं और वेस्टर्न केप के प्राधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण कर रहे हैं तथा मृतकों की संख्या में बदलाव हो सकता है। मिनीबस टैक्सी दक्षिण अफ्रीका में लाखों लोगों के लिए सार्वजनिक परिवहन का प्रमुख साधन हैं और ये अक्सर जानलेवा सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होती हैं। जनवरी में मिनीबस टैक्सी से जुड़ी दो दुर्घटनाओं में 14 बच्चों समेत कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि रविवार रात हुए हादसे में घायल तीन लोगों को अस्पताल ले जाया गया लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वेस्टर्न केप मोबिलिटी विभाग के अनुसार, प्राधिकारियों का मानना है कि पहले दो मिनीबस टैक्सी की आमने-सामने की टक्कर हुई और इसके बाद एक एसयूवी उनसे टकरा गई।

# अमित शाह ने लालबागचा राजा का लिया आशीर्वाद



एजेंसी

मुंबई। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को प्रसिद्ध लालबागचा राजा गणपति मंडल का दौरा किया और भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। शाह अपनी पत्नी और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष बेटे जय शाह के साथ मंडल पहुंचे। शाह हर साल लालबागचा राजा गणपति मंडल में दर्शन करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने गणेशोत्सव के अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र

**मुख्यमंत्री के घर और शेलार के मंडल भी गए**

फडणवीस के आधिकारिक आवास वर्षा का भी दौरा किया। शाह ने बांद्रा पश्चिम स्थित वांद्रे पश्चिम सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडल में भी दर्शन किए।

# टेम्स नदी के तट पर पहली बार हुई गंगा आरती

एजेंसी



लंदन। लंदन में टेम्स नदी के तट पर रविवार को पहली बार गंगा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। टेम्स तट पर गंगा आरती : प्रकाश उत्सव नाम से आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन चिन्मय मिशन यूके ने टोटली टेम्स के वार्षिक उत्सव के सहयोग से किया।

यह आयोजन चिन्मय मिशन की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दुनियाभर में हो रहे कार्यक्रमों का हिस्सा था। भारत में गंगा के तट पर होने वाली प्रसिद्ध आरती की परंपरा से प्रेरित इस आयोजन की परिकल्पना प्रकृति, ज्ञान और चेतना के जीवनदायी प्रवाह के प्रतीक के रूप में की गई थी।

चिन्मय मिशन यूके की शिक्षिका ब्रह्मचारिणी श्रीप्रिया चैतन्य ने कहा, पीढ़ियों से श्रद्धालु गंगा के तट पर दीप प्रज्वलित कर मां गंगा की आराधना करते और प्रकृति एवं जीवन को संवारने वाली दिव्य शक्तियों के प्रति श्रद्धा एवं कृतज्ञता दर्शाते आए हैं। उन्होंने कहा, टेम्स नदी के तट पर गंगा आरती भी इसी भावना को आगे बढ़ाती है और कृतज्ञता, आशा तथा एकता के साझा भाव में लोगों को एक साथ लाती है।

चैतन्य ने बताया कि चिन्मय मिशन के लिए गंगा ज्ञान के प्रवाह का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा, हमारे संस्थापक स्वामी चिन्मयानंद ने अपना जीवन वेदांत के शाश्वत ज्ञान और आध्यात्मिक संदेश को हिमालय की पवित्र भूमि से जन-जन तक पहुंचाने और उसे उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए समर्पित कर दिया।

# सऊदी अरब में घायल भारतीय नागरिकों के संपर्क में वाणिज्य दूतावास, हर संभव मदद का आश्वासन


एजेंसी

जेद्दा। जेद्दा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने जाजान में हाल में हुई घटनाओं में घायल होने के बाद एक अस्पताल में इलाज करा रहे भारतीय नागरिकों को पूर्ण सहयोग और सहायता का सोमवार को आश्वासन दिया।

वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह अस्पताल प्रशासन, प्रभावित भारतीय नागरिकों और उनके परिवार के सदस्यों के लगातार संपर्क में है। वाणिज्य दूतावास ने कहा कि महावाणिज्यदूत फहद सूरी ने जाजान में हाल की घटनाओं में घायल हुए और जेद्दा के डॉ. सुलेमान फकीह अस्पताल में इलाज करा रहे भारतीय नागरिकों से मुलाकात की। वाणिज्य दूतावास ने घायल भारतीय नागरिकों की संख्या का उल्लेख किए बिना कहा, महावाणिज्यदूत ने उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली, मरीजों से बातचीत की और उन्हें वाणिज्य दूतावास की ओर से पूर्ण सहयोग और सहायता का आश्वासन दिया।

# पीएम कहते हैं सब चंगा सी, असल में सब महंगा सी

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई को लेकर सोमवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि वह सब चंगा सी कहते आ रहे हैं, लेकिन असल में सब महंगा सी है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, लगातार चार महीने से डब्ल्यूपीआई महंगाई करीब 10 प्रतिशत के आसपास बनी हुई है। उन्होंने दावा किया कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से करोड़ों परिवारों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस नेता ने सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि महंगाई को समायोजित करने के बाद मजदूरी में भी लगातार गिरावट आई है और अप्रैल से इसमें 5.7 प्रतिशत की कमी हुई है। उन्होंने दावा किया कि ग्रामीण भारत में स्थिति और गंभीर है, जहां वास्तविक मजदूरी में नौ प्रतिशत की बड़ी गिरावट आई है।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण मजदूरी में नाममात्र के स्तर पर भी गिरावट दर्ज की गई है। नाममात्र स्तर (नॉमिनल टर्म्स) का अर्थ है बिना महंगाई को जोड़े, हाथ में मिलने वाली सीधी नकदी। रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए कहा, प्रधानमंत्री कहते रहते हैं कि सब चंगा सी, लेकिन असल में सब महंगा सी है।

## भाजपा विधायक पराग शाह ने मांगी भीख

मुंबई। महाराष्ट्र के सबसे अमीर विधायकों में शामिल भाजपा नेता पराग शाह ने हाल में अपनी सुरक्षा व्यवस्था, गाड़ियां और महंगी चीजें छोड़कर एक भिखारी का वेश धारण किया और मुंबई के घाटकोपर की सड़कों पर एक दिन लोगों से भीख मांगते हुए बिताया, जिससे उन्हें जिंदगी की हकीकत को करीब से देखने का मौका मिला। घाटकोपर (पूर्व) से विधायक शाह का भिखारी के वेश में एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। शुरुआत में उनका यह अजीबोगरीब रूप देखकर लोग दंग रह गए, लेकिन बाद में उनके ऐसा करने की वजह सामने आई।

# बिहार में आयोजित होगा हिन्दी साहित्य समागम

एजेंसी



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि हिन्दी के साहित्यिक और सांस्कृतिक विस्तार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य में दो दिवसीय हिन्दी साहित्य समागम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के प्रमुख साहित्यकारों, रचनाकारों, कवियों और विद्वानों को आमंत्रित किया जाएगा।

नेहरू पथ स्थित बिहार राज्य अभिलेख भवन के सभागार में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग द्वारा आयोजित हिन्दी दिवस समारोह-सह-कवि सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आयोजन की तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, चौधरी ने कहा कि हिन्दी दिवस हमें अपनी भाषा के प्रति गौरव और जिम्मेदारी दोनों का बोध कराता है। उन्होंने कहा कि हिन्दी को केवल सरकारी कार्यक्रमों या एक दिवस तक सीमित रखने के बजाय दैनिक जीवन, व्यवहार और कार्यक्षेत्र में

**देशभर के साहित्यकार होंगे आमंत्रित: मुख्यमंत्री चौधरी**

अधिक से अधिक प्रयोग किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाषा तभी सशक्त होती है, जब समाज का हर वर्ग उसका सहज रूप से उपयोग करे। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारत की पहचान, संस्कृति, सभ्यता और समृद्ध साहित्यिक परंपरा की अभिव्यक्ति है।

**इंटरटेनमेंट...**

# 'रामायण' का पहला गाना 'जय जय राम' रिलीज



**मुंबई।** 'रामायण' का पहला गाना 'जय जय राम' गणेश चतुर्थी के मौके पर रिलीज किया गया। अपकमिंग फिल्म 'रामायण' का पहला गाना 'जय जय राम' रिलीज हो गया है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही यह फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। गाने को श्रेया घोषाल और अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज दी है। इसके म्यूजिक को ए.आर. रहमान ने कंपोज, प्रोड्यूस और अरेंज किया है। गाने के लिरिक्स डॉ.

**भगवान राम-सीता के विवाह की झलक दिखी श्रेया घोषाल-अरिजीत सिंह ने आवाज दी**

कुमार विश्वास ने लिखे हैं। इस फिल्म के म्यूजिक पर ए.आर. रहमान के साथ हॉलीवुड के म्यूजिक कंपोजर हंस जिमर भी काम कर रहे हैं। 'जय जय राम' के विजुअल्स में सिया-राम के दिव्य संबंध को दिखाया गया है। गाने में भगवान राम और सीता के भव्य विवाह को भी दशार्या गया है। गाने में भक्ति और आध्यात्मिक भाव को प्रमुखता दी गई है। गाने में 'जय जय राम' का बार-बार दोहराव किया गया है, जो इसे मंत्र की तरह प्रस्तुत करता है। लिरिक्स में भगवान राम के प्रति भक्त की आस्था, भरोसे और उनकी शरण में जाने की भावना व्यक्त की गई है। गाने की एक पंक्ति 'जगत के अंधियारे, हमको घेरे सारे' जीवन के अंधकार के बीच रोशनी की तलाश को दशार्ती है। गाने में 'अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम' जैसे पारंपरिक श्लोक का भी इस्तेमाल किया गया है। इससे रामायण की ऐतिहासिक और धार्मिक पृष्ठभूमि को आधुनिक संगीत से जोड़ा गया है। बता दें कि नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' के पहले पार्ट का ट्रेलर 30 जुलाई को सुबह 4:15 बजे, ब्रह्म मुहूर्त के शुभ अवसर पर दुनिया भर में लॉन्च किया था। 'रामायण' के ट्रेलर को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम समेत कई भाषाओं में एक साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया गया था।

# बिग बॉस-20 शो में मैरी कॉम के कमेंट से विवाद

**मुंबई।** 5 बार वर्ल्ड चैंपियन रह चुकीं मैरी कॉम के बिग बॉस 20 में दिए गए एक कमेंट पर विवाद हो गया। शो के हालिया एपिसोड में मैरी कॉम ने सानिया मिर्जा और साइना नेहवाल जैसी पॉपुलर स्पोर्ट्स पर्सन से तुलना की और कहा कि उन जितना किसी महिला ने कभी देश के लिए नहीं किया। विवाद बढ़ा तो अब मैरी कॉम की टीम ने माफी मांगी है। दरअसल, एक एपिसोड में मैरी कॉम, को कंटेस्टेंट काजी तौकीर से बात करती दिखी। काजी ने उनसे पूछा कि वह जितनी बड़ी प्लेयर हैं क्या कोई दूसरी भी प्लेयर है। काजी ने साइना नेहवाल, सानिया मिर्जा, पी.टी.ऊषा का भी जिक्र किया, लेकिन तब मैरी कॉम लगातार खुद की बढ़ाई करती रहीं। कुछ देर बाद उन्होंने कहा, लेकिन मेरे जैसा किसी ने कुछ हासिल नहीं किया। इस पर काजी ने उनके साथ मस्ती की और उन्हें खड़े होकर सैल्यूट किया। एपिसोड ऑनएयर होने के बाद मैरी कॉम के बयान की जमकर आलोचना होने लगी। किसी ने उन्हें डैल्यूजनल कहा, तो कोई उन्हें स्वाभिमानी कह रहा है। विवाद बढ़ने पर उनकी टीम ने आधिकारिक बयान जारी कर माफी मांगा और लिखा- ह्यअगर मैरी के शब्दों को गलत समझा गया हो तो हम माफी मांगते हैं। किसी अन्य एथलीट की यात्रा को कमतर आंकने या उससे तुलना करने का हमारा कभी कोई इरादा नहीं था।

**सानिया मिर्जा, साइना नेहवाल से अपनी तुलना कर खुद को बेहतर बताया, टीम को मांगनी पड़ी माफी**

# शिल्पा के घर गणपति बप्पा का आगमन



**मुंबई।** बॉलीवुड सेलेब्स गणेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाते हैं। एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के घर आज गणपति बप्पा का आगमन हुआ। एक्ट्रेस ने पति राज कुंद्रा के साथ बप्पा की आरती की। शिल्पा शेट्टी हर साल गणपति उत्सव धूमधाम से मनाती हैं। इस बार भी उन्होंने इको-फ्रेंडली गणपति की मूर्ति घर लाई। एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे भारी बारिश के बीच गणपति की मूर्ति लेने पहुंचीं। इस दौरान

**पति राज के साथ की आरती, भारी बारिश के बीच बप्पा को लेने पहुंची अंकिता लोखंडे**

वह पारंपरिक लुक में नजर आईं। अंकिता लोखंडे भारी बारिश के बीच छाते के नीचे कार से बाहर निकलती नजर आईं। गौरतलब है कि सलमान खान समेत कई सेलेब्स के यहां गणपति बप्पा की स्थापना हर साल की जाती है।

# सोनू सूद के घर विराजे गणपति बप्पा



**मुंबई।** गणेश चतुर्थी 2026 के मौके पर एक्टर सोनू सूद के घर भी गणपति बप्पा विराजे। सोनू ने गणेशोत्सव की तैयारियों से लेकर बप्पा से अपनी दुआ और फिल्मों में धार्मिक कहानियों पर खुलकर बात की। सोनू ने बताया कि घर में गणेशोत्सव की पूरी जिम्मेदारी उनकी पत्नी सोनाली संभालती हैं।

उन्होंने कहा कि थीम चुनने से लेकर सजावट को कोऑर्डिनेट करने तक का काम सोनाली ही करती हैं। सोनू के मुताबिक, वह कई सालों से यह जिम्मेदारी बहुत अच्छे से निभा रही हैं। सोनू ने कहा कि बप्पा के आने के साथ ही घर में खुशियों की लहर शुरू हो जाती है। उनके मुताबिक, बप्पा से कुछ मांगने की जरूरत नहीं

**भगवान से मांगा वरदान, दुनिया में शांति हो और लोगों के दुख दूर हों**

पड़ती। वह हमेशा यही दुआ करते हैं कि बप्पा जिंदगी में सब ठीक रखें, लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाएं और आगे का रास्ता दिखाते रहें।

सोनू ने कहा कि वह हमेशा यही चाहते हैं कि बप्पा उनका हाथ थामे रखें। उन्होंने कहा, 'आपने हाथ थामा है, यहां तक लेकर आए हैं, हमेशा हाथ ऐसे ही थामे रखें।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com